सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 15 अगस्त, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 39, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 707 अरब डॉलर

देश का विदेशी मुद्रा भंडार समाप्त सप्ताह में 14.14 अरब डॉलर बढ़कर 707 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई ने यह जानकारी दी। } 12

सशस्त्र बलों के खिलाड़ी, सैनिक और चैंपियन का मेल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल में संपन्न ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाले सशस्त्र बलों के खिलाड़ियों की सराहना की और कहा कि ये खिलाड़ी सैनिक और चैंपियन का बेहतरीन मेल हैं। } 12

स्वतंत्रता दिवस की बधाई



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अमर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों और वीर जवानों को नमन करते हुए कहा कि उनके त्याग, तपस्या और बलिदान का स्मरण करना प्रत्येक नागरिक का परम कर्तव्य है। स्वतंत्रता दिवस हमें राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सम्प्रभुता की रक्षा के साथ विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को दोहराने की प्रेरणा देता है।

विराज सागर दास ने दी स्वतंत्रता दिवस की बधाई

बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष व यूपी ओलंपिक संघ के अध्यक्ष, डॉ. अखिलेश दास फाउंडेशन के अध्यक्ष, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने आजादी के अमृत वर्ष पर बधाई देते हुए कहा कि भारत मां का सम्मान ही हर भारतीय का अभिमान है। स्वतंत्रता संग्राम में असंख्य शहीदों ने सर्वस्व न्योछावर कर भारत मां को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराया।

अवकाश की सूचना

स्वतंत्रता दिवस पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापनदाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

15 अगस्त, शनिवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 17 अगस्त, सोमवार को प्रकाशित होगा।

–सम्पादक

देश की तरक्की में हर भारतीय दे योगदान

स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र को किया संबोधित

एजेंसी

नई दिल्ली। 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधित किया। उन्होंने देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने कहा कि कुछ ही घंटों बाद भारत की आजादी के 80वें साल की शुरूआत होने जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक विकसित देश बनने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रपति ने हर नागरिक से देश के लिए जागरूक रहने और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की। अपने भाषण में उन्होंने देश की तरक्की, संविधान, विदेश नीति, सरदार पटेल, सिंधु जल संधि और सरकार की कई योजनाओं के बारे में बात की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले भारतीय स्वतंत्रता दिवस का त्योहार खुशी के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि हर भारतीय को अपने सपनों को पूरा करने के साथ देश सर्वश्रेष्ठ बनाने में भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए। देश की तरक्की में योगदान देना ही आजादी की असली कीमत है। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों, मजदूरों और किसानों की मेहनत की तारीफ की। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी लोग अपने-अपने काम से देश को आगे बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हमारा संविधान जनता की भागीदारी पर आधारित है। देश के लोग इस भावना को लगातार आगे ...शेष पृष्ठ 12 पर

विभाजन मानव इतिहास का सबसे काला अध्याय : योगी

लाखों परिवारों ने झेली विस्थापन और हिंसा की पीड़ा, विभाजन की त्रासदी से सबक लेकर मजबूत भारत के निर्माण का लें संकल्प

विशेष संवाददाता

लखनऊ। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1947 में देश के विभाजन की त्रासदी को मानवता के इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक बताया। आज पूरा देश उस भीषण त्रासदी की स्मृतियों से जुड़ रहा है, जब करोड़ों हिंदुओं को अपनी ही मातृभूमि और जन्मभूमि से विस्थापित होना पड़ा। उन्होंने कहा कि विभाजन केवल जमीन का बंटवारा नहीं था, बल्कि लाखों परिवारों के विस्थापन, हिंसा और पीड़ा का इतिहास है। इस त्रासदी से सबक लेते हुए प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और मजबूत भारत के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। सत्ता प्राप्ति की लिप्सा में एक सनातन राष्ट्र को विभाजन की ओर धकेलकर उसके टुकड़े कर दिए गए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को लखनऊ स्थित लोकभवन में आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति ...शेष पृष्ठ 12 पर

अपराध के खिलाफ जारी रहेगी जीरो टॉलरेंस नीति

लखनऊ। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी पुलिस के गीत 'खाकी का सितारा' के लॉन्चिंग हेतु आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में 'पद्म श्री' से सम्मानित प्रख्यात अभिनेता श्री नाना पाटेकर, अपने स्वर के माध्यम से इस गीत को एक नई ऊंचाई प्रदान करने वाले, 'पद्म श्री' से सम्मानित प्रख्यात गायक व संगीतकार श्री शंकर महादेवन, प्रतिष्ठित गीतकार श्री आलोक श्रीवास्तव और पूरी टीम का मुख्यमंत्री ने हृदय से अभिनंदन किया। इस अवसर पर ...शेष पृष्ठ 12 पर

राम द्रोहियों से अंतिम दम तक निपटेंगे : मुख्यमंत्री

सीएम ने कहा कि जब चंदा चोरी की घटना सामने आई थी, हम लोगों को भी कष्ट हुआ था। इस पर कार्रवाई भी हुई। हालांकि, राम द्रोही अयोध्या धाम, श्रीराम जन्मभूमि, सनातन धर्म को अपमानित करने के साथ देश के अंदर माहौल खराब करने में जुट गए। हम सबको इसके प्रति सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि ये लड़ाई एक लंबी चलने वाली लड़ाई है। ऐसा नहीं है कि सत्ता के मद में हम लोग मौन हो जाएंगे। जो राम द्रोही होगा, उससे अंतिम दम तक निपटेंगे और पूरी ताकत से उसका मुकाबला भी करेंगे। तभी पूज्य परमहंस रामचंद्र दास जी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर ...शेष पृष्ठ 12 पर

स्वतंत्रता के समय मोदी प्रधानमंत्री होते तो बच जाती लाखों हिन्दुओं की जान

अयोध्या। सीएम योगी ने कहा कि 1947 में कांग्रेस एक बार अड़ गई होती तो देश का विभाजन नहीं होता। वहीं, यदि उस समय कोई नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री होता तो लाखों हिंदुओं का कत्लेआम नहीं होता। उन्होंने सपा सरकार में हिंदुओं के हत्यारों को मिली राहत और श्रीराम जन्मभूमि के खिलाफ की गई पैरवी का भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामद्रोहियों से अंतिम दम तक निपटेंगे। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन में परमहंस रामचंद्र दास महाराज के योगदान को याद किया।

परमहंस रामचंद्र दास जी महाराज की 23वीं पुण्यतिथि पर दिगंबर अखाड़े में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ...शेष पृष्ठ 12 पर

जनगणना 2027 के लिए 40 सवाल जारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने जनगणना के दौरान लोगों की गिनती के चरण में पूछे जाने वाले 40 सवालों को शुक्रवार को अधिसूचित किया है, जिनमें जाति और कोविड टीकाकरण का स्थान जैसे सवाल शामिल हैं। यह प्रक्रिया हिमपात वाले इलाकों में एक सितंबर से शुरू होगी।

भारत के महापंजीयक मृत्युंजय कुमार नारायण के आदेश में उन सवालों की जानकारी दी गई है, जैसे कि क्या व्यक्ति अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से है और उसकी जाति क्या है। इस महीने की शुरुआत में जारी एक राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के हिमपात वाले इलाकों में लोगों की गिनती एक से 30 सितंबर के बीच होगी।

आदेश में कहा गया है, इस जनगणना को कराने के लिए, घर-घर जाकर लोगों की गिनती शुरू होने से ठीक पहले, 17 से 31 अगस्त तक खुद से जानकारी भरने (सेल्फ-एन्यूमरेशन) का विकल्प भी होगा। देश के बाकी हिस्सों में लोगों की गिनती अगले साल शुरू होगी। पहली बार ऐसा होगा कि जनगणना में जाति का ब्योरा भी लिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, प्रश्नावली में जातियों की कोई सूची होने की संभावना नहीं है और जवाब देने वालों से मिली जानकारी को ...शेष पृष्ठ 12 पर

पनीर में मिलावट को लेकर सरकार का बड़ा एक्शन, 25 ठिकानों पर छापा

विशेष संवाददाता

- गाजियाबाद, मथुरा और सहारनपुर में 24 टीमों का छापा
- 7,686 किलो खाद्य सामग्री की नष्ट, छह मामलों में एफआईआर

लखनऊ। आम लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार ने मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों, विशेष रूप से पनीर की गुणवत्ता को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने गाजियाबाद, मथुरा और सहारनपुर में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया।

अभियान के दौरान 25 विनिर्माण इकाइयों पर कार्रवाई की गई, जबकि तीन इकाइयां नॉन-ऑपरेशनल मिलीं। खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायतों और प्राप्त अभिसूचना के आधार पर आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश ने अभियान के लिए 24 विशेष प्रवर्तन टीमों का गठन किया था। इन टीमों ने संबंधित जिलों में दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों का निर्माण करने वाली प्रमुख इकाइयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ इकाइयों में पनीर निर्माण में औद्योगिक प्रयोगार्थ रसायनों तथा पामोलिन ऑयल/रिफाइंड वेजिटेबल ऑयल के इस्तेमाल की बात सामने ...शेष पृष्ठ 12 पर



अयोध्या में आज से शुरू होगा सावन झूला मेला

- अयोध्या के 5000 से अधिक मंदिरों में सजेगा झूलोत्सव

विशेष संवाददाता (vol)

अयोध्या। रामनगरी में श्रद्धालुओं का महाकुंभ माना जाने वाला सावन झूला मेला शनिवार से शुरू हो रहा है।15 से 28 अगस्त तक चलने वाले इस मेले का पहला दिन मणिपर्वत पर मनाया जाएगा।मणिपर्वत पर भगवान राम-सीता का झूला विहार होगा। अयोध्याधाम के विभिन्न मंदिरों से 11 झांकियां निकलकर मणिपर्वत पहुंचेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खास निर्देश पर प्रशासन और पुलिस ने मेले की तैयारियों को अंतिम रूप भी दे दिया है।

मणिपर्वत मेले को एक जोन और पांच सेक्टर में विभाजित किया गया है। पूरे मेला क्षेत्र को छह जोन और 29 सेक्टर में बांटा गया है।पुलिस बल की ड्यूटी दो पालियों में लगाई जाएगी। मेला ड्यूटी कार्यालय का गठन सिंचाई डाक बंगला, नयाघाट अयोध्या में किया गया है। एसपी सिटी अयोध्या चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि मेले के दौरान पुलिस बल की मांग के अनुरूप तैनाती की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक से लेकर कांस्टेबल तक और महिला बल समेत पर्याप्त स्टाफ लगाया गया है। पीएसी, आरएएफ, एटीएस कमांडो और एसडीआरएफ टीमें भी उपलब्ध रहेंगी।ड्रोन कैमरे की व्यवस्था की गई है।

राम मंदिर के अनुष्ठान प्रभारी एवं महोत्सव के व्यवस्थापक आचार्य इंद्रदेव मिश्र ने बताया कि अयोध्या की परम्परा में मणिपर्वत के बजाय सुरक्षा कारणों से भगवान झूला बिहारी को पहली बार कुबेर नवरत्न टीला पर ले जाकर झूलन विहार कराया जाएगा।

बताया गया कि यहां पेड़ की डाल पर पहली बार झूला पड़ेगा।झूला तैयार करा लिया गया है। आम श्रद्धालु भी भगवान को झूला झुला सकेंगे। सावन शुक्ल तृतीया से अयोध्या में सावन झूला मेला का शुभारम्भ होता है।इस पर्व पर यहां के प्रतिनिधि मंदिरों से भगवान की शोभायात्रा निकाली जाती है, जो मणिपर्वत पर पहुंच कर उत्सव में परिणित हो जाती है।इस मौके पर लाखों श्रद्धालु युगल बिहारी सरकार का दर्शन कर अपने नेत्रों को धन्य करते हैं। धर्मनगरी में तो वैसे 5000 से अधिक छोटे-बड़े मंदिर हैं लेकिन प्रमुख रूप से श्री राम जन्मभूमि, कनक भवन, राजा दशरथ जी के महल, अशर्फी भवन, राम वल्लभा कुंज, दिव्या कला कुंज, विअहुति भवन,जानकी महल, राज सदन, रूप कला कुंज, मणिराम दास जी की छावनी जैसे प्रमुख मंदिरों में इस उत्सव की आभा देखते ही बनेगी।

प्रशासन का कहना है कि मेले के दौरान यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और आपात सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

प्रदेश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : योगी

- सीएम योगी ने किया यूपी टी-20 लीग का शुभारम्भ

लखनऊ। सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी गीत की गूंज के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार की शाम उत्तर प्रदेश टी 20 लीग का भव्य उद्घाटन किया। अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में लीग की शुरूआत हुई। रंगारंग कार्यक्रम में आतिशबाजी और लेजर शो का नजारा भी नजर आया। मुख्यमंत्री ने तिरंगा लहराया और दोनों टीम के कप्तानों के बीच में टॉस भी कराया।इस दौरान जैकलिन सैंडलिस और शंकर महादेवन और उनके बेटों ने शानदार संगीत में प्रस्तुति की। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, इसलिए एक टीम की जगह यूपी की कई टीमें मैदान में उतरनी चाहिए। इसी सोच के साथ इस बार लीग में उत्तर प्रदेश की 6 टीमें भाग ले रही हैं।

उद्घाटन समारोह को यादगार बनाने के लिए मशहूर गायक शंकर महादेवन ने अपने गीतों से माहौल देशभक्ति से भर दिया। सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी सहित उनके देशभक्ति गीतों पर पूरा स्टेडियम एक साथ झूम उठा। सीएम योगी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर टी-20 का शुभारंभ शंकर महादेवन के गीतों के साथ होना प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा है।

इस अवसर पर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और यूपी के स्टार क्रिकेटर सुरेश रैना के साथ-साथ टीम इंडिया के टी-20 विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा भी मौजूद रहे। दोनों खिलाड़ियों की मौजूदगी ने युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फिट युवा ही फिट इंडिया मंत्र उत्तर प्रदेश में जमीन पर उतर रहा है। इन मैचों की वजह से हमारे स्टेडियम तैयार होते हैं, स्टाफ को मजबूती मिलती है और युवाओं को फिट रहने के साथ मनोरंजन का एक बड़ा माध्यम मिलता है. यह सिर्फ क्रिकेट नहीं, यह प्रदेश के युवाओं के भविष्य को गढ़ने का ऐतिहासिक अवसर है।

बीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने बताया कि इस लीग के जरिए प्रतिभावान क्रिकेटरों को मंच मिलेगा।स्पीड हंट के जरिए भी बहुत सारे खिलाड़ी चुने गए हैं।उत्तर प्रदेश में टैलेंट भरपूर है और इसी टैलेंट को आगे लाने के लिए यह लीग शुरू की गई है।

332 नायब तहसीलदारों की पदोन्नति, बने तहसीलदार

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने राजस्व परिषद के नायब तहसीलदारों को तहसीलदार पद पर पदोन्नति दी है। चयन वर्ष 2026-27 के नियमित चयन के तहत कुल 332 नायब तहसीलदारों को तहसीलदार पद पर पदोन्नत किया गया है। परिषद की ओर से आदेश जारी किया गया है।पदोन्नति संबंधी निर्णय 6 और 7 अगस्त 2026 को हुई विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक की संस्तुति के आधार पर लिया गया है। पदोन्नत अधिकारियों को तहसीलदार पद का कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रखा गया है। आदेश में पदोन्नति के लिए निर्धारित शर्तों और शासनादेशों का पालन करने के निर्देश भी दिए गए हैं। पदोन्नति के बाद तहसीलदार पद पर वेतन मैट्रिक्स लेवल-10 लागू होगा। इसमें 56,100 से 1,77,500 रुपये तक का वेतनमान निर्धारित है।

तिरंगा लेकर निकले एकेटीयू के छात्र

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल प्राविधिक विश्वविद्यालय में शुक्रवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा परिसर से निकाली गयी। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में यात्रा का शुभारंभ मुख्य भवन से हुआ।इस दौरान करीब पांच सौ मीटर तिरंगा लंबे तिरंगा को लेकर छात्र एकेटीयू चौराहा, से होते हुए भवानी चौराहा, नीता बहादुर चौक से पुनः विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे। सैकड़ों की संख्या में यात्रा में शामिल छात्र देश भक्ति के नारे लगा रहे थे। साथ ही देशभक्ति गीतों से पूरा माहौल गुंजायमान रहा।

शुद्धिकरण के विरोध में कांग्रेसियों ने निकाला मार्च

लखनऊ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर शुद्धिकरण के विरोध में शुक्रवार को पूरे प्रदेश के सभी जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटियों द्वारा एक विशाल मार्च एवं सत्याग्रह का आयोजन किया गया। राजधानी लखनऊ में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, लखनऊ से शांतिपूर्ण मार्च का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूद्रदमन सिंह बबलू, शहर अध्यक्ष उत्तरी अमित श्रीवास्तव त्यागी एवं शहर अध्यक्ष दक्षिणी डा. शहजाद आलम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से मार्च निकलकर महात्मा गांधी की प्रतिमा जीपीओ की ओर कूच किया जहां रास्ते में लालबहादुर शास्त्री मार्ग के पहले भारी पुलिस बल द्वारा बैरीकेडिंग लगाकर कांग्रेसजनों को रोक लिया गया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दी बधाई

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस (15अगस्त) के पावन पर्व पर उप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि स्वतंत्रता दिवस के इस ऐतिहासिक अवसर पर हम सभी को उन ज्ञात-अज्ञात असंख्य अमर शहीदों को नमन करने और याद करने का दिन है, जिन्होने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इस अवसर पर हम सभी को देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को अक्षुण्ण बनाये रखने का संकल्प लेने की आवश्यकता है।

पंकज चौधरी व धर्मपाल ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि देश को अमर बलिदानियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व और कर्तव्यबोध है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रीय गौरव, उत्साह और एकता के साथ मनाएं तथा अमर बलिदानियों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करें।

उत्कृष्ट लेखन करने वाले सम्मानित

लखनऊ। योगी सरकार की उपलब्धियों और प्रदेश में आये बदलाव को युवा पीढ़ी के नजरिए से सामने लाने की तैयारी है। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की मासिक पत्रिका उत्तर प्रदेश संदेश को हिंदी के साथ अंग्रेजी में प्रकाशित करने और इसे युवाओं के अनुकूल ऑनलाइन उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह ने शुक्रवार को पत्रिका में उत्कृष्ट लेखन करने वाले लेखकों के सम्मान समारोह में इसकी जानकारी दी। प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर उल्लेखनीय लेखन के लिए लखनऊ के प्रद्युम्न तिवारी, पायल लक्ष्मी सोनी और हाथरस की डॉ. शिवानी कटारा, गोरखपुर की ऋचा सिंह, कृषि सेक्टर में सिद्धार्थनगर की यशोदा श्रीवास्तव, लखनऊ के सियाराम पांडेय शांत को सम्मानित किया गया। देवरिया के डॉ. सौरभ मालवीय, प्रयागराज के वीरेन्द्र पाठक , लखनऊ के रुद्रेश घिल्डियाल को सम्मानित किया गया। महाराजगंज के रवि प्रकाश, आगरा की डॉ. सोनाली को सम्मान प्रदान किया गया।

एनसीबी ने फरार ड्रग सरगना बसोया को किया गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

- मोदी सरकार विदेशों में छिपे ड्रग तस्करों को ढूंढ-ढूंढ कर वापस ला रही : अमित शाह

लखनऊ। नशीले पदार्थों के अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट के खिलाफ लड़ाई में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एससीबी) ने दिल्ली के सरोजिनी नगर इलाके के पिलंजी के रहने वाले और वांछित भगोड़े वीरेंद्र सिंह बसोया (उर्फ वीरू उर्फ बसोया) को भारत वापस लाने में सफलता प्राप्त की है। आज सुबह नई दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर पहुंचने पर उसे हिरासत में ले लिया गया।एनसीबी के अनुरोध पर जारी इंटरपोल रेड नोटिस के आधार पर बसोया को जून 2026 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में गिरफ़्तार किया था। भारतीय एजेंसियों ने यूएई के अधिकारियों से तालमेल बिठाकर भारत वापसी सुनिश्चित की।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पर एक पोस्ट में कहा, मोदी सरकार विदेशों में छिपे ड्रग तस्करों का लगातार पता लगा रही है और क्रूर अप्रोच अपनाते हुए उनके पूरे नेटवर्क को खत्म कर रही है।नशीले पदार्थों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति में एक नया मील का पत्थर स्थापित करते हुए एनसीबी ने यूएई से फरार ड्रग सरगना वीरेंद्र सिंह बसोया की वापसी सुनिश्चित की।

यह मामला फरवरी 2024 में पुणे में शुरू हुआ, जब पुणे सिटी पुलिस ने 500 ग्राम मेफेड्रोन जब्त किया।इसके बाद ड्रग तस्करी के पूरे नेटवर्क की पहचान और उसे खत्म करने के लिए टॉप टू बॉटम और बॉटम टू टॉप तक की रणनीति अपनाते हुए जांच का दायरा बढ़ाया गया।बाद की जांच और कार्रवाई के दौरान पुणे से लगभग 867 किलोग्राम और दिल्ली से 970 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद किया गया, जिससे कुल बरामदगी लगभग 1,837 किलोग्राम मेफेड्रोन हो गई।इसके बाद मामले को आगे की जांच के लिए एनसीबी की मुंबई जोनल यूनिट को सौंप दिया गया। जांच में बसोया की पहचान एक अहम विदेशी ऑपरेटिव और कथित साजिशकर्ता के तौर पर हुई है। वह विदेश से सिंडिकेट की गतिविधियों को कोऑर्डिनेट करता था और भारत से दूसरे देशों में मेफेड्रोन की खेप भेजने में मदद करता था। दिल्ली में बरामद हुई लगभग 970 किलोग्राम मेफेड्रोन की एक बड़ी खेप, कथित तौर पर उसके जुड़े हुए कूरियर चैनलों के जरिए एक्सपोर्ट करने की तैयारी से संबंधित थी।उसकी भूमिका घरेलू मैन्युफैक्चरिंग और तस्करी नेटवर्क को विदेशी डिस्ट्रीब्यूशन चैनलों से जोड़ने वाली एक अहम कड़ी के तौर पर सामने आई।

शहर को मिला नौसेना का शौर्य संग्रहालय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सीजी सिटी में अर्बन वेट लैंड के पास बना नौसेना का शौर्य संग्रहालय 15 अगस्त 2026 से आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण संग्रहालय का संचालन करेगा। शुरूआत के 02 सप्ताह तक लोगों के लिए निःशुल्क प्रवेश की सुविधा रहेगी। इसके बाद बच्चों के लिए 25 व व्यस्कों के लिए 50 रुपये प्रति व्यक्ति टिकट लगेगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर संग्रहालय खोलने के आदेश जारी कर दिये हैं।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि माननीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जी व माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 30 मई, 2026 को संग्रहालय का लोकार्पण किया था। अब लखनऊ विकास प्राधिकरण इसका संचालन व अनुरक्षण करेगा। आजादी के इस महापर्व के अवसर पर शनिवार से संग्रहालय आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। अगले 02 सप्ताह तक संग्रहालय में टिकट नहीं लगेगा और यहां घूमने आने वाले लोगों को कोई प्रवेश शुल्क नहीं देना होगा। इसके बाद व्यस्कों के लिए 50 रुपए व बच्चों के लिए 25 रुपए प्रवेश शुल्क लागू होगा। संग्रहालय सुबह 10:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुलेगा।

उपाध्यक्ष ने बताया कि 15 अगस्त को 03 यूपी नेवल यूनिट यहां ध्वजारोहण करेगी। नौसेना शौर्य संग्रहालय में टीयू-142 समुद्री गश्ती विमान स्थापित किया गया है, जो सेना के शौर्य का साक्षात्कार कराएगा। यहां लोग भारतीय नौसेना के विशेष पोत आइएनएस गोमती का पूरा ब्योरा जान सकेंगे। साथ ही पोत के लिए उपयोगी रहे कैपस्टन ड्रम का दीदार करेंगे।

ट्रामा सेंटर को इंस्टीट्यूशनल नेशनल अवार्ड

लखनऊ। केजीएमयू के न्यूरो सर्जरी विभाग की ट्रामा सेंटर में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए न्यूरोट्रॉमा सोसाइटी ऑफ इंडिया ने हैदराबाद में हुई वार्षिक मीटिंग में वर्ष 2026 का इंस्टीट्यूशनल नेशनल अवार्ड प्रदान किया है। देश भर के 7 विभिन्न मेडिकल सेंटर्स ने इस इंस्टीट्यूशनल अवार्ड के लिए अप्लाई किया था। इस अवार्ड ने न्यूरो सर्जरी विभाग और केजीएमयू को नेशनल लेवल पर मान्यता दिलाई है। केजीएमयू के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. बीके ओझा व कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने सम्मान पर न्यूरो सर्जरी विभाग समेत पूरी टीम को बधाई दी।

गांव-गांव पहुंचेगी मोबाइल हेल्थ यूनिट

लखनऊ। प्रदेश में ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए मोबाइल हेल्थ यूनिट्स की शुरूआत की गई। शुक्रवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश शासन और पीडी हिंदुजा हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक द्वारा हिंदुजा मोबाइल हेल्थ यूनिट्स को फ्लैग ऑफ किया गया।

स्वतंत्रता दिवस पर बीएसएनएल ने पेश किए खास प्लान

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनल) ने ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर पेश किए हैं। कंपनी ने ब्रॉडबैंड ग्राहकों के लिए हाईस्पीड इंटरनेट प्लान में राहत देने के साथ मोबाइल उपभोक्ताओं के लिए लंबी वैधता और मनोरंजन से जुड़े फायदे भी बढ़ाए हैं। कंपनी ने एफटीटीएच ग्राहकों के लिए 1,111 रुपये का विशेष प्लान पेश किया है, जिसमें 200 एमबीपीएस की स्पीड के साथ एक महीने के लिए 5,000 जीबी डेटा मिलेगा। इसके साथ अनलिमिटेड कॉलिंग और 25 से अधिक ओटीटी चैनलों की सुविधा भी दी जाएगी। बीएसएनएल के नए मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) राजेश कुमार ने प्रेसवार्ता में बताया कि 1,111 रुपये वाला एफटीटीएच प्लान पहले 1,199 रुपये का था। कंपनी ने इसमें 88 रुपये की छूट दी है।



15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस

हर घर तिरंगा, हर दिल भारत।

नमन उन वीरों को, जिनके बलिदान से मिला हमें स्वाधीनता का मान

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती बन्दना
ग्राम प्रधान
प्रधान प्रतिनिधि राम देव
ग्राम पंचायत परशुराम पुर ठेक हाई विकास खण्ड सलोन रायबरेली

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जनाब शाहनवाज अतहर
प्रधानाचार्य
अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाईस्कूल तिकोनियां, इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जनाब मुहम्मद गुलशेर
यूथ जिलाध्यक्ष
एआईएमआईएम, इटावा

कांग्रेस परिवार की ओर से 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जनाब शोजब रिजवी
जिलाध्यक्ष-यूथ कांग्रेस
निवास- घटिया अजमत अली, इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जनाब रियाज अहमद
युवा जिलाध्यक्ष
श्री आलोक दीक्षित
जिलाध्यक्ष
उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश (पजी.), इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्री दीपक गुप्ता
जिलाध्यक्ष
भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जनाब हाजी शहंशाह वारसी
जिला संरक्षक
उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश (पजी.), इटावा

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती अंजू देवी-ग्राम प्रधान
प्रतिनिधि राम मिलन
ग्राम सभा भगवान पुर बढ़िया
विकास खण्ड सलोन रायबरेली

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डा. परितोष शुक्ला
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (पुरूष)
शुभ्रान्त कुमार शुक्ल
जिलाधिकारी इटावा
जिला अस्पताल, इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डा. श्री अमित यादव
कृष्णा फिजियोथेरेपी
पक्का तालाब
जिला अस्पताल इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती सुनीता कुशवाहा
महिला जिलाध्यक्ष
कांग्रेस पार्टी/उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्री रंजीत सिंह कुशवाहा
जिला कोषाध्यक्ष
अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, इटावा
पता-स्वेता स्टील आयरन सेफ चैकी के सामने पक्का बाग इटावा को हाईलाइट कर दें

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम सभा घुरहट
विकास खण्ड सलोन रायबरेली

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
स्व. चौ. शंकर दयाल दीक्षित स्मारक संस्थान, इटावा
प्रतिदिन मोतियाबिंद का ऑपरेशन
निर्धनों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन
मंत्री राजेन्द्र कुमार दीक्षित एडवोकेट
पता- ठाकुर जी राधाकृष्ण मंदिर, श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर, इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डा. श्री राघवेन्द्र सिंह
(इमरजेन्सी मेडिकल आफीसर)
जिला अस्पताल इटावा

15 अगसत स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती विनीता गुप्ता
भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी समिति
महिला मोर्चा, इटावा
अरूण कुमार उर्फ अन्नू गुप्ता
भाजपा जिलाध्यक्ष
इटावा

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शत्रोहन
ग्राम प्रधान
ग्राम सभा अलीगंज
विकास खण्ड सलोन रायबरेली

ब्रजेश भुवनेश कोल्ड स्टोरेज
संतोष भुवनेश कोल्ड स्टोरेज
ब्रजेश भुवनेश फिलिंग स्टेशन
संतोष भुवनेश फिलिंग स्टेशन
संतोष भुवनेश किसान सेवा केन्द्र
आरती भुवनेश सी. एन. जी. स्टेशन
संतोष भुवनेश एनर्जी स्टेशन
संतोष भुवनेश धर्मकांटा
ऊर्जावान भारत की ओर अग्रसर
A Symbol of Accuracy
IndianOil
15 AUGUST INDEPENDENCE DAY

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मोहम्मद इदरीश अंसारी
अध्यक्ष-बुनकर समाज
आलमपुरा, इटावा

15 अगसत स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डा. श्री शिवम राजपूत
चेयरमैन
डा. श्रीमती अनामिका राजपूत
डायरेक्टर
शिवम हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर
पता- कचैरा रोड, साईं मंदिर के आगे एसबीएस कोल्ड स्टोरेज के सामने, इटावा

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हेमराज
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत हरपुर हल्ला
विकास खण्ड सलोन रायबरेली

भारत सरकार
O' Level DCA CCC TALLY
NIELIT NSDA NCPUL
SIIT शम्सी इन्स्टीट्यूट ऑफ इन्फारमेशन टैक्नोलॉजी
9412349879 9456251603 9410058488
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. तारिक शम्शी
इटावा

15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
डा. श्री सौरभ दीक्षित
पूर्व चेयरमैन
नगर पंचायत इकदिल
भारतीय जनता पार्टी यूथ मोर्चा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तर प्रदेश

स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
कर्म क्षेत्र महाविद्यालय, इटावा
राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा बी ग्रेड प्राप्त
(छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से सम्बद्ध)
विशेषताएं:-
- अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ
- कम्प्यूटर लैब की सुविधा
- ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट की व्यवस्था
- जनपद का प्राचीन एवं उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान
- खेल कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का श्रेष्ठ आयोजन
सत्येन्द्र कुमार वर्मा, अध्यक्ष, प्रबंध समिति
ओमकार नाथ वर्मा, मंत्री, प्रबन्ध समिति
प्रो. (डॉ.) महेन्द्र सिंह, प्राचार्य

युवा संघर्ष मोर्चा की ओर से विशाल सद्भावना यात्रा 15 अगस्त में आपका हार्दिक स्वागत है।
मनूराज राठौर
अध्यक्ष
चन्दवीर सिंह

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
डा. श्री अनूप शर्मा
(वरिष्ठ सर्जन)
जिला अस्पताल, इटावा

जनपद जालौन, औरया व इटावा के सभी जनपदवासियों, समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
के. पी. राव
वरिष्ठ सहायक
कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी
जिला जालौन

समस्त क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं
"स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, यह अनगिनत बलिदानों की अमूल्य धरोहर है।"
स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
जिनके त्याग, तपस्या और बलिदान से हमारा भारत स्वतंत्र हुआ।
15 अगस्त
जय हिन्द! वंदे मातरम्!
डॉ. प्रहलाद प्रजापति
स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
बनकटा बाजार, जनपद कुशीनगर
स्वतंत्रता सेनानियों को शत्-शत् नमन
जय हिन्द! जय भारत!

CSSGI CH SUGHAR SINGH GROUP OF INSTITUTIONS
JASWANT NAGAR, ETAWAH
Happy Independence Day 15 August
Swadha Hospital
Ch. Sughar Singh Educational Academy
Ch. Sughar Singh Nursing And Paramedical College
Ch. Sughar Singh Inter College
Ch. Sughar Singh Pharmacy College
Ch. Sughar Singh Public School
Ch. Sughar Singh World School
Ch. Sughar Singh Law College
JASWANT NAGAR (ETAWAH) U.P. 206245 | 9410077280 | 9917777308
www.cssgi.com

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, इटावा
15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा. बीआर अम्बेडकर
संयुक्त चिकित्सालय, महिला, इटावा
जिला महिला चिकित्सालय, इटावा पर
जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रसव सम्बन्धी सभी सुविधाएं (नार्मल / सिजेरियन) की निःशुल्क व्यवस्था है एवं गर्भधारण के उपरान्त चिकित्सीय सलाह / जांच कराना अतिआवश्यक है जो निःशुल्क है।
बी.पी.एल. कार्ड / स्मार्ट कार्ड धारक मरीजों को विशेष सुविधा प्रदान की जाती है।
डा. श्री अनिल कुमार- वरिष्ठ सर्जन
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (महिला)
जिला महिला चिकित्सालय, इटावा
शुभ्रान्त कुमार शुक्ल
जिलाधिकारी, इटावा

जश्न-ए-आजादी में डूबा शहर, रंग-बिरंगी लाइट्स ने जीता दिल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। स्वंतत्रता दिवस को लेकर यूपी की राजधानी लखनऊ सज चुकी है। 15 अगस्त को देखते हुए लखनऊ तिरंगे और रंग-बिरंगी लाइट में रंगा नजर आ रहा है। वहीं, यह सजावट आकर्षण का केंद्र बन गई है। लखनऊ विधानभवन और लोकभवन रंग-बिरंगी लाइट्स से जगमग नजर आ रहा हैं।जबकि लोग भी खूबसूरती देखने के लिए पहुंच रहे हैं। जनेश्वर मिश्र पार्क में लगे फाउंटेन में वाटर स्क्रीन शो दिखाया जाएगा। इस शो के सहारे भारतीय संस्कृति को दशार्या जाएगा। यही नहीं, लखनऊ शहर की खूबसूरती देखने के लिए लोग रात को अपने घरों से निकल रहे हैं।इस दौरान वह खूबसूरती को अपने कैमरे में भी कैद कर रहे हैं।

तिरंगे के रंग में रंगी शहर की इमारतें व शहर के प्रमुख चौराहे: स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लखनऊ का हर प्रमुख चौराहा व सरकारी इमारतें तिरंगे की रोशनी से जगमगा उठे। तिरंगे कपड़े से सजी लखनऊ के विधान भवन की इमारत शाम-ए-अवध की सुंदरता में चार चांद लगाती नजर आ रही है। शाम ढलते ही जगह-जगह पर 'ये देश है वीर जवानों का, जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करती हैं बसेरा' जैसे कई देशभक्ति के गीत सुनने को मिल रहे हैं।विधान भवन जो तिरंगामय है। डायनैमिक फसाड लाइटिंग से रोशन विधान भवन की खूबसूरती देखते ही बन रही है।लोगों की भीड़ यहां सेल्फी लेने को पहुंच रही है।मीराबाई मार्ग स्थित वीआइपी गेस्ट हाउस भी तिरंगा रोशनी में नहाए हुए है। जगह-जगह पर तिरंगा लहरा रहा है।कैसरबाग स्थित स्वास्थ्य भवन भी तिरंगा रंग में जगमग-जगमग हो रहा है। तिरंगे के रंग में सजी पूर्वोत्तर रेलवे की इमारत। हजरतगंज स्थित सिंकदरबाग पैलेस की खूबसूरती देखने लायक है।यह लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कुछ इस तरह से तिरंगा रंग में नहाया हुआ है नगर निगम कार्यालय। चारबाग रेलवे स्टेशन कुछ इस तरह से तिरंगा रंग में सजाया गया है कि थके हारे आ रहे यात्री भी इसकी खूबसूरती को देखकर एकदम फ्रेश हो जा रहे हैं।यात्री की रहे कि एक सेल्फी तो बनती है। लखनऊ के मेट्रो स्टेशन भी आजादी की खुशियां मना रहे हैं। अमौसी मेट्रो स्टेशन पर सजावट तो की ही गई है। वहीं देश भक्ति के गीत लगा आजादी का जश्न मनाया जा रहा है।गोमतीनगर स्थित उत्तर प्रदेश लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड के मुख्यालय को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कुछ इस तरह रोशनी से सजाया गया। 15 अगस्त के मौके पर हुसैनाबाद ट्रस्ट की ओर से सभी इमारतों को तिरंगा रंग में सजाया गया है। बड़ा इमामबाड़ा तिरंगा रंग में नहाए हुए कुछ ऐसा लग रहा है।लखनऊ का चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भी आजादी का जश्न मना रहा है।

चौराहों पर गाड़ियां रुकते ही झंडे बेचने को दौड़ते दिखे लोग : चौराहों पर जैसे ही लाल बत्ती होने पर गाड़ियां रुकती थीं, अलग-अलग साइज और गाड़ियों के लिए विशेष तरह के झंडे बिकते नजर आए।हाथों में झंडे लिए बच्चे और महिलाएं यातायात से जूझते हुए उनकी बिक्री को आतुर दिखीं। अधिकतर लोगों ने भी उन्हें निराश नहीं किया।झंडे गाड़ियों में फिट कर आगे बढ़ते दिखे।

तिरंगा, टोपी, बिल्ला, हैंडरिबन टीशर्ट की खूब हुई खरीदारी: स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए बाजार आजादी के रंग में रंग गया है। राजधानी लखनऊ में कई दुकानें तिरंगा, टोपी, बिल्ला, हैंडरिबन, टीशर्ट और गुब्बारे से सज गई हैं। स्कूलों में भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर बच्चे रिहर्सल करने लगे हैं। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा।सरकारी, गैर सरकारी, संस्थान, विद्यालय, संगठन विविध कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटे हैं। हर घर झंडा अभियान के तहत विभागों को तिरंगा झंड़ा खरीदने और वितरित करने का लक्ष्य सौंप दिया गया है। बाजारों में भी स्वतंत्रता दिवस से जुड़े सामानों की दुकानें सज गई हैं। आयोजन के लिए दुकानों पर खरीदार भी पहुंचने लगे हैं।शहर की दुकानों पर कई आकर के सूती और पॉलिस्टर के झंडे 50 से 250 रुपये तक बिक रहे हैं। वहीं बिल्ला, टोपी, हैंड रिबन आदि की मांग शुरू हो गई है।स्वतंत्रता दिवस से जुड़े सामानों की दुकान सजाए रिंकू गुप्ता के मुताबिक अभी छिटपुट ग्राहक ही आ रहे हैं।लेकिन उम्मीद है जैसे जैसे राष्ट्रीय पर्व करीब आएगा बिक्री तेज होगी।इस साल भी ऐसा लग रहा है कि लोगों में देशभक्ति का प्यार उसी जोश के साथ देखने को मिलेगा।राजधानी लखनऊ का एक बाजार राष्ट्रीय तिरंगे और तमाम चीजों से सज गया है। इस बाजार में तिरंगे, स्टैंड, टी-शर्ट, पगड़ी जैसे सामान मिल रहे हैं जो 15 अगस्त से जुड़े हुए हैं।

लहराता तिरंगा और गूंजते जोशीले गीतों ने समां बांधा: आजादी की वर्षगांठ पर शहर के बाजारों में गुरुवार को जबरदस्त रौनक दिखी।हर प्रमुख बाजार और प्रतिष्ठान में तिरंगा की रोशनी में नहाए दिखे।लहराता तिरंगा और गूंजते जोशीले गीतों ने समां बांध दी।

सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा..., कर चले हम फिदा जानों तन साथियों..., मेरा रंग दे बसंती चोला रंग दे... समेत आजादी के जोश पैदा करने वाले गीतों से होती गर्व की अनुभूति चहुंओर नजर आई। चौराहों पर बिकते झंडे, झंडियां, टोपियां स्वतंत्रता का सुखद अहसास कराती नजर आईं। स्वतंत्रता का जश्न मनाने के लिए नवाबों का शहर पूरी तरह तैयार नजर आया।शहर की गली हो या मुहल्ला।प्रमुख बाजार हों या फिर स्कूल और सरकारी प्रतिष्ठान, सभी तिरंगे की रोशनी से नहाए दिखे।लोकतंत्र के इस पर्व का जश्न मनाने के लिए शनिवार को सुबह से ही शहर की ऐतिहासिक, सरकारी इमारतों पर तिरंगे झंडे और रंगीन तिरंगी झालरें भवनों को रोशन कर रही थीं।

विधानभवन, सचिवालय, बापू भवन, योजना भवन, डीआरएम कार्यालय, रोडवेज, परिवहन मुख्यालय, शहीद स्मारक के अलावा अमीनाबाद, यहियागंज, चौक, हजरतगंज, आलमबाग, चारबाग, नादानमहल रोड, भूतनाथ बाजार, इंदिरानगर, गोमतीनगर, अलीगंज समेत सभी बाजारों में बुधवार को रौनक दिखी। धार्मिक इमारत से लेकर निजी इमारतें तिरंगी रोशनी से नहा उठीं। शहर का बाजार भी पूरी तरह आजादी के रंग में रंगा नजर आ रहा है। दुकानों में हर साइज के तिरंगे बिकते दिखे। शॉपिंग मॉल में भी लोग खरीदारी करते नजर आए। बाजारों में खरीदारों के लिए विशेष ऑफर पैकेज दिए गए।

जंग-ए-आजादी की गवाह लखनऊ की ऐतिहासिक इमारतें

लखनऊ। 15 अगस्त यानी आजादी का दिन। जंग-ए-आजादी 1857 की क्रांति में लखनऊ की तीन ऐतिहासिक इमारतें ऐसी थीं, जो हिंदुस्तानी सैनिकों के लहू से सन गई थीं , वहीं, सिपाहियों को सलामी देने के लिए पुरातत्व विभाग के प्रयास से तीनों ऐतिहासिक इमारतें जैसे रेजीडेंसी, दिलकुशा कोठी और सिकंदर बाग तिरंगे के रंग से जगमग हो गई हैं। 33 एकड़ में फैली हुई रेजीडेंसी में हिंदुस्तानी सैनिकों ने तीन महीने तक अंग्रेजी सेना और अंग्रेजी रेजिडेंट्स को घेर रखा था।

इस दौरान हिंदुस्तानी सैनिकों ने अंग्रेजों को बहुत नुकसान पहुंचाया था , बड़ी संख्या में अंग्रेज मारे गए थे। इसके अलावा हिंदुस्तानी सैनिकों की भी मौत इस दौरान हुई थी। तीन महीने तक चली इस जंग में पूरी रेजीडेंसी की दीवारें गोला, बारूद और गोलियों से छलनी हो गई थीं। आज भी इनके निशान रेजीडेंसी की एक-एक दीवार पर देखे जा सकते हैं।पुरातत्व विभाग ने इस रेजीडेंसी को तिरंगे की लाइट से सजा दिया है. केसरिया, सफेद और हरे रंग में सजी रेजीडेंसी की इमारत की खूबसूरती देखते ही बनती है। इस खूबसूरती को अपने कैमरे में कैद करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच भी रहे हैं।

सिकंदर बाग- जहां 2200 हिंदुस्तानी सैनिक मारे गए थे: सिकंदर बाग एक ऐसा किला जहां पर 1857 की आजादी की पहली लड़ाई में सबसे बड़ा नरसंहार हुआ था. अंग्रेजों ने करीब 500 हिंदुस्तानी सैनिकों को यहां पर मौत के घाट उतारा था. इस किले के दो दरवाजे भी अंग्रेजों ने तोप के गोलों से उड़ा दिए थे. कहा जाता है कि यहां पर हिंदुस्तानी सैनिकों की लाशें तब तक पड़ी रही थीं जब तक चील कौवों ने उन्हें पूरी तरह से नोंच नहीं लिया. आजादी की पहली लड़ाई की सबसे बड़ी घटना और नरसंहार सिकंदर बाग को ही कहा जाता है. शहीद हुए हिंदुस्तानी सैनिकों की याद में पुरातत्व विभाग ने भारतीय ध्वजा तिरंगा की लाइट से इसका मुख्य द्वार सजा दिया है, जोकि आजादी की लड़ाई में शहीद हुए शहीदों के लिए बड़ी श्रद्धांजलि है।

दिलकुशा कोठी- जहां से अंग्रेजों ने लड़ाई के बीज बोए थे: दिलकुशा कोठी छावनी में है। यह लखनऊ की सबसे ऐतिहासिक कोठी में से एक है। जब बात आती है आजादी की पहली लड़ाई की जो कि एक 1857 में हुई थी उसमें दिलकुशा कोठी को भी याद किया जाता है, क्योंकि यहां पर अंग्रेजों और हिंदुस्तानी सैनिकों के बीच में भीषण युद्ध हुआ था। अंग्रेजों ने इस कोठी की छत को पूरी तरह से तोप के गोलों से उड़ा दिया था. बड़ी संख्या में हिंदुस्तानी सैनिक और अंग्रेज मारे गए थे। यहां पर दो अंग्रेज सैनिकों की समाधि बनी हुई है।यह अब पूरी तरह से खंडहर है क्योंकि आजादी की लड़ाई में कोठी का भी महत्वपूर्ण स्थान रहा है। पुरातत्व विभाग ने इसे भी तिरंगे की लाइट से सजा दिया है।चारों ओर तिरंगे की लाइट्स से सजी हुई दिलकुशा कोठी के पास से जो कोई भी गुजर रहा है वो भी इस कोठी के इतिहास से रूबरू हो रहा है।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए "खुली–ई" निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा नोटिस सं** NER-BSB0SnT-OT-46-2026 **कार्य का नामः** वाराणसी डिवीज़न के व.म.सि.दू.ई./समन्वय/वाराणसी के अधिकार क्षेत्र में, आर.डी.एस.ओ. द्वारा जारी नवीनतम TAN के अनुसार सिग्नल और टेलीकॉम इंस्टॉलेशन के लिए बैलेंस अर्थिंग और बॉन्डिंग का कार्य। **अनुमानित लागतः** ₹37724025.00 **बयाना की राशिः** ₹754500.00 **निविदा प्रपत्र की कीमत :** Rs 00.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 10 माह। **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय 07.09.2026 को 15.00 बजेः नोटः** 1. ई–निविदा दिनांक 07.09.2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

मं०रे०प्र० (सि०एवंदू०सं०)/ वाराणसी

मुजाधि/सिंगनल–97

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

धूमधाम से निकाली गयी मंगल कलश यात्रा

लखनऊ। मंगल कलश उठाने वाली आज खुला है भाग्य तेरा आशीर्वाद मिला है मां का अमर रहेगा सुहाग तेरा, जैसे भजनों की बीच जब 301 महिलाओं की भव्य मंगल कलश यात्रा निकली तो हर कोई भक्ति के रंग में रंग गया। मौका था श्री दादी परिवार लखनऊ का दो दिवसीय झूला उत्सव के पहले दिन गुरुवार को कलश यात्रा का। श्री दादी परिवार के महामंत्री सुनील तुलस्यान की अगुआई में गाजे बाजे के साथ यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा बाबूगंज से शुरू हुई। जिधर शोभा यात्रा निकली उधर दादी जी की जय जयकार गूंजी, यात्रा में दादी जी का सुन्दर रथ आकर्षण का केन्द्र बना रहा। लोग दादी के दर्शन और आरती करने के लिए उमड़ पड़े।लोगों ने पुष्पों की वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। मंगल कलश उठाने वाली महिलाओं में श्रीमती द्रौपदी तुलस्यान, जमुना तुलस्यान, बिंदू बोरा, अंजू गुप्ता, पूनम अग्रवाल, रूचि तुलस्यान, चित्रा तुलस्यान, खुशबू तुलस्यान, स्नेहा अग्रवाल, रोली जैन, रेनू अग्रवाल आदि शामिल हुई।इसके अलावा श्री दादी परिवार के संरक्षक विधायक डा. नीरज बोरा, भारत भूषण गुप्ता,, संजीव अग्रवाल, पुष्पा डालमिया, गिरजा शंकर अग्रवाल, पदम बंसल, संजय बंसल, आशीष अग्रवाल व अध्यक्ष अनिल अग्रवाल कोषाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल व सदस्य आशुतोष तुलस्यान, मनीष तुलस्यान, नरेश बंसल, राजेश चंद्र अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अमन जैन, गौरव अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, समेत सैकडों भक्त यात्रा में चल रहे थे।यात्रा में पवन मिश्रा ने भजन सुनाकर दादी को खूब रिझाया। 'नाचो गाओ खुशी मनाओं झूमो रे सब आज दादी आई है' के भजनों पर लोग खूब झूमे।यात्रा बाबूगंज से रामकृष्ण मठ होते हुये आठ नम्बर चौराहा स्थित होटल रेगनेंट पर समाप्त हुई।

स्वतंत्रता दिवस पर नवाबों की नगरी में पतंग उड़ाने का चलन पुराना

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस पर नवाबों की नगरी में पतंग उड़ाने का चलन पुराना है।ऐसे में आजादी के जश्न को देखते हुए तिरंगी पतंगें बाजारों में उतारी गई हैं। आजादी के जश्न के बीच मिठाईयों पर भी तिरंगा रंग चढ़ गया है।राजधानी की कई मिठाई दुकानों ने तिरंगी मिठाई तैयार करवाई है।सदर बाजार स्थित अग्रवाल मिष्ठान के कमलेश कुमार ने बताया कि इस खास त्योहार पर हमने पेड़ा, बर्फी और कालाजाम पर तिरंगे को कोट किया है।तीन सौ रुपये से पांच सौ रुपये प्रति किलोग्राम की कीमत की ये मिठाइयां लोगों को काफी पसंद आ रही हैं।अग्रवाल ने कहा कि मिठाईयों के साथ डिब्बों को भी तिरंगे रंग में तैयार कराया गया है। इसके अलावा डिब्बों की पैकिंग में भी तिरंगी सजावट का इस्तेमाल किया जा रहा है। राजधानी के हजरतगंज, आलमबाग, अमीनाबाद जैसे प्रमुख बाजारों में तिरंगे वस्त्रों की धूम है, जो आजादी के रंग में रंगने का खूबसूरत अहसास करा रहे हैं। आलमबाग के कपड़ा व्यवसायी सुधीर जायसवाल कहते हैं कि आजादी का जश्न मनाने के लिए विशेष तिरंगा कलेक्शन लोगों को खासकर युवाओं को खूब भा रहा है।उन्होंने कहा कि आजादी का जश्न मनाने के लिए युवा बड़े जोश के साथ सफेद कुर्ता, हरी जींस और उस पर केसरिया दुपट्टा (गमछा) के अलावा तिरंगे बॉर्डर की कमीजें खरीद रहे हैं।

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	Parking-LKO KHNM-MX-144-24-1 (Parking-Mixed)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.08.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट)	28.08.2026 समय 11:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.08.2026 समय 11:30 बजे
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	Parking-LKO PRG-MX-189-26-1 (Parking-Mixed)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.08.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट)	28.08.2026 समय 11:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.08.2026 समय 11:40 बजे
नीलामी सूची सं0/लॉट सं0	Parking-LKO SLN-MX-190-26-2 (Parking-Mixed)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	12.08.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट)	28.08.2026 समय 11:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.08.2026 समय 11:50 बजे
वेबसाइट विवरण जहॉ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

2812/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यो हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते है।

निविदा सूचना संख्या	विद्युत/ डब्ल्यू./ आलमबाग/ 230/ 2026-27		
कार्य का विवरण	कैरेज एण्ड वैगन वर्कशाप, आलमबाग, लखनउ में विभिन्न शॉप एवं स्कैंप डिपों आलमबाग के बीच स्क्रैप एवं नये सामान को लाने व ले जाने का कार्य।		
अनुमानित लागत	₹ 18,89,664/-	धरोहर राशि	₹ 37,800/-
निविदा प्रपत्र मूल्य	शून्य	कार्य समापन अवधि	18 माह
अन्य सूचना			
निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय	07.09.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे तक।	निविदा खुलने की तिथि व समय	07.09.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद।

•निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। मैनुअल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा। •निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। •डिमांड ड्राफ्ट/ बैंकर्स चेक/ डिपॉजिट रसीद/ एफ.डी.आर. या अन्य किसी रूप में निविंदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। •प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरांन्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

निविदा संख्याः विद्युत/डब्ल्यू./आलमबाग/ 230/2026-27 दिनांकः 13.08.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2797/2026

हरियाली तीज आज, सुहागिनें रखेंगी पति के दीर्घायु के लिए व्रत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हरियाली तीज श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाई जाती है। विवाहित महिलाएं और अविवाहित लड़कियां दोनों ही इस व्रत को रखती हैं। हरियाली तीज का धार्मिक महत्व बहुत खास होता है। हरियाली तीज पर माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा अर्चना करने का विशेष महत्व है। हरियाली तीज को श्रावणी तीज भी कहा जाता है।इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की दीघार्यु के लिए व्रत करती हैं तो वहीं कुंवारी कन्याएं शिवजी जैसा सुयोग्य वर पाने के लिए व्रत रखकर शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हरियाली तीज सिर्फ एक व्रत नहीं, बल्कि भगवान शिव और माता पार्वती के अटूट साथ का प्रतीक है।यही वजह है कि हर साल लाखों महिलाएंइस पर्व का इंतजार करती हैं और पूरे श्रद्धा भाव से इसे मनाती हैं।पंचांग के अनुसार हरियाली तीज सावन के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है।साल 2026 में हरियाली तीज शनिवार, 15 अगस्त को है।इस दिन सुबह से ही मंदिरों में शिव और माता पार्वती की पूजा होती है।महिलाएं व्रत रखती हैं और पूरे विधि-विधान से पूजा करती हैं।

हरियाली तीज की पूजा विधिः हरियाली तीज के दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान आदि करने के बाद नए वस्त्र पहनें।इस सोलह श्रृंगार जरूर करें और पूरे दिन व्रत रहें।हरियाली तीज के दिन भगवान शिव और माता पार्वती के साथ ही गणेश जी की भी पूजा की जाती है।पूजा के लिए एक चौकी तैयार करें और उसपर पीले रंग का कपड़ा बिछा दें।फिर इस चौकी में भगवान की मूर्तियां स्थापित करें और भगवान को नए वस्त्र पहनाएं।पूजा सामग्री को भगवान की मूर्तियों में अर्पित करें।इसके बाद माता पार्वती को सोलह श्रृंगार से जुड़े सभी सामानए साड़ी और चुनरी अर्पित करें।

रंग-बिरंगी चूड़ियों से सजा बाजार, लगवाई मेहंदी, खूब हुई खरीदारीः हरियाली तीज को लेकर शनिवार को राजधानी के बाजारों में जबरदस्त रौनक रही। अमीनाबाद, पत्रकारपुरम, भूतनाथ मार्केट में साड़ी और रंग-बिरंगी चूड़ियों सहित श्रृंगार का अन्य सामान खरीदने के लिए देर रात तक महिलाओं की खूब भीड़ रही। वहीं भूतनाथ मार्केट में महिलाएं आकर्षक डिजाइन में मेहंदी रचाने के लिए अपनी बारी का इंतजार करती दिखीं।वहीं गड़बड़झाला और नक्खास में दुकानदारों ने भी सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुओं की खूब बिक्री की।कारोबारियों के मुतबिक हरियाली तीज पर दो करोड़ की साड़ियां और 50 लाख रुपये का श्रृंगार का समान बिक गया।शनिवार को कपड़ों, रंग-बिरंगी चूड़ियों की खूब बिक्री हुई।भूतनाथ मार्केट और अमीनाबाद में डिजाइनर हरे रंग की साड़ियों का क्रेज दिखा।डबल शेड, नेट, साटन, सिल्क बनारसी आदि साड़ियां बहुत ज्यादा बिकीं।1500 से पांच हजार के बीच वाली साड़ियां काफी बिकीं।साड़ी की मैचिंग की रंग-बिरंगी चूड़ियां व कड़े लेने के लिए महिलाएं गड़बड़झाला, नक्खास मार्केट पहुंचीं। भूतनाथ मार्केट के कपड़ा कारोबारी उत्तम कपूर ने बताया कि हरियाली तीज पर लहरिया साड़ियों की मांग अधिक रहती है।उन्होंने बताया कि दो साल बाद हरियाली तीज पर बाजार में रौनक है।हरियाली तीज को लेकर कपड़ों की खूब बिक्री हुई।

भूतनाथ मार्केट में मेहंदी की धूमः आलमबाग, अमीनाबाद व भूतनाथ मार्केट में सबसे ज्यादा मेहंदी की बिक्री हुई।महिलाएं हाथ पर आकर्षक डिजाइन में मेहंदी रचाने के लिए घंटों लाइन में लगी रहीं।बाजार में सामान खरीदने आई अंजलि, शिखा व स्वाति ने बताया कि हरियाली तीज को लेकर अलग तरीके का उत्साह और उमंग रहती है। उन्होंने दुकानों से साड़ी, कपड़े और मेकअप आदि सामान खरीदा है।महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस भी मुस्तैद थी।गोल्डन और पिस्ता घेवर की बिक्री भी खूब हुई।

12 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अपराध और अपराधियों के खिलाफ अदम्य साहस का परिचय देने वाले 12 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को शुक्रवार को वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक देने की घोषणा की गई है, जिसमें सात पुलिसकर्मी स्पेशल टॉस्क फोर्स में तैनात हैं। इसमें तत्कालीन एसएसपी आगरा मुनिराज जी और आईपीएस सत्यजीत गुप्ता प्रमुख हैं। इसी के साथ प्रदेश फायर सेवा के 16 पुलिस कर्मियों को राष्ट्रपति का वीरता पदक और एक फायर कर्मी को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा सम्मान और चार फायर कर्मियों को राष्ट्रपति का उत्कृष्ट सेवा पदक देकर सम्मानित किया गया है। डीजीपी राजीव कृष्ण व एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने पुलिसकर्मियों को बधाई दी है।

वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक पाने वालों में एसटीएफ मेरठ यूनिट के अपर पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार, संजय सिंह प्रमुख हैं। उनको 10 नवंबर 2025 को मुरादाबाद के भोजपुर थाने में एक लाख के इनामी दुर्दांत अपराधी आसिफ उर्फ टिड्डा व उसके साथी 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश दीनू को मुठभेड़ में मार गिराने के लिए वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।

आईपीएस मुनिराजजी

आईपीएस सत्यजीत गुप्ता

इन पुलिसकर्मियों को मिलेगा पदकः राम कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, सुनीता सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश, दया राम, पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश, दिनेश त्रिपाठी, पुलिस उपायुक्त, उत्तर प्रदेश, नरेन्द्र कुमार सिंह, कमांडेंट, उत्तर प्रदेश रवि शंकर निम, पुलिस उप आयुक्त, उत्तर प्रदेश, विनोद कुमार पांडेय, पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश, बालागमाचारी दुबे, अपर पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश, अमृता मिश्रा, पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश, अशोक कुमार सिंह, उप कमांडेंट, उत्तर प्रदेश आशुतोष शुक्ला, पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश, सुरेश चंद्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश, कुलदीप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश, शशि शेखर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश, रमेश चंद्र राजपूत, पुलिस उपाधीक्षक, राम लाल, पुलिस निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, पीतम पाल सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, उत्तर प्रदेश, विजयपाल सिंह यादव, पुलिस उपाधीक्षक, उत्तर प्रदेश, प्रदीप कुमार सिंह, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, रघुराज सिंह, मुख्य आरक्षी, उत्तर प्रदेश, सत्येन्द्र कुमार, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, शशिभाल चौरसिया, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, सुरेन्द्र पाल शर्मा, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, जयविंद यादव, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, रवि वीर सिंह, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, लक्ष्मण पर्वत, निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, श्रवण कुमार राय, मुख्य आरक्षी, उत्तर प्रदेश, घनश्याम सिंह, मुख्य आरक्षी, उत्तर प्रदेश, अतिवीर सिंह, सशस्त्र पुलिस उप निरीक्षक, चंद्र शेखर लोहनी, प्लाटून कमांडर, उत्तर प्रदेश, गोविंद बल्लभ चौसाली, प्लाटून कमांडर, उत्तर प्रदेश, गुलाब सिंह, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, कृष्ण मुरारी पांडेय, मुख्य आरक्षी, उत्तर प्रदेश, मान बहादुर सिंह, मुख्य आरक्षी, उत्तर प्रदेश, मुहम्मद जवाहर अंसारी, मुख्य आरक्षी, उत्तर प्रदेश, प्रेमपाल सिंह, सशस्त्र पुलिस उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, राधेश्याम यादव, मुख्य आरक्षी, उत्तर प्रदेश, रावेन्द्र कुमार, मुख्य आरक्षी, उत्तर प्रदेश, शिव कुमार पांडेय, प्लाटून कमांडर, उत्तर प्रदेश, सुरेश कुमार राय, कंपनी कमांडर, उत्तर प्रदेश, उमा शंकर विश्वकर्मा, प्लाटून कमांडर, उत्तर प्रदेश, विध्यानंद, सशस्त्र पुलिस उप निरीक्षक, विजय प्रकाश गिरि, मुख्य आरक्षी, उत्तर प्रदेश, व्यास मुनि कुशवाहा, मुख्य आरक्षी, उत्तर प्रदेश, कुलबीर सिंह, मुख्य आरक्षी, उत्तर प्रदेश, निरंजन सिंह यादव, मुख्य आरक्षी, उत्तर प्रदेश, रामवीर सिंह, मुख्य आरक्षी, उत्तर प्रदेश, शिव राम सिंह, प्लाटून कमांडर, उत्तर प्रदेश, राजकुमार, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, तेज सिंह, निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, केश कुमार, मुख्य आरक्षी, उत्तर प्रदेश, मुंडे राम, प्लाटून कमांडर, उत्तर प्रदेश, बाबू राम, मुख्य आरक्षी, उत्तर प्रदेश उमाशंकर, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, हरिभान सिंह, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, किशन पाल, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, शेष बहादुर सिंह, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, शिव कांत शुक्ला, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, वीर बहादुर राम, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, हीरा लाल, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, हरेश कुमार, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, राजीव श्रीवास्तव, निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, धर्मेन्द्र कुमार, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, घनानंद त्रिपाठी, निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, कृष्ण गोपाल शुक्ला, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, नरेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, उमेश चंद्रा, सशस्त्र पुलिस उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, अमरजीत, निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, देव दयाल, पुलिस उपाधीक्षक, उत्तर प्रदेश, विजेन्द्र सिंह, मुख्य आरक्षी, उत्तर प्रदेश, कन्हैया प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक, उत्तर प्रदेश, भोला राम, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, मुकेश, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, सुरेश चंद्रा, उप निरीक्षक, उत्तर प्रदेश, धर्मेन्द्र कुमार सिंह यादव, सहायक कमांडेंट, उत्तर प्रदेश शामिल हैं।

वीरता के लिए इन फायर कर्मियों को मिला राष्ट्रपति का पुलिस पदक

वीरता के लिए राष्ट्रपति का पदक पाने वाले फायर कर्मियों में चीफ फायर अधिकारी राहुल पाल, फायर स्टेशन आफिसर मूलचंद सिंह, मुख्य फायरमैन नेत्रपाल सिंह, फायरमैन रामपाल सिंह, जोगेंद्र सिंह, विनय यादव, आयुष्मान कुमार शर्मा, दीपक कुमार प्रथम, उमाकांत शुक्ला, फायर स्टेशन आफिसर सुशील कुमार, फायर स्टेशन सेकेंड आफिसर धर्मपाल सिंह, सुमित फायरमैन प्रवेश कुमार, विवेक कुमार पटेल और पुष्पेंद्र सिंह शामिल हैं। इसी के साथ लीडिंग फायरमैन नईमुद्दीन को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक और उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक और उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति के पदक से फायरस्टेशन आफिसर राम मिलन भारती, फायरमैन ड्राइवर परमेश्वर प्रसाद यादव, फायरमैन आरिफ अली और मुइद्दीन को सम्मानित किया गया है।

एसटीएफ के सात अफसर भी होंगे सम्मानित

बृजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ फील्ड यूनिट मेरठ, दीपक कुमार, मुआ नापु, एसटीएफ फील्ड यूनिट मेरठ, संजय सिंह, मुआ नापु, एसटीएफ फील्ड यूनिट मेरठ, स्वर्गीय सुनील कुमार, निरीक्षक सपु, एसटीएफ फील्ड इकाई मेरठ, मरणोपरांत, दीपक, मुआ नापु, एसटीएफ फील्ड इकाई मेरठ, अक्षय परवीर कुमार त्यागी, उनि नापु, एसटीएफ फील्ड इकाई नोएडा, सुनील कुमार, मुआ नापु, एसटीएफ फील्ड इकाई नोएडा।

दुजाना के एनकाउंटर के दौरान शहीद हुए थे इंस्पेक्टर सुनील

इसी तरह मेरठ में 4 मई 2023 को कुख्यात अपराधी अनिल दुजाना की मार गिराने के दौरान शहीद हुए इंस्पेक्टर सुनील कुमार (मरणोपरांत), हेड कांस्टेबल दीपक, नोएडा में तैनात उप निरीक्षक अक्षय परवीर कुमार त्यागी, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार को राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा है। अनिल दुजाना के खिलाफ 66 अभियोग पंजीकृत थे। इसके अलावा आगरा में एक लाख के इनामी बदमाश बदन सिंह और उसके साथी को मुठभेड़ में मार गिराने में शामिल एसएसपी मुनिराज जी. उनके साथी पुलिस अधीक्षक आईपीएस सत्यजीत गुप्ता, इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल आदेश त्रिपाठी, प्रशांत कुमार को भी लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। इनमें से एसआई अक्षय परवीर त्यागी, हेड कांस्टेबल हैं। इनमें से एसआई अक्षय परवीर त्यागी, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, दीपक कुमार को पहली बार गैलेंट्री मेडल दिया जाए।

साइबर अपराध के संदिग्ध लेन-देन पर पूरा बैंक खाता फ्रीज नहीं कर सकती जांच एजेंसी : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक अहम फैसले में कहा है कि यदि साइबर अपराध से जुड़ा संदिग्ध लेनदेन किसी निश्चित रकम तक सीमित है तो जांच एजेंसी किसी व्यक्ति का पूरा बैंक खाता डेबिट फ्रीज नहीं कर सकती। खाते पर लगाई गई रोक संदिग्ध अपराध की रकम तक ही सीमित और आनुपातिक होनी चाहिए। पीठ ने कहा कि जांच अधिकारी को संबंधित बैंक को एफआइआर या अपराध संख्या, खाते पर रोक लगाने का आधार और लियन के लिए निर्धारित रकम की जानकारी देनी होगी। साथ ही कानून के अनुसार संबंधित न्यायिक मजिस्ट्रेट को भी इसकी सूचना देनी होगी।

न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति अब्देश कुमार चौधरी की पीठ ने लखनऊ के कारोबारी रितेश यादव की याचिका निस्तारित करते हुए बैंकों को उनके खातों को डी-फ्रीज करने और 36 हजार रुपये से अधिक की रकम के संचालन की अनुमति देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि 36 हजार रुपये पर लियन बना रहेगा। कोर्ट ने कहा कि साइबर अपराध की जांच के दौरान बैंक खाता फ्रीज करने की शक्ति का इस्तेमाल इस तरह नहीं किया जा सकता कि किसी व्यक्ति की पूरी वित्तीय गतिविधियां और वैध कारोबार ही ठप हो जाए। निर्माण कार्य और निर्माण सामग्री की आपूर्ति से जुड़े याचिकाकर्ता ने कई बैंकों में अपने खाते फ्रीज किए जाने के बाद हाईकोर्ट का रुख किया था। इनमें बंधन बैंक, आइसीआइसीआइ बैंक और एक्सिस बैंक के खाते शामिल थे।

याचिकाकर्ता के अनुसार, कर्नाटक में साइबर अपराध की जांच के सिलसिले में उसके बंधन बैंक खाते में 36 हजार रुपये की संदिग्ध रकम आने के बाद खाते फ्रीज किए गए थे। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि साइबर अपराध के मामले में बैंक खाता फ्रीज करने के लिए जांच अधिकारी द्वारा जारी नोटिस में उस रकम का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए, जिस पर लियन मांगा गया है। पूरे खाते को ब्लॉक या फ्रीज करने का आदेश सामान्य तौर पर कायम नहीं रखा जा सकता। कोर्ट ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल -सिटिजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम के तहत गृह मंत्रालय की मानक संचालन प्रक्रिया का भी संज्ञान लिया। कोर्ट ने अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी बैंकों और वित्तीय संस्थानों को निर्देश दिया कि वे इस शिकायत निवारण व्यवस्था का पालन करें और खातों के फ्रीज होने या डिजिटल बैंकिंग सेवाएं रोके जाने से संबंधित शिकायतों के लिए उचित नोडल व्यवस्था बनाएं। शाखाओं और वेबसाइट पर भी इस प्रक्रिया की जानकारी प्रमुखता से उपलब्ध कराने को कहा गया।

कोर्ट ने कहा कि इस व्यवस्था के जरिए खाताधारक को समयबद्ध और प्रभावी शिकायत निवारण का अवसर मिलना चाहिए, जबकि जांच के दायरे में आने वाली रकम सुरक्षित रहनी चाहिए। पीठ ने अपने आदेश की प्रति आरबीआइ को भेजने का निर्देश दिया, ताकि उसे सभी बैंकों और वित्तीय संस्थानों को अनुपालन के लिए भेजा जा सके। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उसके निर्देश साइबर अपराध की जांच के लिए जांच एजेंसियों की वैधानिक शक्तियों को कम करने के लिए नहीं हैं, बल्कि इन शक्तियों का इस्तेमाल पारदर्शी, आनुपातिक और कानून के अनुरूप सुनिश्चित करने के लिए हैं। कोर्ट ने कहा कि किसी निर्दोष खाताधारक को केवल इसलिए उसकी वैध रकम तक पहुंच से अनिश्चितकाल तक वंचित नहीं किया जा सकता क्योंकि उसके खाते से एक निश्चित रकम का संदिग्ध लेनदेन हुआ है।

पत्नी को बांझ कहना हर मामले में क्रूरता नहीं : हाईकोर्ट

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंड पीठ ने कहा है कि संतान न होने को लेकर वैवाहिक विवाद के दौरान पति द्वारा पत्नी को कथित तौर पर बांझ कहना, जब दोनों के बीच गाली-गलौज और कहासुनी हुई हो, अपने आप में क्ढउ की धारा 498-अ के तहत क्रूरता का अपराध नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ल की पीठ ने हिरेंद्र कुशवाहा की याचिका स्वीकार करते हुए उनके खिलाफ क्ढउ की धाराओं 498-अ, 323, 504 व 506 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं 3/4 के तहत चल रही आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी। मामला लखनऊ के गाजीपुर थाने से संबंधित था। कोर्ट ने कहा कि आरोपों को प्रथम दृष्टया सही मानने पर भी यह मामला मुख्य रूप से संतान न होने से उत्पन्न वैवाहिक विवाद और पति-पत्नी के बीच एक-दूसरे के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों का प्रतीत होता है। कोर्ट ने कहा कि संतान न होने को लेकर महज ताने, चिकित्सकीय जांच कराने से इनकार या घरेलू विवाद के दौरान हुई कहासुनी, जब तक धारा 498-अ में निर्धारित क्रूरता के आवश्यक तत्व पूरे न हों, अपने आप में अपराध नहीं बनते। पति-पत्नी की शादी दिसंबर 2015 में हुई थी। उनके कोई संतान नहीं हुई। पत्नी ने आरोप लगाया था कि उसे संतान पैदा न कर पाने के लिए ताने दिए जाते थे। 23 नवंबर 2020 को विवाद के दौरान मारपीट कर उसे कमरे में बंद करने का भी आरोप लगाया गया था। पत्नी ने ससुर और देवर पर दुष्कर्म के आरोप भी लगाए थे। मजिस्ट्रेट ने धारा 156(3) के तहत पत्नी की शिकायत पर केवल पति को आरोपी बनाते हुए समन जारी किया था। पति ने इसे हाई कोर्ट में चुनौती दी थी . मामले में निर्णय सुनाते हुए कोर्ट ने बांझ कहने के आरोप पर कहा कि टिप्पणी निश्चित रूप से असंवेदनशील और निंदनीय है, लेकिन इस मामले की परिस्थितियों में यह धारा 504 के तहत अपराध के लिए पर्याप्त नहीं है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केवल गाली या अपमानजनक शब्दों का आदान-प्रदान धारा 504 का अपराध नहीं बनता, जब तक यह साबित न हो कि अपमान जानबूझकर इस उद्देश्य से किया गया था कि उससे शांति भंग या कोई अन्य अपराध होने की संभावना थी।

तिरंगा साइकिल यात्रा से गूंजा लखनऊ छावनी, खेल-फिटनेस और राष्ट्रप्रेम का संदेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लखनऊ छावनी देशभक्ति, खेल और फिटनेस के संदेश से सराबोर नजर आई। भारतीय सेना के जवानों, साइकिलिस्टों, नागरिकों और सफाई मित्रों ने हाथों में तिरंगा लेकर हर घर तिरंगा साइकिल रैली एवं तिरंगा वॉकथॉन में हिस्सा लिया। करीब 7.5 किलोमीटर की इस यात्रा ने राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता के साथ स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। मुख्यालय मध्य उत्तर प्रदेश सब एरिया, भारतीय सेना के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ छावनी के स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर राकेश कुमार मिश्रा रहे। उनके नेतृत्व में सेना के अधिकारियों और जवानों के साथ बड़ी संख्या में साइकिलिस्टों ने तिरंगा साइकिल रैली में भाग लिया। इस दौरान कर्नल दीपक जोशी भी मौजूद रहे। देशभक्ति के गीतों और नारों के बीच निकली रैली ने पूरे छावनी क्षेत्र को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के दौरान सेना में आयोजित खेल आयोजनों के सफल समन्वय और सहयोग के लिए स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक एवं पेडलयात्री साइकिलिंग एसोसिएशन के सेक्रेटरी जनरल डॉ. आनंद किशोर पांडेय को सम्मानित किया गया। ब्रिगेडियर राकेश कुमार मिश्रा ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। यह सम्मान खेल गतिविधियों के प्रभावी संचालन, खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने तथा सेना और खेल संगठनों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में उनके योगदान के लिए दिया गया। रैली में पेडलयात्री एसोसिएशन और स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया से जुड़े बड़ी संख्या में साइकिलिस्टों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने भी सेना के जवानों के साथ तिरंगा लेकर साइकिल यात्रा में भाग लिया। रैली लखनऊ छावनी के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, भाईचारे, सामाजिक सद्भाव और फिटनेस का संदेश दिया। आयोजन के दौरान साइकिलिंग को केवल खेल के बजाय स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने पर भी जोर दिया गया।

जिला कारागार में निकाली गई तिरंगा यात्रा

लखनऊ। जिला कारागार लखनऊ में शुक्रवार की सुबह 08 बजे वरिष्ठ अधीक्षक आर के जायसवाल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा में कारागार के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों एवं बन्दियों ने प्रतिभाग किया। तिरंगा यात्रा कारागार के द्वितीय द्वार से प्रारम्भ होकर गिरदा प्रांगण चक्र सं0-05, चक्र सं0-03, चक्र सं0-02, चक्र सं0-01, चक्र सं0-04 व महिला परिसर से गुजरते हुए कारागार के मुख्य द्वार पर समापन हुई। सभी चक्रों में बन्दियों ने फूल बरसाकर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया तथा ₹भारत माता की जय₹ एवं वंदे मातरम जैसे नारो के उद्घोष से पूरे कारागार परिसर को गुंजायमान कर दिया। तिरंगा यात्रा की समाप्ति पर वरिष्ठ अधीक्षक आर के जायसवाल ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को 'हर घर तिरंगा अभियान' के अन्तर्गत अपने घरो पर अनिवार्य रूप से तिरंगा झंडा फहराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी, सुनील दत्त मिश्र, अभय कुमार शुक्ल, समस्त डिप्टी जेलर, बन्दीरक्षक एवं बन्दीगण उपस्थित रहें।

करंट की चपेट में आने से मां की मौत, दो बेटे घायल

लखनऊ। गाजीपुर थाने में परिवार के साथ कर रहे मजदूरी कर रहे एक ही परिवार के लोगों में मां को करंट लगने से अफरा तफरी मच गई। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई करंट से बचाव का प्रयास करने वाले दोनों बेटे घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस के मुताबिक जिला लखीमपुर खीरी स्थित धौरहरा के मंगरौली गांव के रहने वाले राजेश अपनी पत्नी रूपरानी (50) दो बेटे इंदल, अजय के साथ बीते दो माह से गाजीपुर स्थित सेक्टर 25 मे बन रही 3 मंजिला सरकारी आवासीय बिल्डिंग में मजदूरी कर रहे थे वह बिल्डिंग में रहते भी थे। वही उनका छोटा बेटा गांव में रह रहा है। भाई नरेश ने बताया गुरुवार की शाम 4:00 बजे बिल्डिंग की पहली मंजिल के कमरे में प्लास्टर हो रहा था उनके दोनों भांजे इंदल एवं अजय बांस की पाड़ पर चढ़कर प्लास्टर कर रहे थे। वहीं उनकी मां रूपरानी अन्य मजदूरों के साथ सीमेंट मौरंग का मसाला भरकर दे रही थी। पाड़ में एक तार बंधा था जिसमें करंट था पाड़ पर लोहे का तसला रखते समय अचानक खुला तार तसले से छू गया। जिसकी करंट में रूपरानी आ गई उनको बचाने में दोनों बेटे कूद पड़े एवं उन्हें छुड़ाने का प्रयास करने लगे। घटना के बाद कमरे में हड़कंप मच गया फौरन साथी मजदूरों ने बिजली का कनेक्शन को बंद किया गया।

निजी अस्पतालों की फीस में भारी अंतर पर हाईकोर्ट गंभीर, मांगा नियमन का ब्योरा

विधि संवाददाता

लखनऊ। निजी क्लीनिकल संस्थानों द्वारा मरीजों से इलाज के नाम पर वसूली जा रही फीस और अन्य खर्चों में भारी अंतर पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंड पीठ ने गंभीर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि केवल बीमारी के कारण आम आदमी से अत्यधिक शुल्क लेकर उसे लूटा जाना स्वीकार्य नहीं है। कोर्ट ने सरकारी सहायता से स्थापित निजी अस्पतालों का जिलेवार ब्योरा भी मांगा है। इसमें रियायती दर पर दी गई जमीन या अन्य सरकारी लाभ, उनके साथ लगाई गई शर्तें तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को रियायती दर पर इलाज देने की व्यवस्था की जानकारी शामिल है।

मामले की अगली सुनवाई 21 सितंबर को होगी। न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजिव शुक्ल की पीठ ने वी द पीपल की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि निजी अस्पतालों और अन्य क्लीनिकल संस्थानों द्वारा वसूली जाने वाली फीस के नियमन के मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार को गंभीरता से विचार करना होगा। इसके लिए नया कानून बनाने या मौजूदा कानून में संशोधन की आवश्यकता पर भी विचार किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट्स (रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन) एक्ट, 2010 का उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों में सुविधाओं और सेवाओं के न्यूनतम मानक तय करना और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार करना है।

हालांकि, इलाज के लिए वसूले जाने वाले शुल्क में एकरूपता और तर्कसंगतता सुनिश्चित करने का पर्याप्त तंत्र कानून में दिखाई नहीं देता। पीठ ने क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट्स (सेंट्रल गवर्नमेंट) रूल्स, 2012 के नियम 9 का भी उल्लेख किया। इसके तहत अस्पतालों और अन्य क्लीनिकल संस्थानों को प्रत्येक सेवा और उपलब्ध सुविधा की दरें प्रदर्शित करनी होती हैं। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों से परामर्श के बाद निर्धारित शुल्क की सीमा के भीतर ही दरें वसूलने का प्रावधान है। कोर्ट ने कहा कि संस्थानों की प्रकृति के आधार पर शुल्क में कुछ अंतर उचित हो सकता है, लेकिन बीमारी और इलाज के नाम पर आम आदमी को अत्यधिक शुल्क वसूलकर ब्लगभग लूटनेब्ल की स्थिति स्वीकार नहीं की जा सकती। पीठ ने यह भी सवाल उठाया कि 2010 के कानून के तहत गठित किए जाने वाले नेशनल काउंसिल ऑफ क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट्स का गठन हुआ है या नहीं और यदि हुआ है तो वह प्रभावी रूप से काम कर रहा है या नहीं। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में स्टेट काउंसिल की स्थापना और उसके कार्यों की भी जानकारी मांगी। कोर्ट ने लखनऊ जिला पंजीकरण प्राधिकरण को अधिनियम की धारा 33 के तहत निजी क्लीनिकल संस्थानों में की गई जांच का ब्योरा और उसके बाद की गई कार्रवाई की जानकारी देने का निर्देश दिया। पिछले पांच वर्षों में हर वर्ष प्राधिकरण द्वारा किए गए कार्यों का विवरण भी मांगा गया है। इसमें यह भी बताना होगा कि निजी अस्पताल मरीजों के मेडिकल रिकॉर्ड रखने संबंधी नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं और इसकी जांच के लिए कोई निरीक्षण किया गया है या नहीं। राज्य सरकार को पूरक हलफनामा दाखिल कर निजी अस्पतालों में सेवाओं में कमी की स्थिति में मरीजों के लिए उपलब्ध शिकायत निवारण तंत्र की जानकारी देने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सरकारी सहायता प्राप्त निजी अस्पतालों में निर्धारित शर्तों के अनुपालन की निगरानी के तंत्र का भी ब्योरा मांगा गया है।

महिगंवा में पिटाई से घायल महिला की मौत

लखनऊ। महिगंवा थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई मारपीट में गम्भीर रूप से घायल महिला की शुक्रवार को मौत हो गई, हालांकि पुलिस ने बीमारी से हुई मौत बताया है। वहीं, परिजनों का कहना है कि महिला बाजार से घर लौट रही थी। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने उसे रास्ते में रोक लिया और लाठी-डंडों व लात-घूंसों से मारपीट की। हमले में महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद गांव में तनाव का माहौल है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और एहतियातन पुलिस बल तैनात किया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना महिगंवा थाना क्षेत्र स्थित डिंगुरपुर गांव का है। मृतका की पहचान शंकुतला (39) के रूप में हुई है। वह अपने पति विजय कुमार और दो बच्चों 13 वर्षीय अरुण और 9 वर्षीय पल्ली के साथ रहती थीं। परिवार मजदूरी करता है। परिजनों के मुताबिक, 3 अगस्त को शंकुतला बाजार से अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान गाजीपुर गांव के पास कुछ लोगों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि करीब आधा दर्जन लोगों ने शंकुतला और उनके पति के साथ लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की। घटना में कई लोग घायल हुए थे। शंकुतला को गम्भीर चोटें आई थीं। परिजनों का आरोप है कि मारपीट करने वाले लोगों ने घटना के बाद उन्हें धमकी भी दी। शंकुतला की हालत लगातार बिगड़ती गई और उनका इलाज चल रहा था। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार दोपहर शंकुतला की तबीयत अचानक ज्यादा बिगड़ गई। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। भाई राकेश कुमार ने पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की मौत के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने फोर्स तैनात कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। मृतका के 13 वर्षीय बेटे अरुण ने बताया कि 3 अगस्त को उसकी मां बाजार से घर लौट रही थीं। रास्ते में कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। बेटे के मुताबिक, करीब आधा दर्जन लोगों ने उसकी मां के साथ लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की। मारपीट में मां गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। अरुण का आरोप है कि मारपीट करने वालों ने धमकी भी दी थी। घटना के बाद मां की तबीयत लगातार खराब होती गई। शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। मां की मौत के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस ने समय रहते नहीं की प्रभावी कार्रवाईः मृतका के भाई राकेश कुमार का आरोप है कि घटना के बाद शिकायत किए जाने के बावजूद पुलिस ने समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की। उनका कहना है कि यदि समय रहते आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होती और उनकी बहन का बेहतर इलाज कराया जाता तो शायद उनकी जान बच सकती थी। परिजनों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। महिला की मौत के बाद पुलिस ने गांव में सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस का कहना है कि जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे में भ्रष्टाचार के आरोपों पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

विधि संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे के शुरू होने के महज 26 दिनों के भीतर 74 स्थानों पर गड्ढे बनने और सड़क क्षतिग्रस्त होने के आरोपों को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने केंद्र और राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। कोर्ट ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और प्रदेश के परिवहन विभाग को याचिका में लगाए गए आरोपों पर बिंदुवार जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने एक जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में कहा गया है कि करीब 4700 करोड़ रुपये की लागत से बने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे के चालू होने के 26 दिनों के भीतर ही 74 अलग-अलग स्थानों पर गड्ढे बन गए या सड़क टूट गई। याची ने एक्सप्रेसवे के निर्माण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इसकी स्वतंत्र जांच की मांग की है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराने अथवा सीबीआई जैसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। याचिका में एक्सप्रेसवे पर वसूले जा रहे टोल टैक्स की दरों को भी अत्यधिक बताते हुए इन्हें कम करने की मांग की गई है। याची का कहना है कि सड़क की गुणवत्ता और टोल की दरों से जुड़े इन मुद्दों की स्वतंत्र जांच आवश्यक है। कोर्ट ने सभी संबंधित पक्षों से याचिका में उठाए गए आरोपों और मांगों पर बिंदुवार जवाब मांगा है।

अवध बार एसोसिएशन में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण अनिवार्यः इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंड पीठ ने शुक्रवार को अवध बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी में महिला अधिवक्ताओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि बार एसोसिएशनों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश बाध्यकारी हैं और उनका अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजिव शुक्ला की पीठ ने अवध बार एसोसिएशन में महिला अधिवक्ताओं के लिए आरक्षण की मांग वाली दो जनहित याचिकाओं का निस्तारण करते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि अवध बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी में कुल 22 पद हैं। महिलाओं को 30 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने के लिए कम से कम सात पद महिलाओं के लिए आरक्षितकिए जाने होंगे। पीठ ने विस्तृत आदेश में आरक्षित किए जाने वाले पदों और उनके रोटेशन की व्यवस्था भी तय कर दी। कोर्ट ने आदेश दिया है कि 2026 के चुनाव में छह जूनियर एक्जीक्यूटिव पदों में से दो, छह सीनियर एक्जीक्यूटिव पदों में से दो और तीन संयुक्त सचिव पदों में से एक पद महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगा। कोषाध्यक्ष का पद पहले ही 2026 के लिए महिलाओं के लिए आरक्षित किया जा चुका है। यह पद 2029 में और उसके बाद प्रत्येक तीन वर्ष में रोटेशन के आधार पर महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगा। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि सीनियर वाइस प्रेसिडेंट का पद, जिसके लिए 20 वर्ष की नियमित एवं सक्रिय वकालत का अनुभव आवश्यक है, 2026 में महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगा। इसके बाद 2029 और 2032 में भी यह पद महिलाओं के लिए आरक्षित होगा। अध्यक्ष का पद 2028 में महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा और इसके बाद 2031 व 2034 में भी आरक्षण लागू होगा। अन्य उपाध्यक्ष पदों के लिए भी रोटेशन के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था की गई है। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी आरक्षित पद पर योग्य महिला उम्मीदवार उपलब्ध न होने के कारण नियुक्ति नहीं हो पाती है तो लखनऊ पीठ के वरिष्ठ न्यायाधीश द्वारा महिला अधिवक्ता को नामित किया जाएगा। ये निर्देश ओध बार एसोसिएशन के मौजूदा उपनियमों में शामिल माने जाएंगे। पीठ ने आगामी चुनावों के लिए आदेश दिया है कि प्रत्याशियों को नामांकन पत्र में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर या आपराधिक मामले, उनकी वर्तमान स्थिति और मामले के परिणाम का विवरण देना होगा। किसी तथ्य को छिपाने या गलत जानकारी देने पर प्रत्याशी का नामांकन अथवा निर्वाचन रद्द किया जा सकेगा।

अवध बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं को बांटे गये तिरंगे

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को अवध बार एसोसिएशन में राष्ट्रध्वज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक राष्ट्रवादी संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पंडित एस. चंद्रा को तिरंगा प्रदान किया गया। इसके बाद महासचिव ललित किशोर तिवारी को राष्ट्रध्वज देकर उन्हें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। इसके बाद अवध बार एसोसिएशन के सैकड़ों सदस्यों के बीच तिरंगे का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अपर महाधिवक्ता वीके शाही, अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी, अपर महाधिवक्ता अनुज कुदेसिया , अपर महाधिवक्ता ज्योत्सना पाल बंसल, अपर महाधिवक्ता सुदीप कुमार, मुख्य स्थायी अधिवक्ता रवि सिंह सिसोदिया, अधिवक्ता परिषद की क्षेत्रीय संयोजिका मीनाक्षी सिंह परिहार, कंचन सिंह, रितिका सिंह, जयंती सिंह, प्रमोद पांडेय, संतोष शुक्ला, संजीव राव समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया।

सूचना-

सूच्य हो कि मेरा नाम सलमा पत्नी लियाकत अली है। मेरे पासपोर्ट पर सलमा बेगम लिख गया है, जो कि गलत है। मुझे सलमा के नाम से पढ़ा व समझा जाए।

श्रीमती सलमा पत्नी लियाकत नि0 ग्राम मोतीपुर पो0 सेलूमऊ थाना हरगांव तह0 व जिला सीतापुर।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड पर उसका नाम सुमेश बाजपेई (SUMESH BAJPEI) अंकित हो गया है, जो कि गलत है। पुत्र के हाईस्कूल अंक प्रमाण पत्र में उसका सही नाम SOMESH BAJPAI अंकित है। अंक प्रमाण पत्र के अनुसार आधार कार्ड पर पुत्र का सही नाम SOMESH BAJPAI दर्ज किया जाये। विनय कुमार पुत्र रामऔतार निवासी गुजिया नगर पंचायत महोली तहसील महोली-सीतापुर।

संक्षेप

पिछले दो दशकों से हर सीने पर तिरंगा सजा रहे हैं युवा रमेश

मथुरा। आज के डिजिटल युग में जहां लोग अक्सर अपनी देशभक्ति को सोशल मीडिया तक सीमित रखते हैं, वहीं मथुरा के अंतापाड़ा क्षेत्र के रहने वाले युवा रमेश पिछले दो दशकों से अपने जमीनी प्रयासों से समाज में राष्ट्रप्रेम की एक अनूठी मिसाल पेश कर रहे हैं। अवसर चाहे 26 जनवरी का हो या 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) का, राष्ट्रीय पर्व आते ही रमेश की पूरी दिनचर्या राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग जाती है। रमेश पिछले लगभग 20 वर्षों से हर राष्ट्रीय पर्व पर लोगों के सीने और वाहनों पर तिरंगा लगाने का नेक कार्य कर रहे हैं। पर्व से ठीक एक दिन पहले रमेश तिरंगे के तीन रंगों से सजे कपड़ों, बच्चों-बड़ों के लिए हेयरबैंड, चोटी की रबड़, कलाई के बैंड, पॉकेट झंडे, गाड़ियों पर लगाने वाले तिरंगे और विशेष टोपियों से भरा थैला लेकर निकलते हैं। यह अभियान केवल गली-मोहल्लों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वे जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, डीएम, एसएसपी और अन्य विभागाध्यक्षों के कार्यालयों तक पहुंचकर उन्हें सम्मान तिरंगा झंडा भेंट करते हैं। रमेश के इस जुनून की शुरूआत बरसों पहले होलीगेट क्षेत्र में एक छोटी सी चाय की दुकान चलाने के दौरान हुई थी, जहां से गुजरने वाली देशभक्ति रैलियों को देखकर उनके मन में तिरंगे के प्रति जो अलख जगी, वह आज तक जारी है।

लोहवन विद्यालय में मेधावी सम्मान समारोह आयोजित

मथुरा। जनपद के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहवन में अवादा फाउंडेशन के तत्वावधान में वर्ष 2026 की हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान हेतु एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी श्रीमती गरिमा खरे रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के बैंड द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण किया गया तथा बालिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या श्रीमती कविता सक्सेना ने मुख्य अतिथि को माला और पटका पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि श्रीमती गरिमा खरे के कर-कमलों द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं अरुण धनगर, करण, लवली, शीतल और परी रावतकृको साइकिलें प्रदान की गईं। जिला विकास अधिकारी श्रीमती गरिमा खरे ने छात्र-छात्राओं को परिश्रम और ईमानदारी के साथ सफलता हासिल करने का संदेश दिया और शिक्षा के क्षेत्र में अवादा फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। प्रधानाचार्या श्रीमती कविता सक्सेना ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि परिश्रम के बल पर सफलता स्वयं चलकर आती है। गाँव के वयोवृद्ध रघु किशोर ने भी बच्चों को आशीर्वाद दिया और फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। सम्मानित विद्यार्थियों (करण, अर्जुन और लवली) ने कहा कि यह साइकिलें उनके जीवन की दौड़ में सफलता तक पहुँचने में मददगार साबित होंगी।

हरियाली तीज को लेकर डीएम और एसएसपी ने की अफसरों संग ब्रीफिंग

मथुरा। हरियाली तीज पर्व के सम्बंध में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द ऑडीटोरियम चारधाम, वृन्दावन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ब्रीफिंग हुई संपन्न। बैठक में ड्यूटी मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी, नगर निगम, विद्युत, विप्रा, स्वास्थ्य, नागरिक सुरक्षा, लोनिवि, खाद्य सुरक्षा आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में डीएम ने सभी ड्यूटी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रातः 6 बजे अपने-अपने ड्यूटी स्थलों पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि हरियाली तीज के पर्व पर मथुरा, वृन्दावन, बरसाना, गोकुल, गोवर्धन आदि स्थलों पर लगभग 50 लाख श्रद्धालुओं की आने की संभावना है। उन्होंने कहा श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु पुलिस-प्रशासन कटिबद्ध है। हरियाली तीज के दृष्टिगत क्षेत्र को 4 सुपर जोन तथा 18 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। उन्होंने अवगत कराया कि श्री बांके बिहारी जी मंदिर के दर्शन का समय भी बढ़ाया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को सरल, सुगम एवं सुरक्षित दर्शन उपलब्ध कराए जा सके।

डीएम ने अवगत कराया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई है। उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिसमें स्वास्थ्य कैंप, नियमित दूरी पर एम्बुलेंस, अस्पतालों में बेड को आरक्षित तथा डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि ब्रज को प्लास्टिक मुक्त बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को पुनः भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। किसी भी श्रद्धालु को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमित खाद्य पदार्थों की चेकिंग सुनिश्चित करे तथा दूषित/मिलावटी खाद्य सामग्री को नष्ट कराते हुए संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने एस0पी0 यातायात को निर्देश दिए कि यातायात सुचारू बनाए रखने हेतु नियमों का पूर्ण रूप से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि डाइवर्जन प्लान का आधिकाधिक प्रचार प्रसार करे। उन्होंने कहा कि पार्किंग, बैरियर, बैरिकेडिंग आदि व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा सभी पॉइंट पर ड्यूटी लगाए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अपने कार्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने प्रकाश व्यवस्था हेतु मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया। गड्ढा मुक्त मार्ग हेतु लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने निर्देश दिए कि पी0ए0 सिस्टम के माध्यम से नियमित अनाउंसमेंट करते रहे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं, पर्यटकों, दर्शनार्थियों एवं परिक्रमार्थियों की सुरक्षा हेतु नियमित दूरी पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है तथा कंट्रोल रूम से निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। डीएम ने अवगत कराया कि दिव्यांगजन, वृद्ध आदि व्यक्तियों हेतु गोल्फ कार्ट की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि शरारती लोगों पर पैनी नजर बनाए रखे तथा अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।

पीपी ज्वैलर्स से सोने की चेन लूट का 20 घंटे में खुलासा,एक आरोपी गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज पुलिस और एसओजी टीम ने पीपी ज्वैलर्स की दुकान से हुई सोने की चेन लूट की घटना का महज 20 घंटे में खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से लूटी गई करीब 10 ग्राम वजन की सोने की चेन, अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। घटना में शामिल दूसरा आरोपी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। 13 अगस्त को दोपहर कस्बा सिरसागंज के इटावा रोड स्थित पीपी ज्वैलर्स पर दो युवक सफेद रंग की बिना नंबर प्लेट वाली टाटा नेक्सोन कार से पहुंचे थे। इनमें से एक युवक ग्राहक बनकर दुकान में गया और सोने की चेन खरीदने की बात कहकर दो चेन अपने गले में पहन लीं। दुकानदार को शक होने पर जब उसने चेन वापस मांगी तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए बाहर खड़े अपने साथी के साथ कार में बैठकर फरार हो गया। दुकानदार ने बाइक से आरोपियों का पीछा किया, लेकिन नगला राधे मोड़ के पास आरोपियों ने तमंचा दिखाकर उसे धमकाया और इटावा की ओर फरार हो गए। मामले में थाना सिरसागंज पुलिस ने केस दर्ज कर दुकान और टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज के साथ तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। जांच के दौरान घटना में प्रयुक्त कार की पहचान होने के बाद पुलिस ने लगातार दबिश देकर ईशू पुत्र वीरभान निवासी ग्राम वेदपुरा थाना वेदपुरा, जनपद इटावा को दिहुली रोड पर नवनिर्मित कोल्ड स्टोर के पास कठफोरी से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने अपने साथी अभिषेक के साथ मिलकर ज्वैलर्स की दुकान में लूट की योजना बनाई थी। दोनों ने कार चार हजार रुपये प्रतिदिन के किराये पर ली थी और गूगल मैप की मदद से सिरसागंज की ज्वैलर्स की दुकानों की जानकारी जुटाई थी। पकड़े जाने से बचने के लिए उन्होंने कार की नंबर प्लेट हटाकर पीछे सीट पर रख दी थी। पुलिस के मुताबिक घटना के बाद दोनों आरोपी कार से इटावा की ओर भागे और कठफोरी टोल प्लाजा पर पकड़े जाने के डर से बैरियर तोड़कर निकल गए। बाद में दोनों ने लूटी गई दो चेन में से एक-एक चेन आपस में बांट ली। पुलिस ने गिरफ्तार ईशू के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

विभाजन की विभीषिका को किया याद दीप प्रज्वलित कर दी श्रद्धांजलि

मथुरा। भाजपा मथुरा महानगर की ओर से शुक्रवार को कंकाली स्थित होटल मुकुंद धाम में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान 1947 के भारत-पाकिस्तान विभाजन की त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई और विस्थापित परिवारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह, मथुरा-वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह और महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि नीरज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 14 अगस्त का दिन स्वतंत्रता की खुशी के साथ-साथ विभाजन की अमानवीय पीड़ा की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन किसी समुदाय के प्रति नफरत का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और देश की अखंडता को और मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने युवा पीढ़ी से पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान से सीख लेने का आह्वान किया। विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि विस्थापन का दर्द झेलने वाले परिवारों का त्याग और साहस देश कभी नहीं भूल सकता। महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद देशवासियों ने नए सिरे से जीवन शुरू कर राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दिया। संगोष्ठी के अंत में विभाजन की त्रासदी का दंश झेलने वाले परिवारों के परिजनों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के उपरांत मुकुंद धाम से भूतेश्वर तक एक मौन जुलूस निकाला गया, जिसके माध्यम से विभाजन के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने और संचालन महानगर उपाध्यक्ष चंद्रपाल कुंतल ने किया। इस दौरान एमएलसी ठाकुर ओम प्रकाश सिंह, पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, जिपं अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा, 5 नमूने संग्रहीत

मथुरा। उत्तर प्रदेश के आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (लखनऊ) तथा जिलाधिकारी महोदय, मथुरा के आदेशों के अनुपालन में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान डा. जतिन कुमार सिंह (सहायक आयुक्त, खाद्य) के निर्देशन और केके त्रिपाठी (मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी) के नेतृत्व में खाद्य सचलदल की टीमों द्वारा संचालित किया गया। अभियान के दौरान सोना मिठाई (लक्ष्मिनगर) बूंदी लड्डू का 1 नमूना, पुराना बस स्टैंड से बूंदी का 1 नमूना, बीकानेर मिष्ठान भंडार (गोवर्धन रोड) बूंदी लड्डू का 1 नमूना, मधु मिष्ठान भंडार (छटीकरा) बूंदी का 1 नमूना, ब्रजवासी स्वीट्स सोशल मीडिया पर प्रसारित दूषित बटर टोस्ट की खबर का संज्ञान लेते हुए बटर टोस्ट का 1 नमूना सहित कुल पांच नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए, जिन्हें राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सचलदल टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह, अरूण कुमार राणा, जितेन्द्र सिंह, राम नरेश, दिनेश कुमार भारती, मोहर सिंह कुशवाह, रीना शर्मा और नेहा शामिल अधिकारी शामिल रहे।

कस्तूरबा गांधी विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आयोजित

फिरोजाबाद। कस्तूरबा गांधी विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य रहे। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम बदन राम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम मौजूद रही। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य से सीधे जुड़ा महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। पेट में कृमि होने से भोजन का संपूर्ण पोषण शरीर को नहीं मिल पाता, जिसके कारण बच्चों में कुपोषण, एनीमिया और रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि एक से 19 वर्ष तक के सभी लक्षित बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली अवश्य खिलाई जाए, जिससे कोई भी बच्चा अभियान से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि दवा लेने से छूटे बच्चों के लिए 18 अगस्त को मॉपअप राउंड आयोजित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि जनपद का कोई भी बच्चा इस महत्वपूर्ण अभियान से वंचित न रहे। उन्होंने स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर कृमि संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

36 घंटे में चोरी की लाइसेंसी पिस्टल और 30 कारतूस बरामद, वांछित गिरफ्तार

टूंडला। थाना टूंडला पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को 36 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की लाइसेंसी फैक्ट्री मेड .32 बोर पिस्टल और 30 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है। एसएसपी फिरोजाबाद द्वारा जनपद में अवैध शस्त्रों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी टूंडला के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।

इसी क्रम में 14 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर थाना टूंडला में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 380/26 धारा 305ए बीएनएस से संबंधित वांछित आरोपी राहुल पुत्र राधेश्याम, निवासी ग्राम निजामपुर थाना जसराना फिरोजाबाद, को तहसील से प्रतापपुर रोड स्थित काशीराम तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक चोरी की फैक्ट्री मेड 32 बोर लाइसेंसी पिस्टल मय कोस्टा तथा 30 जिंदा कारतूस 32 बोर बरामद किए। थाना पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की व आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तारी, कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बैजनाथ सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज पौनिया, उपनिरीक्षक हर्षित कुमार, जतिनपाल सिंह, विजय सिंह हेड कांस्टेबल कर्मवीर हरवेन्द्र तथा कांस्टेबल संतोष शामिल रहे।

चोरी के ई-रिक्शा व तमंचों के साथ 3 गिरफ्तार

फिरोजाबाद। वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना रामगढ़ पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी का एक ई-रिक्शा दो अवैध तमंचे .315 बोर तथा चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में, थाना रामगढ़ पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने भीकनपुर तिराहे से हसमत नगर जाने वाले रास्ते से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान अंसार पुत्र साहबजादे, शहजाद पुत्र कमरूद्दीन और मोना उर्फ हसन पुत्र मोहब्बत अली, निवासी फाजिलगंज थाना रामगढ़, फिरोजाबाद के रूप में हुई। जिनके कब्जे से एक चोरी का ई-रिक्शा दो अवैध तमंचे और चार जिंदा कारतूस बरामद किए। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे, उपनिरीक्षक आदित्य चौधरी अंकुर कुमार, कांस्टेबल भूपेन्द्र चौधरी सर्विलांस, कांस्टेबल दीपक कुमार, शुभम तेवतिया, कांस्टेबल देवेन्द्र सिंह तथा रिजर्व पुलिसकर्मी रचित चौधरी शामिल रहे।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

फिरोजाबाद। एसआरके डिग्री कॉलेज में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त प्रवक्ताओं और बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष असीजा रहे, सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सहित समस्त छात्रों ने विभाजन विभीषिका पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया, साथ ही मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा और सुना, कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अपने संबोधन में विभाजन की त्रासदी विस्थापन के दर्द और वर्तमान संदर्भ में राष्ट्रीय अखंडता के महत्व पर विस्तार से विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर सदर विधायक ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी विभाजन के उस गहरे दर्द को सीधे तौर पर महसूस नहीं कर सकती, उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब विद्यालय में कक्षा या सेक्शन बदल जाने से ही बिछड़ने का दर्द महसूस होता है, तो आप महसूस कीजिए कि उन लोगों का दर्द जिन्हें अपना घर-वार खेत, खलिहान, रिश्ते नाते और सदियों पुरानी जड़े छोड़कर हमेशा के लिए विस्थापित होना पड़ा।

उन्होंने बताया कि विभाजन के समय दोनों ओर से लगभग दो करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए थे, जो विश्व के इतिहास में सबसे बड़ा विस्थापन था, लाखों लोगों ने अपनी जान गवाई, उन्होंने कहा कि अखंड भारत कभी भी इस बंटवारे को नहीं चाहता था, उन्होंने आने वाली पीढियो को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि युवाओं को इतिहास की इस विभीषिका से सीख लेनी चाहिए, हमें समाज में किसी प्रकार की कड़वाहट नहीं रखनी है, परंतु देश को कमजोर करने वाली और बांटने वाली ताकतों के प्रति सदैव जागरूक रहना है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य अपनी स्वतंत्रता के लिए चुकाई गई भारी कीमत और पूर्वजों के बलिदान को याद करना है, ताकि देश की एकता और भाईचारा सदैव अक्षुण्य रहे। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी चंदन पांडे ने भी भारत विभाजन की विभीषिका से उत्पन्न चुनौतियों, परिस्थितियों और परिणाम का व्यापक रूप से वर्णन छात्रों के समक्ष सुनाया। प्राचार्य डिग्री कॉलेज डॉ. रवि माहेश्वरी, ने और प्रो.डॉ0 विजेंद्र मिश्रा ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। इस अवसर पर विभाजन विभीषिका पर आधारित दो मिनट की लघु फिल्म भी दिखाई गई, कार्यक्रम के अंत में अपर जिलाधिकारी नमामी गंगे मोहनलाल गुप्ता द्वारा धन्यवाद अर्पित किया गया। इस अवसर पर प्रो.एमए सिद्दीकी डॉ. संतोष यादव, प्रो. रश्मि जैन, डॉ. वंदना सिंह, प्रो. कविता अग्रवाल डॉ. व्योमेश यादव, प्रो. शहरयार अली डॉ. अमर प्रकाश प्रो.एमके अग्रवाल, डॉ. पूनम तोमर जिला पर्यटन अधिकारी विशाल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

सवर्ण आयोग के गठन की मांग उठी

अयोध्या। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद ने सामाजिक और आर्थिक मुद्दों को लेकर राष्ट्रपति को चार सूत्रीय संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट संजीव कुमार उपाध्याय को सोपा। ज्ञापन में सामान्य वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए सवर्ण आयोग के गठन की मांग की गई। परिषद ने एससी-एसटी एक्ट में पूर्णता की समीक्षा करने, आरक्षण का लाभ आर्थिक आधार पर सभी जातियों एवं वर्गों को देने तथा यूजीसी के कथित काले कानून को वापस लेने की मांग उठाई। परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था से समाज में असमानता और विभाजन की भावना बढ़ रही है। उन्होंने राष्ट्रपति से मांगों को पूरा करने की मांग की। ज्ञापन के पूर्व सिविल लाइन स्थित एक स्थानीय होटल में एक बैठक भी की गई बैठक में विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा भी की गई।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस आयोजित केबिनेट मंत्री ने पीड़ितों को किया सम्मानित

मथुरा। जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के विभाजन के दौरान अपनों को खोने वाले पीड़ितों और उनके परिजनों को नमन करना तथा नई पीढ़ी को इतिहास की इस त्रासदी से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत में मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी ने विभाजन विभीषिका से संबंधित एक विशेष प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया और उसका अवलोकन किया। इस अवसर पर बल्देव क्षेत्र के विधायक पूरन प्रकाश, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण

कुमार उपाध्याय और उपायुक्त मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बंटवारे की त्रासदी को झेलने वाले वरिष्ठ नागरिकों में नारायण दास लखवानी, बसंत मंगलानी, तुलसीदास गंगवानी, चंदनलाल आडवानी, किशोर इसरानी, मलिक अरोड़ा, जगदीश चावला और के.एल. जुनेजा सहित अन्य गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों और अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभाजन की त्रासदी पर आधारित एक लघु वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री) फिल्म का अवलोकन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह दिन हमें आपसी भाई-चारे, सामाजिक सौहार्द और मानवीय मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प दिलाता है ताकि भविष्य में कभी ऐसी मानवीय त्रासदी दोबारा न दोहराई जाए।

स्वतंत्रता दिवस से पूर्व निकली भव्य बाइक तिरंगा रैली, राष्ट्रप्रेम और स्वच्छता का गूंजा संदेश

मथुरा। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर से पूर्व शुक्रवार की सुबह कान्हा की नगरी मथुरा-वृंदावन देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आई। नगर निगम मथुरा-वृंदावन की ओर से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगभग 25 किलोमीटर लंबी भव्य बाइक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य आकर्षण यह रहा कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने खुद बाइक चलाई और जिलाधिकारी (डीएम) चंद्र प्रकाश सिंह हाथ में तिरंगा थामे नजर आए। रैली का नेतृत्व जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार और नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने स्वयं आगे रहकर किया। रैली की शुरूआत प्रातः 7 बजे भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय से हुई और विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए टैंक चैराहा पर इसका समापन हुआ। यह यात्रा भूतेश्वर चैराहा, भूतेश्वर अंडरपास, गोविंद नगर थाना, महाविद्या, मसानी रोड, वृंदावन (पागल बाबा, 100 फीट फ्लाईओवर, परिक्रमा मार्ग), डीग गेट, भरतपुर रोड चैराहा, होली गेट, म्यूजियम रोड/डैम्पियर, स्टैट बैंक चैराहा और मछली फाटक फ्लाईओवर से गुजरी। तिरंगा यात्रा के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को स्वच्छ एवं सुंदर ब्रज के संकल्प से जोड़ा गया। पूरे मार्ग में हम सबने ठाना है-ब्रज को स्वच्छ बनाना है और भारत माता की जय के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

कांग्रेस की बैठक में बवाल: जिलाध्यक्ष पर हमला

- पर्यवेक्षक के सामने चले लाठी-डंडे, चार पदाधिकारी घायल

मथुरा। नौहझील में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर आयोजित कांग्रेस की बैठक उस समय हंगामे में बदल गई, जब कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के साथ कुछ लोगों ने कथित तौर पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। जिलाध्यक्ष को बचाने पहुंचे कार्यकताओं से भी मारपीट की गई। देखते ही देखते बैठक स्थल पर अफरातफरी मच गई। कार्यकताओं के बीच कुर्सियां फेंककर हमला होने लगा। घटना में जिलाध्यक्ष समेत कांग्रेस के चार पदाधिकारी घायल हो गए। घटना के संबंध में पूर्व शहर अध्यक्ष, कोऑर्डिनेटर हाथरस विक्रम वाल्मीकि द्वारा 5 नामजदों सहित 15 अज्ञात युवकों के खिलाफ तहरीर स्थानीय पुलिस को दी गई है। पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है व जांच पड़ताल में जुट गई है।

कस्बा नौहझील के शेरगढ़ रोड स्थित रामा मैरिज गार्डन में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे कांग्रेस की बैठक शुरू हुई। इसमें कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं कर्नाटक की पूर्व विधायक डॉ. अंजलि निंबालकर पर्यवेक्षक के रूप में पहुंची थीं। बैठक में कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे। नीचे हॉल में कार्यकताओं की बैठक चल रही थी, जबकि ऊपर कमरे में पर्यवेक्षक जिले के संगठन और पदाधिकारियों के संबंध में चार-पांच कार्यकताओं के अलग-अलग समूह बनाकर फीडबैक ले रही थीं।

बताया गया कि दोपहर करीब दो बजे बैठक के दौरान अचानक पांच नामजद और करीब 15 अज्ञात युवकों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के साथ गाली-गलौज करते हुए हाथापाई शुरू कर दी। जिलाध्यक्ष के साथ मारपीट होती देख उन्हें बचाने पहुंचे कार्यकताओं से भी कथित तौर पर लाठी-डंडों से मारपीट की गई। देखते ही देखते बैठक स्थल पर अफरातफरी की स्थिति बन गई। दोनों पक्षों की ओर से कुर्सियां फेंकी जाने लगीं। हंगामे में दर्जनों कुर्सियां टूट गईं। मारपीट में जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के अलावा जिला उपाध्यक्ष अप्रयम सक्सेना, जिला महासचिव दीपक दीक्षित और पूर्व शहर अध्यक्ष एवं हाथरस के कोऑर्डिनेटर विक्रम वाल्मीकि घायल हो गए। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना पर क्राइम इंस्पेक्टर मनोज शर्मा और उपनिरीक्षक मेहरचंद बैंसला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी वहां से जा चुके थे। घटना के संबंध में विक्रम वाल्मीकि ने पांच नामजद समेत 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने आरोप लगाया कि वह कांग्रेस से सांसद का चुनाव लड़ चुके हैं और वर्तमान में पार्टी के जिलाध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों ने मेरी बढ़ती लोकप्रियता से निराश होकर मुझ पर और मेरे साथियों पर जानलेवा हमला हमला किया है।

संक्षेप

सड़क हादसे में ग्राम प्रधान घायल

सोनभद्र। डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर डाला खन्ना कंपनी के समीप गुरुवार की रात करीब नौ बजे एक सड़क दुर्घटना में मारकुंडी ग्राम प्रधान उधम सिंह यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया दुर्घटना के बाद घायल ग्राम प्रधान को तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए देर रात वाराणसी रेफर कर दिया घटना की जानकारी मिलते ही मारकुंडी ग्रामसभा सहित आसपास के क्षेत्रों में चिंता का माहौल बन गया। ग्राम प्रधान के परिजन, ग्रामीण एवं शुभचिंतक उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं। लोगों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने और जल्द सकुशल घर लौटने की कामना की है। मारकुंडी ग्राम प्रधान उधम सिंह यादव के घायल होने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं परिचितों ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। सभी ने उनके बेहतर उपचार और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। फिलहाल ग्राम प्रधान उधम सिंह यादव का वाराणसी में उपचार जारी है।

दो बाइकों में टक्कर तीन लोग घायल

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित बसही गांव के पास बीती रात तेज रफ्तार दो बाइकों में जोरदार आमने-सामने टक्कर हो गया। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना होने की जानकारी पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल एक युवक को एंबुलेंस सेवा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर मिजार्पुर रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए वाराणसी के ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया। जहां पर इलाज चल रहा है स्थिति गंभीर बनी हुई है। लालगंज थाना क्षेत्र के बसही कलां गांव निवासी नईम अहमद किसी 38 वर्षीय पुत्र शकील अहमद किसी कार्य से पतुलकी, -छाहुर गांव में गया था जहां से देर रात घर के लिए अपनी बाइक से वापस लौटते समय सामने से आ रहे बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे बाइक पर सवार शकील अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि दूसरे बाइक पर सवार दो अज्ञात लोग हल्का चोटिल हुए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल शकील अहमद को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर व सिने में गम्भीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। हालत नाजुक बनी हुई है। घायल शकील के चाचा ग्राम प्रशासक रहीस अहमद ने बताया का वाराणसी के बीएचयू ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है।

1734 ग्राम पंचायतों में लगेंगे सूचना बोर्ड

जौनपुर। जिले की सभी 1734 ग्राम पंचायतों में अब सूचना बोर्ड लगाए जाएंगे। इन बोर्डों पर गांव में चल रही विकास योजनाओं, स्वीकृत कार्यों, उनकी लागत, प्रगति और लाभार्थियों से संबंधित जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आसानी से उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही, इससे कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी और पंचायत स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इन सूचना बोर्डों के जरिए ग्रामीण यह जान सकेंगे कि उनके गांव में कौन-कौन से कार्य स्वीकृत हुए हैं, वे किस योजना के तहत संचालित हो रहे हैं और उन पर कितनी धनराशि खर्च की जा रही है। इससे संभावित अनियमितताओं पर भी अंकुश लगने की उम्मीद है। ग्रामीणों को गांव में हुए विकास कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी ग्राम पंचायतों में सूचना बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन द्वारा सभी ग्राम सभाओं में सूचना बोर्ड लगाने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में जल्द ही ब्लॉक स्तर पर और उसके बाद ग्राम पंचायतों में बैठकें आयोजित की जाएंगी ताकि इस प्रक्रिया को सुचारु रूप से पूरा किया जा सके।

डुगडुगी पिटवाकर गैंगस्टर की 1.92 करोड़ की जमीन कुर्क

आजमगढ़। अपराध से अर्जित धन से खरीदी गई अंतरजनपदीय टप्पेबाज एवं चोर गैंग के सदस्य राज उर्फ सवारिया की करीब 1 करोड़ 92 लाख रुपये कीमत की 538.55 वर्ग मीटर भूमि को पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कुर्क कर लिया। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर शुक्रवार को डुगडुगी पिटवाकर ग्राम नदौरा तकरकारी और गड़ेरी पट्टी स्थित भूमि को प्रशासनिक कब्जे में लिया गया। पुलिस के अनुसार, थाना जीयनपुर में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे की विवेचना में सामने आया कि गैंगलीडर राज उर्फ सवारिया पुत्र सुरेश राम अपने साथियों के साथ संगठित गिरोह संचालित करता था।

गैंग के सदस्य आर्थिक लाभ के लिए प्रयागराज महाकुंभ, काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी, अयोध्या राम मंदिर सहित धार्मिक स्थलों, मेलों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं आम लोगों के सोने-चांदी के आभूषण और रुपये की टप्पेबाजी व चोरी करते थे। विवेचना में यह भी सामने आया कि अपराध से अर्जित धन का इस्तेमाल जमीन खरीदने में किया गया। पुलिस के मुताबिक, ग्राम नदौरा तकरकारी में 226.70 वर्ग मीटर तथा ग्राम गड़ेरी पट्टी में 311.85 वर्ग मीटर, कुल 538.55 वर्ग मीटर भूमि खरीदी गई थी। राजस्व विभाग के मूल्यांकन में इसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 1.92 करोड़ रुपये आंकी गई। पुलिस का कहना है कि जमीन खरीदने और ऋण की किश्तें चुकाने के लिए अभियुक्त के पास कोई वैध एवं पर्याप्त आय का स्रोत नहीं मिला। जांच में अपराध से अर्जित धन से संपत्ति खरीदने की पुष्टि होने पर जिला मजिस्ट्रेट आजमगढ़ ने गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया। एसएसपी डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में शुक्रवार को थाना बिलरियागंज पुलिस, थाना जीयनपुर पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कुर्की की कार्रवाई पूरी की। मौके पर नायब तहसीलदार सगड़ी आदर्श सिंह समेत राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और दोनों थानों की पुलिस मौजूद रही। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस के अनुसार, राज उर्फ सवारिया और उसके गैंग के खिलाफ चोरी, टप्पेबाजी समेत गैंगस्टर एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि संगठित अपराध और अपराध से अर्जित अवैध संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

मंदिर और विद्यालय के पास शराब की दुकान, प्रदर्शन

आजमगढ़। जनपद के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के गंभीरपुर-संजरपुर मार्ग पर ग्राम सभा रीवा में शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे देसी शराब और ठंडी बीयर की कंपोजिट दुकान के विरोध में करीब 50 महिलाओं ने प्रदर्शन किया। महिलाओं ने शराब की दुकान के सामने सड़क जाम कर विरोध जताते हुए दुकान को मंदिर और विद्यालय से दूर स्थानांतरित करने की मांग की। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप था कि शराब की दुकान के पास ही मंदिर और विद्यालय स्थित हैं। शराब पीकर आने वाले लोगों के उत्पात के कारण महिलाओं तथा छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। महिलाओं ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों के समीप शराब की दुकान होने से आए दिन असहज स्थिति पैदा होती है।

बताया गया कि देसी शराब व ठंडी बीयर की कंपोजिट दुकान लुहसा मुबारकपुर नाम से आवंटित है, लेकिन इसका संचालन ग्राम सभा रीवा में उस स्थान पर हो रहा है, जहां चक चकदेवानी, रीवा और लुहसा मुबारकपुर गांवों की सीमाएं मिलती हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार वर्ष 1998 से अलग-अलग अनुज्ञापियों द्वारा एक ही मकान में शराब के ठेके का संचालन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही गंभीरपुर थाना अध्यक्ष अमित त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन कर रही महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत कराया। करीब एक घंटे बाद महिलाओं ने सड़क जाम समाप्त किया, जिसके बाद मार्ग पर आवागमन सुचारु हो गया। ग्राम प्रधान रीवा जितेंद्र सिंह ने भी मंदिर और विद्यालय के पास से शराब की दुकान हटाकर किसी दूर स्थान पर संचालित किए जाने की मांग को लेकर संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए हैं। प्रदर्शन में संजय यादव, अर्जुन सरोज, मीना, मंती, बबीता, अनीता, रीना, पिंकी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। थानाध्यक्ष अमित त्रिपाठी ने बताया कि शराब का ठेका हटाने की मांग को लेकर कुछ महिलाएं एकत्र हुई थीं।

बेहोश कर जेवरात-नगदी उड़ाने वाले तीन गिरफ्तार

आजमगढ़। कोतवाली पुलिस ने झाड़-फूंक और तंत्र-मंत्र का झांसा देकर महिलाओं को बेहोश कर घर से जेवरात व नगदी चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो आरोपी महिलाओं को झांसा देकर बेहोश कर चोरी करते थे, जबकि तीसरा आरोपी चोरी के जेवरात को सस्ते दामों में खरीदकर गलाने का काम करता था।

पुलिस के अनुसार, जलंधरी निवासी गुड़िया ने शिकायत दर्ज कराई थी कि करीब चार माह पहले मोहम्मद आजम और अब्दुल राजिक चंदा मांगने के बहाने उसके घर पहुंचे थे। दोनों ने उसकी बेटी रोजी को झाड़-फूंक से ठीक करने का झांसा दिया। इसके बाद तंत्र-मंत्र और ताबीज के नाम पर परिवार को अपने विश्वास में लिया। अगले दिन दोनों आरोपी घर पहुंचे और झाड़-फूंक के नाम पर पानी में कुछ मिलाकर पिलाने तथा कोई पदार्थ सुंघाने के बाद गुड़िया, उसकी बेटी और बहन को बेहोश कर दिया। इसी दौरान घर की अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात और नगदी चोरी कर ली गई। इसी तरह बाज बहादुर निवासी रिजवान अहमद ने भी शिकायत दर्ज कराई थी कि 25 मार्च 2026 को दो व्यक्ति झाड़-फूंक और चंदा मांगने के बहाने उसके घर आए थे। आरोपियों ने उसकी पत्नी को काले साये और तंत्र-मंत्र का झांसा देकर भ्रमित किया और पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद घर से जेवरात चोरी कर लिए गए। दोनों मामलों में कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने 13 अगस्त की रात करीब 11:28 बजे कोट तिराहा से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद आजम (24), अब्दुल राजिक (29) और सूरज वर्मा (38) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि मोहम्मद आजम और अब्दुल राजिक महिलाओं को झाड़-फूंक व तंत्र-मंत्र के नाम पर विश्वास में लेते थे। इसके बाद उन्हें बेहोशी की दवा पिलाकर या पदार्थ सुंघाकर घर से जेवरात व नगदी चोरी कर लेते थे। चोरी के जेवरात सूरज वर्मा सस्ते दामों में खरीदकर गलाकर आगे बेच देता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही से दो मंगलसूत्र के लॉकेट, एक नाक की कील, 700 रुपये नकद, आठ सिक्के, मिट्टी का मटका, कांच की शीशी, करीब 150-200 ग्राम काली सरसों और तंत्र-मंत्र एवं झाड़-फूंक में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद किया है। पुलिस ने दोनों मामलों में संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार यादव, उपनिरीक्षक महेन्द्र कुमार सिंह, कांस्टेबल पिन्टु यादव, रिजर्व कांस्टेबल अभिषेक जायसवाल और रिजर्व कांस्टेबल गिरिजाशंकर शामिल रहे।

खरगे के अपमान पर कांग्रेस ने निकाला विरोध मार्च

जौनपुर। हल्द्वानी में भाजपा और संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के सभा मंच को अपवित्र कहकर गंगाजल से शुद्धीकरण किए जाने से आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष डा0 प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में पुष्पांजली रिस्टार्ट से जफराबाद थाना के सामने हाइवे पर शुक्रवार को विरोध मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के बाद सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव सीपी मित्तल ने कहा कि भाजपा दलितों सहित सभी समाज से नफर करती है। दलितों पर अत्याचार, सामाजिक अन्याय, भेदभाव भाजपा और संघ की पुरानी नीति है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश का संविधान सबको बराबरी का अधिकार देता है किंतु भाजपा जातिवादी विष घोलकर देश को जातीय आधार पर बांटने का काम कर रही है। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर गुरु गोपाल सिंह ने कहा कि भाजपा द्वारा किया गया यह भेद भाव किसी भी तरह स्वीकार नहीं है, सभ्य समाज और लोकतांत्रिक व्यवस्था में जातिवादी कुकृत्य भाजपा का चुनावी हथकंडा बन गया है। उपाध्यक्ष डा0 संतोष गिरी, कृष्णचंद्र निषाद, चंद्रशेखर निषाद, संदीप निषाद, इरशाद खान, तिलकधारी निषाद, सभासद शहनवाज मंजूर, फैयाज हाशमी, दयाशंकर पटेल, अखिलेश यादव, सुनीता देवी, रामआशीष यादव, अब्दुल रहीम अंसारी, सतीश चन्द्र निषाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

खण्ड शिक्षा अधिकारी पर कार्रवाई की मांग

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक शुक्रवार को संघ कार्यालय चहारसू में आयोजित हुई। बैठक में विकासखंड केराकत के खंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ शिक्षकों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों को लेकर चर्चा की गई।संघ पदाधिकारियों के अनुसार, केराकत ब्लॉक के शिक्षकों ने ठम्० पर अमानवीय व्यवहार करने, शिक्षिकाओं के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने तथा जातिगत आधार पर भेदभाव किए जाने के आरोप लगाए हैं। इन शिकायतों को लेकर शिक्षक संघ ने संबंधित अधिकारी के खिलाफ निष्पक्ष जांच और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की मांग की।

संघ के संयोजक संजय कुमार सिंह ने कहा कि केराकत ब्लॉक के शिक्षकों की ओर से अधिकारी के व्यवहार को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। यदि मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो शिक्षक संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा।प्रदेश उपाध्यक्ष डा. राजेश सिंह ने कहा कि आरोपों की निष्पक्ष जांच और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की मांग को लेकर संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात करेगा। विजय रघुवंशी, विकास सिंह, शोभनाथ यादव, अरुणेश कुमार, चंद्रकांत सिंह, दुर्गा यादव, ध्रुवराज यादव, रवि सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। संचालन संघ के सहसंयोजक सत्यप्रकाश मिश्र ने किया।

दिव्यांग बच्चों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

जौनपुर। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व महंगूपुर शीतला चैकिया स्थित रचना विशेष विद्यालय में गुरूवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

यात्रा में विद्यालय के दिव्यांग बच्चे, शिक्षक एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा निकाली। मुख्य अतिथि जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजेश कुमार नायक ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में दिव्यांग बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर रैली में शामिल हुए। रैली विद्यालय परिसर से निकलकर शीतला चैकिया धाम, धन्नेपुर चैराहा होते हुए विद्यालय परिसर में आकर समाप्त हो गयी। रैली का समापन नसीम अख्तर द्वारा किया गया। रैली के पूर्व विद्यालय परिसर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राजेश कुमार नायक ने कहा कि विशेष बच्चों की अक्षमताओं को नकारते हुए उनकी क्षमताओं को देखना चाहिए जिससे सामान्य तथा विशेष बच्चों में एकरूपता आ सके। तिरंगा यात्रा में गौतम चन्द, डा. सन्तोष कुमार सिंह, पूनम श्रीवास्तव, रविरंजन, जितेन्द्र, होरेंद्र, दामिनी, बबिता, नीतू, लाल साहब पत्रकार सै. गुलाम अब्बास जैदी, डीएड विशेष शिक्षा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी छात्र-छात्रायें एवं दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे।

पंच सम्मेलन में पंचायत प्रतिनिधियों को वीबीजी राम जी योजना के प्रति किया गया जागरूक

सोनभद्र। ग्रामीण परिवारों को रोजगार एवं आजीविका की बेहतर सुरक्षा प्रदान करने तथा ग्राम पंचायतों को विकास की प्रक्रिया में और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से पंच सम्मेलन के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों को ह्लविकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबीजी राम जीह्व योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल एवं मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख म्योरपुर मान सिंह गोंड़, वीबीजी राम जी अधिकारी रविन्द्र वीर सिंह, ग्राम प्रधान सहित संबंधित अधिकारी तथा बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सम्मेलन में योजना के प्रमुख प्रावधानों, रोजगार की गारंटी, ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की कार्ययोजना, मजदूरी भुगतान, बेरोजगारी भत्ता तथा ग्रामीण विकास से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल ने पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण भारत के समग्र विकास में ग्राम पंचायतों एवं जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वीबीजी राम जी योजना ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ गांवों में स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण और आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि योजना के प्रावधानों को गंभीरता से समझें और गांव के प्रत्येक पात्र परिवार तक इसकी जानकारी पहुंचाएं। ग्राम सभा के माध्यम से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि योजना का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे और गांव आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनें। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने पंचायत प्रतिनिधियों को योजना के प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण परिवारों को रोजगार एवं आजीविका की बेहतर सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके अंतर्गत रोजगार की गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किए जाने का प्रावधान ग्रामीण परिवारों की आर्थिक सुरक्षा को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि योजना की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। ग्राम सभाओं में ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए गांव की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यों का चयन किया जाए। योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को इसका लाभ मिल सके। सम्मेलन में बताया गया कि काम की मांग करने के बावजूद निर्धारित अवधि में रोजगार उपलब्ध न होने पर बेरोजगारी भत्ता प्रदान किए जाने का प्रावधान किया गया है। वहीं श्रमिकों को समय से मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है।

जुआड़ियों के खिलाफ सख्त हुई पुलिस

आजमगढ़। थाना जहानागंज पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के दौरान छतउर गांव के भट्ठे से आगे नदी किनारे कथित रूप से चल रहे जुए के खेल का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर दो लोगों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से जुए में इस्तेमाल किए जा रहे 52 ताश के पत्ते और 5,700 नकद बरामद किए गए। मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, 12 अगस्त की रात उपनिरीक्षक विनय कुमार हमराह पुलिसकर्मियों के साथ सुहवल बाजार में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि छतउर गांव के भट्ठे से आगे नदी के पास कुछ लोग बैठकर जुआ खेल रहे हैं और तत्काल कार्रवाई करने पर उन्हें पकड़ा जा सकता है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके की ओर रवाना हुई।

एफआईआर के मुताबिक, पुलिस टीम ने नदी किनारे पेड़ों की झुरमुट के पास पहुंचकर जुए के खेल की आवाजें सुनीं। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी करते हुए मौके पर दबिश दी और रमेश कुमार यादव निवासी सरदरपुर, थाना बिरनो, गाजीपुर तथा बाबूलाल सरोज निवासी रसूलपुर, थाना रानीपुर, जनपद मऊ को पकड़ लिया। मौके पर फड़ की तलाशी लेने पर 5,700 नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक, बरामद रकम में 500 रुपये के आठ नोट, 200 रुपये के चार नोट और 100 रुपये के नौ नोट शामिल थे। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि मौके पर रामानंद कुमार निवासी तियरा, थाना बिरनो, गाजीपुर और मनोज राजभर निवासी सरदरपुर, थाना बिरनो, गाजीपुर भी मौजूद थे। पुलिस के पहुंचने पर दोनों कथित रूप से आहट सुनकर मौके से भाग निकले। इसके अलावा मौके पर मिले तीन मोटरसाइकिलों और एक स्कॉर्पियो के कागजात मांगे जाने पर संबंधित लोग कागजात नहीं दिखा सके। पुलिस ने वाहनों को एमवी एक्ट की धारा 207 के तहत सीज कर दिया। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर हिरासत में लिया। एफआईआर के अनुसार कार्रवाई के दौरान मानवाधिकार आयोग और उच्चतम न्यायालय के दिशा-निदेर्शों का पालन किए जाने का उल्लेख भी किया गया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक मुरारी यादव को सौंपी गई है।

डीएम ने जनपदवासियों को दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर समस्त जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। जिलाधिकारी ने कहा है कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर बलिदानियों के त्याग, संघर्ष और राष्ट्रप्रेम का स्मरण कराता है। उनका अदम्य साहस और समर्पण सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने जनपदवासियों से आह्वान किया कि इस पावन अवसर पर हम सभी राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता को और मजबूत करने का संकल्प लें तथा अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करते हुए विकसित भारत एवं समृद्ध सोनभद्र के निर्माण में अपना योगदान दें। जिलाधिकारी ने कहा, आइ, स्वतंत्रता के इस महापर्व को राष्ट्रप्रेम, गौरव और उत्साह के साथ मनाएं तथा तिरंगे की आन-बान-शान को सदैव सर्वोपरि रखने का संकल्प लें। समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

रेलवे पुलिस ने शातिर चोर गैंग के सदस्य को किया गिरफ्तार, मोबाइल बरामद

मीरजापुर। पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी, पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज के नेतृत्व में चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में मिर्जापुर जीआरपी पुलिस ने ट्रेनों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर चोर गैंग से जुड़े भी एक चोर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी के मोबाइल फोन इत्यादि बरामद किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रयागराज अरुण कुमार पाठक के पर्वेक्षण में जीआरपी थानाध्यक्ष मिर्जापुर, चौकी प्रभारी रावट्सगंज मय कांस्टेबल जीआरपी एवं आरपीएफ तथा सीआईबी प्रयागराज के साथ सांदिग्ध व्यक्ति वस्तुओं की निगरानी तलाशी ले रहे थे कि इसी दरमियान संदिग्ध हालात में दिखाई दिए अजय कुमार उर्फ जज्जे पुत्र हरिलाल वनवासी निवासी लाली माटी बस्तरा राजा थाना लालगंज 22 वर्ष के कब्जे से मोबाइल बरामद किया गया जिसके बारे में वह कोई ठोस जानकारी नहीं दे पाया। जिसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया है। रेलवे पुलिस के मुताबिक लालगंज कोतवाली सहित रेलवे थाना में उसके खिलाफ कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। जो काफी शातिर किस्म का है।

भीम आर्मी भारत एकता मिशन का विस्तार, राजेन्द्र बने जिलाध्यक्ष

मीरजापुर। भीम आर्मी भारत एकता मिशन उत्तर प्रदेश इकाई ने संगठन विस्तार के तहत जनपद में नई नियुक्ति की घोषणा की है। संगठन द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार राजेन्द्र पुत्र गणेश को जिलाध्यक्ष मीरजापुर के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह के निर्देश पर तथा प्रदेश संयोजक उत्तर प्रदेश डॉ. कुलदीप भार्गव की सहमति से की गई है। नियुक्ति पत्र में बताया गया है कि संगठन बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं कांशीराम साहब की विचारधारा बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से लगातार संगठन का विस्तार कर रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र पासी, मंडल अध्यक्ष सूरज लाल सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित कार्यकताओं ने राजेन्द्र को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और संगठन को जनपद में और मजबूत बनाने का संकल्प लिया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेन्द्र ने कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका मैं मनोबल और पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा। सभी कार्यकताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने सामाजिक न्याय, बहुजन एकता और संविधान की मूल भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी दोहराया।

चोरी की छह बाइक बरामद, एक गिरफ्तार

जौनपुर। कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी की छह मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी अतुल सोनकर उर्फ बुल्ला को गिरफ्तार किया है। बरामद सभी मोटरसाइकिलें बिना नंबर प्लेट की हैं। पुलिस के अनुसार, 14 अगस्त की सुबह उपनिरीक्षक जयदीप कोल पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर राजासाहब पोखरे और रसूलाबाद मालगोदाम के पास करीब 4रू15 बजे उमरपुर सुंदरनगर कॉलोनी गुलरचक निवासी अतुल सोनकर उर्फ बुल्ला को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की छह मोटरसाइकिलें बरामद कीं। इनमें एक बाइक वह भी है, जिसे एक जून को सदर अस्पताल जौनपुर के पास से चोरी किया गया था।

ड्यूटी में लापरवाही पर दारोगा निलंबित

जौनपुर। ड्यूटी में लापरवाही और अनुशासनहीनता के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए तेजीबाजार थाने में तैनात उपनिरीक्षक शिववदन यादव को निलंबित कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपनिरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया। पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक शिववदन यादव पर कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता के आरोप लगे थे। इन आरोपों को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने विभागीय कार्रवाई के तहत निलंबन की कार्रवाई की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि पुलिसकर्मियों द्वारा कर्तव्य निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विद्यार्थियों ने दिखाई देशभक्ति और रचनात्मक प्रतिभा

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में ह्लहर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना का प्रभावी प्रदर्शन किया।



अभियान के अंतर्गत भाषण, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, पोस्टर एवं पेंटिंग तथा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में ह्लतिरंगा और राष्ट्रीय एकताह्व तथा ह्लयुवा और राष्ट्र निर्माणह्व विषयों पर विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय ह्लहर घर तिरंगा रू राष्ट्रीय एकता का प्रतीकह्व रहा, जबकि स्लोगन, पोस्टर-पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिताएँ तिरंगा, राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना पर आधारित रहीं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा, विचारों और देशभक्ति की भावना का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इन आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के गौरव, स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास तथा राष्ट्रीय एकता के महत्व से जोड़ने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के दौरान दूरदर्शन द्वारा तैयार विशेष वीडियो ह्लआजादी की विभीषिकाह्व का भी प्रसारण किया गया। वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को वर्ष 1947 के विभाजन के दौरान उत्पन्न मानवीय त्रासदी, विस्थापन, पीड़ा और सामाजिक परिस्थितियों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से अवगत कराया गया। क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम 10 प्रतिभागियों, जिनमें पाँच छात्र एवं पाँच छात्राएँ शामिल होंगे, को 17 अगस्त को ह्लहर घर तिरंगा अभियान के समापन समारोह में विश्वविद्यालय की कुलपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। सभी चयनित प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

संक्षेप

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को सौजना थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने की कार्रवाई की गई। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एएसपी कालू सिंह एवं सीओ महरौनी अरविन्द कुमार पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में सौजना पुलिस ने कार्रवाई की।

पुलिस ने बताया कि थाना सौजना में दर्ज मुकद्दमा धारा 74, 65(1), 333, 351(2) बीएनएस तथा 3/4(2) पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। इसी मामले में वांछित आरोपी ग्राम पंड़ाखेरा निवासी राघवेन्द्र पुत्र कोमल अहिरवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी के विरुद्ध नाबालिग से संबंधित गंभीर आरोपों में कार्रवाई की गई है।

भारत अनेकता में एकता का संदेश देने वाला देश: विधायक

जिला संवाददाता

ललितपुर। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार 14 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान-2026 के अंतर्गत कल्याण सिंह सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वर्ष 1947 के विभाजन के दौरान देशवासियों द्वारा झेली गई पीड़ा, विस्थापन और हिंसा को डॉक्यूमेंट्री, अभिलेखीय प्रदर्शनी तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। विभाजन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री देखकर सभागार में मौजूद लोग भावुक हो उठे और देश के बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, प्रतिनिधि चन्द्रशेखर, दिनेश गोस्वामी, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इस दौरान एलईडी स्क्रीन पर 14 अगस्त 1947 को देश में विभाजन के कारण उत्पन्न परिस्थितियों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। फिल्म में विभाजन के दौरान लोगों के विस्थापन, संघर्ष और जान-माल की सुरक्षा के लिए किए गए प्रयासों को दिखाया गया। दृश्य देखकर सभागार में मौजूद लोग भावुक हो गए। सभी ने विभाजन के दौरान जान गंवाने वाले लोगों और देश के बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सूचना विभाग की ओर से ऑडिटोरियम के बेसमेंट में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस से संबंधित अभिलेखीय प्रदर्शनी लगाई गई। राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों और विभाजन की त्रासदी पर आधारित लघु नाटिकाओं की प्रभावी प्रस्तुति दी। बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया।

- कल्याण सिंह सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन
- चित्र प्रदर्शनी में दिखाए गए बंटवारे के दौरान के हालात
- जनप्रतिनिधियों ने देश की एकता और अखंडता का दिया संदेश

प्रस्तुति समाप्त होने के बाद जीआईसी हॉल तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठा। अतिथियों और मौजूद लोगों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति से एक दिन पहले 14 अगस्त को देश में बेहद विषम परिस्थितियां थीं।

बड़ी संख्या में लोगों को अपनी जान बचाने के लिए लाहौर से दिल्ली की ओर पलायन करना पड़ा और इस दौरान व्यापक हिंसा हुई।

उन्होंने कहा कि विभाजन की त्रासदी से हमें सीख लेनी चाहिए कि बंटवारा किसी के लिए भी उचित नहीं हो सकता। भारत अनेकता में एकता का संदेश देने वाला देश है और इसकी अखंडता को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि हमारे पूर्वजों और महापुरुषों ने मिलकर देश को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए संघर्ष किया और अनेक लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी।

उन्होंने बच्चों से कहा कि विभाजन की पीड़ा से सबक लेते हुए सभी को एकजुट रहना चाहिए और किसी के बहकावे या प्रभाव में नहीं आना चाहिए। डीएम ने कहा कि महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम सभी अपने-अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें। कार्यक्रम में सीडीओ शेषनाथ चैहान, डीडीओ अतिरंजन सिंह, प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, डीडी कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला पर्यटन अधिकारी हेमलता, सूचना विभाग से सुमित कुमार एवं टीम, पर्यटन विभाग से फिरोज इकबाल सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

उत्तराखंड में मल्लिकार्जुन खरगे के अपमान की निंदा

बाराबंकी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस उत्तराखंड हल्द्वानी में पार्टी अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष नेता मल्लिकार्जुन खड़गे की जनसभा के उपरांत कुछ असामाजिक एवं जातिवादी तत्वों द्वारा मंच के कथित शुद्धीकरण किये जाने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करती है। देश के सबसे वरिष्ठ और सम्मानित दलित नेताओं में से एक का इस प्रकार अपमान करना न केवल श्री खड़गे का व्यक्तिगत अपमान है, बल्कि यह देश के करोड़ों दलितों, वंचितों, हमारे पवित्र संविधान और सामाजिक समरसता की मूल आत्मा पर एक गहरा प्रहार है। उक्त प्रतिक्रिया उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रंदेश अध्यक्ष एवं सांसद तनुज पुनिया ने नाका सतरिख चैराहा स्थित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के पास आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान व्यक्त किये। जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बाबासाहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर के संविधान और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम ऐसी किसी भी ताकत को देश के ताने-बाने को तोड़ने की अनुमति नहीं देंगे जो जाति के आधार पर किसी नागरिक या राजनेता को छोटा दिखाने की कोशिश करती है। प्रदर्शन करने वालो में नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, इरफान कुरैशी, आदर्श पटेल, सिकन्दर अब्बास रिजवी, वीरेन्द्र यादव, संतशरण वर्मा, सना मुही, शिव शंकर शुक्ला, मुईनुद्दीन अंसारी, तरूण चावला आदि मौजूद रहे।

दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

बाराबंकी। राजकीय इंटर कॉलेज सिरौली गौसपुर में स्वतंत्रता दिवस एवं हर घर तिरंगा विषय व स्वतंत्रता आंदोलन, राष्ट्र निर्माण, देश की गौरवशाली विरासत तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ खाद्य एवं रसद विभाग मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वल्लित कर किया। इसके उपरान्त प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उसमें प्रदर्शित चित्रों एवं सूचनात्मक सामग्री की सराहना की। विशिष्ट अतिथि एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों से स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन एवं आदर्शों से प्रेरणा लेने, देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने तथा जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति, तिरंगा, भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रप्रेम की भावनाओं को अपनी कला के माध्यम से आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी जय सिंह, विजय कृष्ण यादव, मैकूलाल कनौजिया, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना अध्यक्ष, बदोसराय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

स्कूल-कॉलेजों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री पर विशेष निगरानी के निर्देश

ललितपुर। मादक पदार्थों के अवैध कारोबार और नशे के सेवन पर प्रभावी रोक लगाने के साथ ही बच्चों एवं युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए प्रशासन ने कार्रवाई तेज करने की तैयारी की है। बुधवार को जनपद स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एडीएम व एएसपी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, परिवहन, भंडारण एवं सेवन की रोकथाम को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही नशे से प्रभावित लोगों के उपचार, काउंसलिंग और पुनर्वास को लेकर भी कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में बच्चों और किशोरों में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को लेकर चिंता जताई गई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि विद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री अथवा उपलब्धता पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। ऐसे व्यक्तियों और स्थानों को चिन्हित करने पर विशेष जोर दिया गया, जहां बच्चों एवं युवाओं को नशीले पदार्थ उपलब्ध कराए जाने की आशंका हो। ऐसे मामलों में निगरानी बढ़ाने के साथ ही दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में ड्रग हॉटस्पॉट चिन्हित कर पुलिस, आबकारी, स्वास्थ्य, शिक्षा, औषधि और अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से प्रभावी कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। नशीली दवाओं और अन्य मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, परिवहन, भंडारण एवं आपूर्ति श्रृंखला पर कार्रवाई करते हुए उनके स्रोत तक पहुंचने का प्रयास करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर सूचनाओं का आदान-प्रदान करने तथा आवश्यकता है।

शिक्षक बन डीएम ने गणित के सवाल हल कराकर परखी शैक्षिक गुणवत्ता, सवाल हल करने की बतायी आसान ट्रिक

डीएम ने किया विकासखंड बंकी के तहत प्राथमिक विद्यालय पलिया मसूदपुर का किया निरीक्षण

बाराबंकी। बच्चों के बीच पहुंचकर उनकी पढ़ाई को समझना और उन्हें सीखने के लिए प्रोत्साहित करना शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का प्रभावी माध्यम है। उक्त उद्गार जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने विकासखण्ड बंकी के प्राथमिक विद्यालय पलिया मसूदपुर का औचक निरीक्षण करने के उपरान्त उपस्थित छात्र-छात्राओ के बीच कहे। उन्होंने कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद कर सहज वातावरण में प्रश्न पूछा तथा उनकी शैक्षिक समझ का आकलन किया। कक्षाओ में पहुंच जिलाधिकारी ने बच्चों से गणित का सवाल ब्लैक बोर्ड पर हल करवाया। सवाल हल करने की प्रक्रिया के दौरान ही उन्होंने बच्चों को प्रश्न को आसानी से समझने और कम समय में सही उत्तर तक पहुंचने की आसान ट्रिक एवं विधि समझाई।

- बच्चों से संवाद कर पढ़ाई, मिड-डे मील, विद्यालय की व्यवस्थाओं की ली जानकारी

जिस पर छात्रा जान्हवी ने सवाल को सही ढंग से हल करने पर जिलाधिकारी ने उसकी सराहना करते हुए उसका उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों की उपस्थिति की जांच की तथा शिक्षण कार्य की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई के साथ-साथ विद्यालय में मिलने वाले मिड-डे मील के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने विद्यालय की रसोई का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने तथा बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में ही स्थित आंगनबाड़ी केंद्र व आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

कीचड़ से सराबोर होकर स्कूल जाने को नौनिहाल मजबूर

ललितपुर। महरौनी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हैड़ी में स्कूल जाने वाले बच्चों को बारिश के दिनों में कीचड़ और जलभराव से होकर गुजरना पड़ रहा है। गांव से विद्यालय तक जाने वाला रास्ता पक्का न होने के कारण बच्चों को प्रतिदिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के बाद रास्ते की हालत और भी बदतर हो जाती है। जगह-जगह कीचड़ होने के कारण बच्चों के पैर मिट्टी में धंस जाते हैं और फिसलने का खतरा बना रहता है। छोटे-छोटे बच्चे इसी रास्ते से होकर स्कूल पहुंचने को मजबूर हैं। अभिभावकों को भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सड़क और रास्ते जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके बावजूद लंबे समय से स्कूल जाने वाला मार्ग पक्का नहीं कराया गया है। बरसात के मौसम में समस्या गंभीर हो जाती है और बच्चों को स्कूल पहुंचने में काफी दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि मामले का तत्काल संज्ञान लेकर विद्यालय तक जाने वाले रास्ते का स्थायी समाधान कराया जाए। रास्ते को पक्का कराने के साथ जलनिकासी की भी समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि बारिश के दौरान बच्चों को कीचड़ और जलभराव से होकर न गुजरना पड़े।

मातृ पितृ सदन में बुजुर्गों के मध्य किया गया तिरंगा झंडे सहित खाद्य सामग्री का वितरण

बाराबंकी। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर समाजसेवी श्रीमती गुरबचन कौर के नेतृत्व में सिक्ख काउंसिल ऑफ इंडिया के पदाधिकारियो ने सफेदाबाद स्थित मातृ पितृ सदन वृद्धाश्रम में उपस्थित बुजुर्गों के मध्य खाद्य सामग्री और तिरंगा झंडे का वितरण किया। समाजसेवी श्रीमती कौर के नेतृत्व में पहुंची टीम में सर्वप्रथम बुजुर्गों के मध्य खाद्य सामग्री का वितरण किया। तत्पश्चात तिरंगे झंडे का वितरण करते हुए भारत माता की जय के जयघोष किये गये। उपस्थित बुजुर्गों के मध्य समाजसेवी श्रीमती कौर ने कहा की कल स्वतंत्रता दिवस है और सभी देशवासी का अपने देश के प्रति कुछ कर्तव्य है। साथ ही साथ देश के उन बुजुर्गों के प्रति भी समाज के हर अंतिम व्यक्ति का भी अपना एक कर्तव्य है। सेवा और सम्मान ने किसी को भी खुशी दी जा सकती है। सिक्ख काउंसिल की टीम में बुजुर्गों के मध्य फल सहित खाद्य सामग्री का भी वितरण किया। इस अवसर पर डॉ0 संदीप बुधवार, डॉ0 जीशान अहमद, पंडित प्रत्यूषकांत शुक्ला, प्रधान सरदार जसबीर सिंह बग्गा, सरदार जितेंद्र सिंह, सरदार कवर सिंह, सरदार परमजीत सिंह विक्की, हरजस सिंह एकस, सरदार मनदीप सिंह बग्गा, उप प्रधान सरदार अमरजीत सिंह कालरा, सरदार भूपिंदर पाल सिंह, सरदार परमवीर सिंह रॉकी, आसिफ अहमद खान, शैलेंद्र चोपड़ा आदि मौजूद रहे।

- सिक्ख काउंसिल ऑफ इंडिया की टीम ने किया वितरण

तिरंगा बाइक रैली से गूंजा ललितपुर एसपी ने दिया देशप्रेम का संदेश

ललितपुर। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासन के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत शुक्रवार को पुलिस विभाग की ओर से तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने पुलिस बल के साथ रिजर्व पुलिस लाइंस से तिरंगा बाइक रैली का शुभारंभ किया। हाथों में तिरंगा लेकर पुलिसकर्मी बाइक पर सवार होकर शहरवासियों को देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का संदेश देते हुए आगे बढ़े। तिरंगा बाइक रैली रिजर्व पुलिस लाइंस से कलेक्ट्रेट चैराहा, घंटाघर, शनिचरा चैराहा, तुवन मंदिर, वर्णी चैराहा सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रैली के दौरान पुलिसकर्मियों ने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देश की एकता-अखंडता का संदेश दिया। शहर भ्रमण के बाद रैली का वापस पुलिस लाइन पहुंचकर समापन हुआ। इसी क्रम में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस-2026 के अवसर पर एसपी संजीव कुमार बाजपेई ने पुलिस बल के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान वर्ष 1947 के विभाजन की त्रासदी से प्रभावित लोगों के साहस, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करते हुए पुलिसकर्मियों ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। एसपी ने कहा कि विभाजन की त्रासदी से जुड़ी ऐतिहासिक एवं मानवीय स्मृतियों को याद करना वर्तमान और भावी पीढ़ी को उस दौर के संघर्ष और पीड़ा से अवगत कराने के साथ ही सामाजिक एकता का संदेश देता है।

- पुलिस लाइन से निकली रैली, शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी
- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर पुलिसकर्मियों ने रखा दो मिनट का मौन

कार्यक्रम का उद्देश्य विभाजन के दौरान प्रभावित लोगों के संघर्ष, साहस एवं बलिदान को स्मरण करना तथा आपसी सौहार्द, एकता और सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करना रहा।

तिरंगा बाइक रैली एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी तथा अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

तिरंगे की रोशनी से जगमगायें सरकारी और गैरसरकारी भवन

ललितपुर। 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जनपद में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। एडीएम दिनेश कुमार द्वारा जारी कार्यवृत्त के अनुसार 13 से 15 अगस्त तक जनपद के सरकारी एवं गैरसरकारी भवनों के साथ स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े ऐतिहासिक स्मारकों को रात के समय तिरंगा रोशनी से प्रकाशमान किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के तहत 15 अगस्त को सुबह 7.15 बजे घंटाघर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, चंद्रशेखर आजाद तथा घंटाघर के पास लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बृजनन्दन किलेदार की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा।

इसके बाद सुबह 7.25 बजे वीर सावरकर की प्रतिमा, 7.30 बजे जेल चैराहा, ब्याना नाले के पास डा.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा, 7.35 बजे जिला कारागार के सामने कपूरी ठाकुर की प्रतिमा तथा 7.40 बजे तुवन चैराहे के पास वीरांगना अवंतीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। वहीं सुबह 7.45 बजे तुवन चैराहे पर महारानी लक्ष्मीबाई एवं पं. परमानंद की प्रतिमाओं पर भी माल्यार्पण किया जाएगा। माल्यार्पण कार्यक्रम के बाद सुबह 8 बजे जनपद के सभी सरकारी एवं गैरसरकारी कार्यालयों, संस्थाओं तथा शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा।

इसके साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संबंधित परिसरों में वृक्षारोपण भी किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुबह 11 बजे जिला कारागार, राजकीय किशोर गृह दैलवारा, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह सिद्दनपुरा तथा मदर टेरेसा आश्रम पनारी में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एडीएम दिनेश कुमार ने जनपदवासियों से स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेने और राष्ट्रीय पर्व को गरिमापूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है।

साइबर ठगी के शक में चार बैंक खातों पर मुकदमा

जिला संवाददाता

ललितपुर। साइबर अपराधों पर शिकंजा कसने के लिए ललितपुर कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। भारत सरकार के नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल से प्राप्त शिकायतों और संदिग्ध बैंक खातों की जांच के बाद पुलिस ने चार अलग-अलग मामलों में खाताधारकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए हैं।

पुलिस के मुताबिक संबंधित खातों का इस्तेमाल साइबर अपराध से जुड़ी रकम के लेनदेन में किए जाने की आशंका सामने आई है। सभी मामलों में विवेचना शुरू कर दी गई है। बीते दिन कोतवाली में चार अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गईं। इनमें बीएनएस की धारा 49 एवं 317(5) के तहत अज्ञात खाताधारकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। एफआईआर संख्या 0874 में उप निरीक्षक आलोक कुमार की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई। जांच में पंजाब एंड सिंध बैंक के एक खाते के संबंध में साइबर क्राइम पोर्टल पर पांच शिकायतें दर्ज मिलीं।

- साइबर क्राइम पोर्टल पर खातों से जुड़ी 16 शिकायतें मिलने के बाद एफआईआर
- कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

मामले की विवेचना उप निरीक्षक कुलदीप राणा को सौंपी गई है। एफआईआर संख्या 0875 में उप निरीक्षक ललित उज्ज्वल वादी हैं। पुलिस जांच में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के संबंधित खाते के विरुद्ध साइबर क्राइम पोर्टल पर छह शिकायतें दर्ज पाई गईं। इस मामले की विवेचना उप निरीक्षक राजन बाबू कर रहे हैं। एफआईआर संख्या 0876 में उप निरीक्षक प्रशांत राणा की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के संबंधित खाते के विरुद्ध पोर्टल पर तीन साइबर अपराध संबंधी शिकायतें दर्ज मिलीं। मामले की जांच उप निरीक्षक मनवेन्द्र सिंह परमार को दी गई है। एफआईआर संख्या 0877 में भी उप निरीक्षक प्रशांत राणा वादी हैं। इसी बैंक के संबंधित खाते से जुड़े अन्य मामलों में पोर्टल पर दो शिकायतें दर्ज मिलीं।

मामले की विवेचना उप निरीक्षक राहुल द्वारा की जा रही है। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार चारों मामलों में संबंधित बैंक खातों से जुड़े कुल 16 साइबर अपराध संबंधी शिकायतें पोर्टल पर दर्ज मिलीं। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि इन बैंक खातों का इस्तेमाल साइबर अपराधियों द्वारा ठगी की रकम प्राप्त करने अथवा साइबर अपराध के लिए बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने में किया गया हो सकता है।

कोतवाली पुलिस ने सभी मामलों में मुकदमे दर्ज कर अग्रिम विवेचना शुरू कर दी है। जांच के दौरान खातों के वास्तविक धारकों, बैंक खातों में हुए लेनदेन, धनराशि के स्रोत एवं संबंधित लोगों की भूमिका की पड़ताल की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

विभिन्न कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ एआईएसएफ का 90वां स्थापना दिवस

बाराबंकी। देश के पहले राष्ट्रीय छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन का 90वाँ स्थापना दिवस 12 और 13 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रमो छात्र रैली, अंबेडकर प्रतिमा पर श्रद्धांजलि, सम्मान समारोह, राष्ट्रीय परिषद की बैठक, कवि सम्मेलन और वैचारिक सेमिनार के साथ सम्पन्न हुआ।

जिसमे 23 राज्यो से आए छात्र प्रतिनिधियों, छात्र नेताओं, शिक्षाविदों, अधिवक्ताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने प्रतिभाग किया। स्थापना दिवस समारोह के दौरान छात्र आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले छात्र नेताओं और कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान छात्र कार्यकताओं द्वारा भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद के जीवन एवं क्रांतिकारी संघर्ष पर आधारित नाट्य प्रस्तुति की गई। नाट्य प्रस्तुति में आर्यन गौतम ने भगत सिंह एवं चंद्रशेखर आजाद की भूमिका निभाई। अंश कुमार ने जेलर की भूमिका, अंकित ने राजगुरु और आर्यन यादव ने सुखदेव की भूमिका, प्रतीक यादव, उत्कर्ष ओझा और अभि मौर्य ने विभिन्न मिश्रित भूमिकाओं में अभिनय किया। नाटक का निर्देशन आशुतोष श्रीवास्तव, जिला सचिव, एआईएसएफ जौनपुर ने किया। इसके उपरान्त गांधी भवन में कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। जिसमे डॉ0 अम्बरीश अंबर, प्रदीप महाजन, अजय प्रधान, डॉ0 आलोक शुक्ला, प्रदीप सारंग, उस्मान मीनाई, आदर्श गुलसिया और कवयित्री अंकिता शुक्ला ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी। कवि सम्मेलन का आयोजन रणधीर सिंह सुमन, प्रवीण वर्मा, बृजमोहन वर्मा, मुजम्मिल जाहिद अली, सतीश कुमार सहित संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों की भूमिका रही। समारोह मे कानून, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 जैसे समकालीन विषयों पर महत्वपूर्ण सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने छात्रों के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

विकसित राष्ट्र का संकल्प

स्वतंत्र भारत की यात्रा 79 वर्ष पूरी हो गयी। राष्ट्रीय उमंग के इस मौके पर भारत अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। स्वाधीनता करीब-करीब एक सदी के संघर्ष और लाखों सपूतों के बलिदान के बाद त्रासद रूप में मिली थी। अब से ठीक 21 वर्ष बाद आजादी की 100वीं वर्षगांठ 15 अगस्त 2047 तक प्रधानमंत्री विकसित भारत का सपना देखते हैं और देशवासियों से साझा करते हैं, तो यह समझना चाहिए कि यह मुकाम हासिल करने के लिए देश ने लंबी, ऐतिहासिक, जद्दोजहदपूर्ण और सफलताओं से भरी यात्रा की है। 15 अगस्त 1947 को हमें आजादी मिली थी। इसे यूं कह सकते हैं कि अंग्रेज भारत को लूट-खसोटकर, 500 से अधिक रियासतों में देश को अलग-थलग कर, दंगा, अकाल और भुखमरी फैलाकर, देश को अनेक टुकड़ों में बांटकर चले गये थे। एक तरह से भारत को फिर से अपने पैरों पर खड़ा होना था। वैसे अंग्रेज इस भरोसे गये थे कि भारत संभल नहीं पायेगा। दंगा और अकाल के बीच अस्तित्व खो देगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में इस देश ने ऐतिहासिक कुर्बानियां देकर आजादी हासिल की थी। लोग अपने हिसाब से भले यह परिभाषित करें कि हमें आजादी अहिंसा के रास्ते, बिना खड़ग, बिना ढाल के मिली, लेकिन ये सच नहीं है। आजादी का सच बहुत भयावह है। 1857 में स्वतंत्रता संग्राम की पहली लड़ाई लड़ी गयी थी जिसे अंग्रेजों ने कुचल दिया था। हजारों लोगों ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में शहादत दी। उसके ठीक नब्बे साल बाद अर्थात 1947 में भारत ने आजादी की पहली सुबह देखी, तो इस तरह पहली लड़ाई से लेकर 15 अगस्त 1947 तक, कुल नब्बे साल तो सीधे-सीधे अंग्रेजों के साथ संघर्ष ही चला। लेकिन उससे पहले भी देश के विभिन्न भागों में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह हो रहे थे। अगर उनको भी जोड़ लें तो वास्तव में आजादी का संघर्ष दो शताब्दी से भी अधिक चला और

इसमें लाखों-लाख लोग शहीद हुए। आजादी से ठीक एक साल पहले 16 अगस्त 1946 को जिन्ना ने देश को बांटने के लिए डायरेक्ट एक्शन डे मनाया और एक-दो दिन में ही देश में इतनी हिंसा हुई, जिसमें 10,000 से अधिक लोग मारे गये। यह तो आंकड़ा है। वास्तविक संख्या इससे बहुत अधिक है, क्योंकि जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन के बाद कोलकाता की सड़कें लाशों से पट गयी थीं। ऐसे जिन्ना को देश के टुकड़े कर भेंट देने के बजाय, उसको मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। लेकिन उस समय हमारे कर्णधारों को जो अच्छा लगा, वैसा किया। जिन्ना तब देश का सबसे विकसित क्षेत्र पंजाब और सिंध के साथ उस पूर्वी बंगाल को भी ले गये, जिसकी सीमा, सभ्यता-संस्कृति और जुबान पाकिस्तान से भिन्न थी। जिन्ना ने पहले देश को हिंसा की आग में धकेला, फिर देश को विभाजित किया, फिर कश्मीर पर कब्जे का प्रयास किया। जिन्ना के बाद उनका देश भारत से लड़ता रहा। चार बार सीधे-सीधे आक्रमण किया और पराजित होकर अब चार दशक से आतंकवाद के रूप में छद्म युद्ध लड़ रहा है। इसके अलावा भी भारत ने कभी सर्जिकल स्ट्राइक, कभी एयर स्ट्राइक और बीते साल मई में ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भी पाकिस्तान की ठुकाई की, लेकिन बार-बार पिटकर, मार खाकर भी बेशर्म पाकिस्तान परेशान करने से बाज नहीं आता। अंग्रेज, जिन्ना और उनके पाकिस्तान द्वारा पैदा की गयी चुनौतियां, हिंसा, अशिक्षा, गरीबी और भुखमरी की भयावह स्थितियों से उबरते हुए आज भारत उस मुकाम पर पहुंचा है जहां दुनिया का सबसे ताकतवर देश अमरीका भी भारत को उसके संकल्पों से ठिगा नहीं पा रहा। रूस भारत को भरोसेमंद दोस्त मानता है और चीन ताकतवर दुश्मन। ये स्थितियां यूं ही नहीं बनी हैं। इसके पीछे भारत की सात दशक लंबी तपस्या है। पाक, चीन ने युद्ध थोपकर हमे सैन्य शक्ति बनने के लिए प्रेरित किया, अमरीका ने अनाज देने के नाम पर पीएल-480 के जरिए हमारे स्वाभिमान को ठेस पहुंचाया, तो हमारे किसानों ने हरित क्रांति से जवाब दिया। नब्बे के दशक में आर्थिक सुधारों ने हमारे लिए आर्थिक महाशक्ति बनने का मार्ग प्रशस्त किया। आज हमारी आर्थिक शक्ति इतनी बड़ी हो गयी है कि अमरीका भी हमसे चिढ़ता है और हमे कमजोर करने का प्रयास कर रहा है।

विचार

देह ही नहीं जो दिल से भी गुलाम हो गये हैं, वे कभी भी आजादी हासिल नहीं कर सकते हैं।

–महात्मा गांधी.

जगत सर्वथा मिथ्या है। यह केवल स्वप्न है। केवल मारीचिका है। सृष्टि की रचना करके ईष्वर स्वयं अपने को प्रकट करता है।

–रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

कोई देश बिना आजादी के अच्छी तरह नहीं जी सकता है और न आजादी के बिना सत्कर्म को बरकरार रख सकता है।

–रूसो.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।

–वेदव्यास.

जो व्यक्ति संसार की पिपासा–तृष्णा से रहित है, उसके लिए कुछ भी कठिन नहीं है।

– महावीर.

वैश्विक साजिशों का जवाब है आत्मनिर्भर भारत

मनोहर मनोज

सरकार के मौजूदा प्रोत्साहनों के पीछे कई कारक हैं। जैसे कि देश की बहुत बड़ी आबादी जिसमें युवाओं की करीब दो तिहाई हिस्सेदारी है, बेरोजगारी को लेकर स्वरोजगार पर अधिकाधिक बल देने की सरकार की नयी नीति, बड़े पैमाने पर बेरोजगारों को कौशल विकास व इंटर्नशिप प्रदान कर निजी क्षेत्र को रोजगार देने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

ट्रंप प्रशासन बार-बार भारत पर टैरिफ वार कर रहा है। कभी 50 प्रतिशत टैरिफ, कभी 18 फीसद, कभी 12.5 फीसद, कभी कोई टैरिफ तो कभी कोई दूसरा टैरिफ। कुल मिलाकर अमरीका भारत के विदेश व्यापार को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का जो अह्वान किया है, उस दिशा में देश को तेजी से आगे बढ़ना होगा। वास्तव में स्वदेशी हमारी अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन के लिहाज से एक ऐसा मंत्र है जिसके सहारे हम किसी भी व्यापारिक प्रतिस्पर्धा और टैरिफ जैसी चुनौतियां का सामना कर कर सकते हैं और मजबूती के साथ आर्थिक प्रगति की यात्रा को भी आगे बढ़ा सकते हैं। हमारा एमएसएमई सेक्टर स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत और रोजगार सृजन के लिए गेंमचेंजर है। सरकार एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) सेक्टर को भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार बनाने की बात कर रही है। इसीलिए सरकार ने एमएसएमई सेक्टर के लिए कई प्रोत्साहनों और स्कीमों घोषणा की है, लेकिन अगर गहराई से देखें तो एमएसएमई की राहें अभी भी आसान नहीं हैं। औद्योगिक प्लॉट, पूंजी, तकनीक, मशीनरी, प्रशिक्षण, कच्चे माल की आपूर्ति, बिजली, परिवहन, मार्केट आर्डर तथा सबसे ऊपर बड़े देशी विदेशी उद्योग से मिलने वाली प्रतियोगिता, ये तमाम बाधाएं किसी भी छोटे कारोबारी के लिए बड़े कारोबारी से ज्यादा कठिन होती हैं। देखने में आता है कि देश के अनेक छोटे उद्यमी कुछ सालों तक व्यवसाय करने के बाद उपरोक्त बाधाओं के आगे घुटने टेक देते हैं। इस बार के बजट में एमएसएमई यानी छोटे, लघु व मध्यम उद्योग को आगामी 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य का आधार मानकर उसे प्रोत्साहन देने के हर संभव उपाय घोषित किये गए हैं।

सरकार के मौजूदा प्रोत्साहनों के पीछे कई कारक हैं। जैसे कि देश की बहुत बड़ी आबादी जिसमें युवाओं की करीब दो तिहाई हिस्सेदारी है, बेरोजगारी को लेकर स्वरोजगार पर अधिकाधिक बल देने की सरकार की नयी नीति, बड़े पैमाने पर बेरोजगारों को कौशल विकास व इंटर्नशिप प्रदान

कर निजी क्षेत्र को रोजगार देने के लिए प्रोत्साहित करने आदि में इनकी भूमिका बड़ी मानी जा रही है। दूसरा देश की अर्थव्यवस्था में उत्पादन, रोजगार, आमदनी, निर्यात, संतुलित क्षेत्रीय विकास तथा विकास के विकेन्द्रीकरण इन सभी को ध्यान में रखकर एमएसएमई अब सरकार द्वारा विकास की आगामी ब्यूह रचना का एक बेहद महत्वपूर्ण अवयव माने जा रहे हैं। यही वजह है कि अभी लघु मध्यम उद्योग को लेकर हो रहे विमर्श में अब कई नये पहलू जुड़ गए हैं।

स्वतंत्रता दिवस

मसलन स्वरोजगार, स्टार्ट अप, कौशल विकास, सहकारी क्षेत्र उद्यमी, खाद्य प्रसंस्करण, रुफ टौप सोलर पैनल, हथकरघा, स्व-सहायता समूह व लखपति दीदी, आदिवासी ग्राम विकास योजना, पीएम विश्वकर्मा, आवास विकास योजना इत्यादि कई शब्दावलियां, स्कीमें व वित्तीय योजना एमएसएमई के विराट इकोसिस्टम में समाहित कर दी गई हैं। इस बार के बजट में ये बात भलीभांति देखने में आयी है कि सरकार लघु मध्यम उद्योगों के लिए कच्चे माल, मशीनरी, फायनेंस, मार्केट, प्रशिक्षण और राजकोषीय प्रोत्साहन इन सभी सुविधाओं का एक बहुस्तरीय प्रोत्साहन पैकेज शुरू करने को लेकर काफी गंभीर है। इसके तहत सरकार द्वारा एमएसएमई का दायरा काफी विस्तृत कर दिया गया है। जैसे कि छोटे उद्योग के तहत निवेश सीमा मौजूदा 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़, लघु उद्योग की निवेश सीमा मौजूदा 10 करोड़ से बढ़ाकर 50 करोड़ तथा मध्यम उद्योग की निवेश सीमा मौजूदा 50 करोड़ से बढ़ाकर 250 करोड़ कर दी गयी है। इस क्रम में नयी घोषणा ये है कि सेवा और विनिर्माण उद्योग को उनकी निवेश सीमा के मुताबिक पूरे तौर पर एमएसएमई के मातहत रख दिया गया है जिसकी सारी सुविधाएं और प्रोत्साहन इन्हें प्रदान की जायेंगी। तीसरी बात ये की गई है कि किसी मैन्यूफैक्चरिंग एमएसएमई को मशीनरी खरीदने के लिए क्रेडिट गारंटी लोन बिना किसी कोलेटरल या थर्ड पार्टी की गारंटी के प्राप्त होंगी। इसी क्रम में मोदी सरकार की बहुप्रचारित मुद्रा लोन योजना में दी जाने वाली अधिकतम ऋण सीमा दस लाख से बढ़ाकर बीस लाख कर दी गई है। इस लोन को तीन श्रेणियों मसलन शिशु किशोर वयस्क में बांटा गया है जिससे अलग अलग लेवल के स्वरोजगार व्यवसाय को बढावा दिया जा सके।

एमएसएमई को लेकर इन सारे उपायों पर एक सरसरी निगाह डाली जाये तो इसमें दिक्कत बस ये दिखती है कि एमएसएमई सेक्टर को लेकर इस समय सरकार के पास एक नहीं अनेक चैनल व एजेंसियां हैं, लेकिन इनमें आपस में तादात्मय स्थापित होना बाकी है। मिशाल के तौर पर एमएसएमई मंत्रालय के अलावा केंद्र सरकार के कौशल विकास मंत्रालय, युवा विकास मंत्रालय, खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय, सहकारिता मंत्रालय, योजना मंत्रालय सभी एक तरह से छोटे उद्योगों के नोडल एजेंसी के बतौर कार्यरत हैं। इन के अलावा श्रम मंत्रालय व वित्त मंत्रालय अपनी अपनी तरफ से परामर्श, दिशा-निर्देश व प्रोत्साहन प्रदान करते रहते हैं। ऐसे में एमएसएमई में पंजीयन से लेकर तमाम सरकारी सहयोग व सुविधाओं का एक विंडो बनाया जाना बेहद महत्वपूर्ण है। यदि हम देश में छोटे, लघु व मध्यम उद्योग की एक पूरी तस्वीर का अवलोकन करें तो देश में पंजीकृत एमएसएमई उद्योगों की कुल संखया 3.64 करोड़ है जिनसे करीब 16 करोड़ लोगों की आजीविका चल रही है और यह हमारी कुल श्रमशक्ति का करीब 40 फीसदी है। इनमें देश के मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र के कुल उत्पादन का 38 फीसदी तथा निर्यात क्षेत्र का 45 फीसदी योगदान है। हमारे सकल घरेलू उत्पाद में इसका कुल योगदान देखें तो यह 30 फीसदी है। बताते चलें कि 1990 के दशक में नयी आर्थिक नीति के बाद यह बहस तेजी से छिड़ी कि उदारीकरण व भूमंडलीकरण से देश के बचे छोटे मध्यम उद्योग बड़े उद्योग के साये तले मिट जाएंगे या उनकी प्रतियोगिता में नहीं टिक पाएंगे। लेकिन छोटे, लघु व मध्यम श्रेणी के उद्योगों ने देश की अर्थव्यवस्था में अपनी पहचान बनाये रखी बल्कि उत्पादन, रोजगार और निर्यात में भी अपनी महत्वपूर्ण हिस्सेदारी बनाये रखी।

घरेलू औद्योगिक पटल पर जहां बड़े उद्योग के मातहत मध्यम उद्योग भी टिके रहे, मध्यम उद्योग के मातहत लघु उद्योग भी टिके रहे और लघु उद्योग के मातहत छोटे उद्योग भी टिके रहे। सेवा व्यापार क्षेत्र में यदि शॉपिंग मॉल आए तो छोटे किराना दुकानदार भी अस्तित्व में रहे। नयी आर्थिक नीति के उपरांत उद्योगों में जिस इन्सपेक्टर राज का बारंबार जिक्र किया जाता था, कहीं न कहीं देश के लघु मध्यम उद्योग ही उसके ज्यादा भुक्तभोगी बनते थे। ये स्थिति अभी भी पूरे तौर पर समाप्त नही हुई है। आज भी अनेकानेक सेवा उद्योग में अलग अलग एजेंसियों की रूलिंग व दिशा निर्देशों की भरमार कायम हैं, बहुस्तरीय लाइसेंसिंग नीति मौजूद है। आत्मनिर्भर भारत के लिए यह भी जरूरी है कि हमारे उद्यम इंसपेक्टर राज से पूरी तरह आजाद हों।

सोशल मीडिया

आज श्री अयोध्या धाम में श्री मणिरामदास छावनी के पूज्य महंत एवं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास जी महाराज का आत्मीय सानिध्य प्राप्त हुआ। सीएम योगी.

जीवन में समन्वय

प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में उसके गुरु, शिक्षक या किसी महापुरुष से मिली शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण स्थान होता है। उसी से जीवन के रास्ते तय होते हैं। साधारण इंसान हमेशा ऐसे कृत्यों में संलग्न रहते हैं जिसमें भोग, लिप्सा जैसी चेष्टाएं प्रधान होती हैं लेकिन महापुरुष हमेशा ऐसी प्रवृत्तियों से दूर लोक कल्याण एवं अध्यात्म चिंतन में रत रहते हैं। मनुष्य अनेकानेक क्षुद्र योनियों के कुसंस्कारों से लदे होते हैं। शिश्नोदर परायण पशु प्रवृत्तियों में ही उनका मन रमता और प्रयत्न चलता है। इस स्तर से उबर कर मानवी गरिमा के क्षेत्र में प्रवेश करने की प्रक्रिया आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान के सहारे ही संभव होती है। उसका आलोक अंतराल में प्रवेश करता है तो पुण्य परमार्थ की दो प्रवृत्तियां उभरती हैं। पुण्य अर्थात आत्मसंयम, परमार्थ अर्थात् सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन में उत्साह। इन्हीं के समन्वय को देवत्व कहते हैं। महामानवों का यह कार्य क्षेत्र है। उनकी विचारणा एवं तत्परता इन्हीं दो प्रयोजनों पर केन्द्रित होती हैं। फलतः वे स्वयं कृतकृत्य होते हैं और अपने सम्पर्क क्षेत्र में शालीनता का वातवरण उत्पन्न करने में चंदन वृक्ष का उदाहरण बनते हैं। यह आध्यात्म क्षेत्र ही देव मानवों की, नर-रत्नों की खदान है। इस विद्या का जब जितना प्रचलन, विस्तारण होता है तब उसी अनुपात में वैयक्तिक प्रखरता और सामूहिक समर्थता की अभिवृद्धि होती है। सर्वतोमुखी प्रगति का पथ प्रशस्त होता है। चेतना में उत्कृष्टता का स्तर बढ़ने से स्वल्प साधनों को मिल बांटकर खाया और संतोषपूर्ण रहा जा सकता है। जबकि इसमें कमी पड़ने पर आपस में टकराने और नारकीय दुष्प्रवृत्तियों से सवत्र अशांति उत्पन्न करते हैं। भले ही सम्पदा के पर्वत ईर्द-गिर्द ही क्यों न खड़े रहें। इन तथ्यों पर ध्यान देने से आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान की व्यवहारिक गरिम प्रकट होती है। यह प्रतिफल ऐसे हैं, जिन्हें अपनाये जाने पर मनुष्य में देवत्व का उदय होना निश्चित है। जहां सज्जनता बढ़ेगी वहां अपनी इसी धरती पर स्वर्ग जैसा वातावरण बिखरा-बिखरा फिरेगा।

अंतर्दृष्टि

यही है आध्यात्म की विभूतिवान परिणति, जिसके लिए उसे विचारशीलों द्वारा असाधारण महत्व दिया गया है और उसके महात्मों का वर्णन अलंकारिक आकर्षणों सहित व्यक्त किया है। इसे दुर्भाग्य ही कहना चाहिए कि चेतना को नरक से उबार कर स्वर्ग में पहुंचाने वाली इस विधा को जादूगरी बाजीगरी की पंक्ति में बिठा दिया गया। प्रचलन में अध्यात्म का अर्थ कौतुक, कौतूहल, चमत्कार जैसा माना जाता है और उस आधार पर छुटपुट सी हेराफेरी करने पर विपुल अकर्मण्य लोग परुषार्थ के बल पर वैभव खरीदने में सफल नहीं होते तो इन हथकण्डों के सहारे सम्पत्तिवान और यशस्वी बनने की बात सोचते हैं।

आप की बात

बीमारियों से आजादी

सरकार को ऐसी कल्याणकारी योजनाएं महिलाओं के लिए लाना चाहिए जिससे उनका जीवन सरल हो और जीवन में आजादी का अहसास हो। इसी तरह की एक योजना पूर्व में शुरू की गयी थी जिसका नाम है उज्ज्वला योजना। इससे महिलाओं को लाभ हुआ। उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस योजना से महिलाओं को चूल्हे के धुंए से आजादी मिली है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है।

1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था। अगर हम यह मान भी लें कि बहुत से घरों में उज्ज्वला गैस एक-दो बार ही भरायी जाती है, तो भी इससे बहुत मदद मिली। जलावन भीगने पर, वर्षा के दिनों में या सूखा जलावन न होने पर ही अगर गैस का प्रयोग हुआ, तो इससे भी महिलाओं को खाना बनाने में मदद मिली। बच्चों को जल्दी स्कूल भेजने में मदद मिली, स्वच्छ गैस से स्वास्थ्य बचाने में मदद मिली। उज्ज्वला गैस महिलाओं का संभल बनी है। इसीलिए केन्द्र सरकार ने 75 लाख और लाभार्थियों को जोड़ने का फैसला किया है।

विकास श्रीवास्तव, लखनऊ.

आजादी की रक्षक महिलाएं

वीना गौतम

80वें स्वतंत्रता दिवस पर विशेष

आजादी की 79वीं वर्षगांठ पर यदि पूछा जाए कि 1947 से 2026 तक भारत की स्वतंत्रता की सबसे बड़ी ताकत क्या रही है? ...तो इस सवाल का जवाब केवल सेना, संविधान या लोकतांत्रिक संस्थाएं भर नहीं होगा। इस उत्तर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा वे भारतीय महिलाएं भी हैं, जिन्होंने जंग-ए-आजादी में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया और आजाद भारत को मजबूत व आत्मनिर्भर बनाने में जी जान से अपना योगदान दिया। इसलिए आजादी की इस 79वीं वर्षगांठ पर अन्य महत्वपूर्ण चीजों के साथ महिलाओं के इस महती योगदान को याद करना भी जरूरी है, जिनके साहस, नेतृत्व, ज्ञान और समर्पण ने भारत की आजादी को केवल सुरक्षित ही नहीं रखा बल्कि उसे नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया है।

स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी किसी औपचारिक उपस्थिति तक सीमित नहीं थी। रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों के विरूद्ध युद्धभूमि में उतरकर अद्भुत वीरता दिखायी थी। बेगम हजरत महल ने अवध में अंग्रेजी शासन को चुनौती दी थी। सरोजनी नायडू ने गांधीजी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभायी थी और महिलाओं को राष्ट्रीय आंदोलन से जोड़ा था। इसी तरह अरुणा आसफ अली ने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में तिरंगा फहराकर पूरे देश में नई ऊर्जा का संचार किया था। उषा मेहता ने भूमिगत रेडियो के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन की आवाज को देशभर में पहुंचाया था, तो कस्तूरबा गांधी, सुचेता कृपलानी, दुर्गा भाभी, मातंगिनी हाजरा, कैप्टल लक्ष्मी सहगल, भीकाजी कामा, प्रीतिलता वाडेदार, श्रीमति एनी बेसेंट, कल्पना दत्त जोशी, कनकलता बरुआ, रानी गैदिन्ल्यू, झलकारी बाई, अवंतीबाई लोधी, वेलु नाचियार, ताराराानी श्रीवास्तव, दुगाबाई देशमुख, कमलादेवी चट्टोपध्याय, विजय लक्ष्मी पंडित और राजकुमारी अमृत कौर जैसी अनेक महिलाओं ने यह साबित किया कि आजादी केवल पुरुषों का संघर्ष नहीं था बल्कि उसमें भारत की बेटियों की भी बराबर की हिस्सेदारी थी।

आजादी के बाद अगर हम देश की राजनीति और फलते-फूलते लोकतंत्र की बात करें तो इंदिरा गांधी, प्रतिभा पाटिल, मीरा कुमार, सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित, जयललिता, द्रोपदी मुर्मू, मायावती, ममता बनर्जी, वसुंधरा राजे और निर्मला सीतारमण उन महिलाओं में शामिल हैं, जिन्होंने न केवल देश की संवैधानिक राजनीति को शिखर तक पहुंचाया बल्कि अपने संवेनशीलता और समावेशी सोच से लोकतंत्र को उदार और मजबूत बनाया। इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री के रूप में कठिन अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय परिस्थितियों में देश का नेतृत्व किया। बाद में प्रतिभा पाटिल और द्रोपदी मुर्मू ने देश के सर्वोच्च नागरिक पद यानी राष्ट्रपति पद की कुर्सी संभालकर देश के सबसे बड़े संवैधानिक पद को गरिमा दी। अगर न्याय, प्रशासन और पुलिस क्षेत्र की बात करें तो आजादी के इन 79 सालों में एक से बढ़कर एक महिलाएं इस क्षेत्र को अपने ज्ञान और कर्तव्य से मजबूत किया है। इनमें प्रमुख हैं- फातिमा बीबी, लीला सेठ, जस्टिस आर.बनुमति, जस्टिस इंदु मल्होत्रा, किरण बेदी, अन्ना राजम मल्होत्रा, अरुणा सुंदरराजन और दूर्वा बनर्जी। इन सब महान शख्सियतों ने देश के लोकतंत्र में चार चांद लगाया है। फातिमा बीबी, सर्वोच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश बनी, तो उनके बाद अनेक महिला न्यायाधीशों ने न्याय व्यवस्था में संवेदनशीलता और समानता की नई मिसालें स्थापित कीं। अन्य क्षेत्रों की तरह विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्रों में भी पिछले 79 साल में एक से बढ़कर एक महिलाओं ने इस क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। डॉक्टर टेसी थामस को मिसाइल वुमन ऑफ इंडिया कहा जाता है। डॉक्टर रितु करिधल, नंदिनी हरिनाथ, मुथैया वनिता जैसी इसरो की महिला वैज्ञानिकों ने मंगलयान, चंद्रयान और अन्य अंतरिक्ष अभियानों की सफलता में उल्लेखनीय योगदान दिया है। लेकिन विज्ञान और अंतरिक्ष तथा रक्षा के क्षेत्रों में इतने ही नाम नहीं हैं और भी अनेक विभूतियां हैं, जिन्होंने पिछले 8 दशकों में देश का गौरव बढ़ाया है। इनमें अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला, भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स, महिला फाइटर पायलटों में शामिल होकर नई पीढ़ी को प्रेरित करने वाली अवनी चतुर्वेदी, भावना कांत और मोना सिंह, अपने आपमें देशभक्ति की जीवंत कहानी हैं। इसी क्रम में पुनिता अरोड़ा और माधुरी कानिटकर भी देश की रक्षा क्षेत्र में अपने अहम योगदान के लिए जानी जाती हैं। अगर खेल जगत की बात करें तो पीटी उषा, कर्णम मल्लेश्वरी, साइना नेहवाल, पीवी सिंधु, मैरी कॉम, साक्षी मलिक, मीराबाई चानू, लवलीना बोरगोहेन, दीपा करमाकर, मिथाली राज और हरमनप्रीत कौर ये वो नाम हैं, जिन्होंने खेल के आसमान में भारत की चमक बिखेरी है। खेल जगत में इन महिलाओं ने भारतीय तिरंगे को हमेशा ऊंचा रखा है। अगर बात शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में इन 79 वर्षों में महिलाओं के योगदान की करें, तो यहां भी महान योगदान देने वाली महिलाओं की कमी नहीं है। जहां शिक्षा के क्षेत्र में अनेक महिलाओं द्वारा सावित्रीबाई फुले की विरासत को पूरी शिद्दत के साथ आगे बढ़ाया गया है, तो वहीं स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाईयां देने वाली इला भट्ट जैसी शख्सियतें भी मौजूद हैं। समाज, शिक्षा और संस्कृति में भारत का नाम रोशन करने वाली महिलाओं में सावित्रीबाई फुले और इला भट्ट के अलावा पंडिता रमाबाई, सिंधुताई सपकाल, मेधा पाटकर, गौरा देवी, सुधा मूर्ति, महाश्वेता देवी, अमृता प्रीतम, लता मंगेश्कर, एम.सुब्बुलक्ष्मी, सोनल मानसिंह, अरुंधती भट्टाचार्य, जैसी महिलाओं ने हमारी आजादी को नये और गरिमामय मायने प्रदान किये हैं।

मीडिया, साहित्य, कला में भी एक से बढ़कर एक महिलाओं ने देश की मौजूदा शानदार तस्वीर गढ़े जाने में अपना महान योगदान दिया है। इसलिए आजादी की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर इन महान महिलाओं को याद करना केवल इनके योगदान को याद करनाभर नहीं है बल्कि इनके इस साहस को महसूस करना है कि उन्होंने कठिन से कठिन परिस्थितियों में राष्ट्र के हर क्षेत्र में अपना अहम योगदान दिया है। विकसित भारत में सबसे अहम योगदान कारपोरेट क्षेत्र का होगा। अगर हम कारपोरेट क्षेत्र पर गौर करें तो किरण मजूमदार शॉ, रोशनी नदार, फाल्गुनी नायर, सिमोन टाटा, विभा पाडलकर, नमिता थापर, राधा वेम्बु, विनीता सिंह जैसी महिलाओं का योगदान भारत की आर्थिक प्रगति में हमेशा यादव किया जायेगा। आने वाले वर्षों में यदि भारत विकसित राष्ट्र बनने का सपना पूरा करता है, तो इस सपने में महिलाओं की यही ऊर्जा, नेतृत्व और संकल्प सबसे बड़ी शक्ति होगी।

संक्षेप

स्वाधीनता दिवस पर प्रमोद व मोना ने किया आहवान

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस पर लोगों से देश की एकता एवं अखण्डता तथा कौमी एकता को मजबूत बनाने के लिए संकल्पबद्ध होने का आहवान किया है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश को आजाद कराने के लिए अपना सब कुछ अर्पित कर दिया था। उन्होने कहा कि राष्ट्रवासियों को नये एवं मजबूत भारत के निर्माण में एकजुटता के साथ इस पावन पर्व पर आगे बढ़ने का सतत संकल्प ग्रहण करना चाहिए। संयुक्त बयान मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

करंट से हेल्पर घायल

प्रतापगढ़। एचटी लाईन में आई फॉल्ट को दुरुस्त करने के दौरान करंट की चपेट में आने से हेल्पर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। लालगंज कोतवाली के भटनी उपकेंद्र से गुजरी एचटी लाईन में आये फाल्ट को दुरुस्त करने के लिए शुक्रवार की सुबह हेल्पर रामसिंह पोल पर चढ़कर फाल्ट को ठीक कर रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से नीचे गिरकर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर भेजवाया गया है।

बाइक की टक्कर से दो घायल, एक रेफर

प्रतापगढ़। बाइक की टक्कर से दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के सिंधौर कुड़वा गांव निवासी साठ वर्षीय मोहनलाल सरोज व अटठावन वर्षीय अवधेश बहादुर सिंह किसी काम से शुक्रवार को लालगंज आये थे। यहां से घर लौटते समय चौक के समीप सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजवाया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने मोहनलाल सरोज को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

धमकी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे उसरहा कुंभीआइमा निवासी मुस्ताक अहमद पुत्र मो0 जब्बार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीते बारह अगस्त को दोपहर करीब बारह बजे कुम्भीआइमा निवासी नासिर पुत्र खालिक उसे गाली व धमकी दे रहा था। आरोप है कि पीड़ित के विरोध करने पर आरोपी ने उसे मारापीटा व धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगी विधायक मोना

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना स्वाधीनता दिवस पर क्षेत्र में आयोजित विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगी। वह संग्रामगढ़ में प्रातः पं. सरयू प्रसाद तिवारी कालेज ऑफ लॉ समेत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होंगी। अपरान्ह एक बजे लालगंज तथा इसके बाद पुर तुलई व बेलखौरा, समापुर, परसपुर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में शामिल होंगी। अपरान्ह साढ़े तीन बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन एवं यहां संचालित पर्यटन विकास की योजनाओं की प्रगति का जायजा लेंगी।

चंदौली में 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार

चंदौली। जिले की धीना थाना पुलिस ने वर्ष 2018 से फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने महुजी तिराहा के पास, जमानिया सीमा से करीब 300 मीटर पहले, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच शुरू की। इसी दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान अरबाज नट उर्फ खबरी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

सिद्धार्थनगर में निकाली गयी भव्य तिरंगा यात्रा

सिद्धार्थनगर। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट परिसर से सिहेंश्वरी माता मंदिर तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द माधव, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह सहित अधिकारीगण एवं स्कूली छात्र-छात्राएं यात्रा में शामिल हुए। सिहेंश्वरी माता मंदिर पर आयोजित समापन कार्यक्रम में सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू हुआ तिरंगा अभियान आज जनआंदोलन बन चुका है। उन्होंने तिरंगे को देश की शान, एकता और अखंडता का प्रतीक बताया तथा स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन किया। विधायक श्यामधनी राही, नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द माधव एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने भी तिरंगा यात्रा में शामिल सभी लोगों को बधाई एवं स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया। संचालन डा. सीमा मिश्रा ने किया।

हर घर तिरंगा अभियान में बच्चों को बांटे झंडे, टिफिन और पानी की बोतल

जिला संवाददाता

सिरसिया (श्रावस्ती)। विधानसभा क्षेत्र 289 भिनगा के विकासखंड सिरसिया अंतर्गत ग्राम पंचायत बेचुआ स्थित कल्चूराम जनजातीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, साकेत नगर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा से संभावित उम्मीदवार सुभाष सत्या तथा पूर्व ब्लॉक प्रमुख मधु सत्या ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को तिरंगा झंडे, टिफिन बॉक्स एवं पानी की बोतल वितरित की। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उनमें खासा उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अरविंद कुमार मिश्रा, यशपाल सिंह, पूर्व सदस्य जिला पंचायत गिरजेश पाठक, सुल्ताना पाठक, हनुमान तिवारी, प्रदीप सिंह, प्रधान प्रतिनिधि बलविंदर सिंह, अमित सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने बच्चों में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने तथा छात्र-छात्राओं के हित में किए गए इस प्रयास की सराहना की। बच्चों ने भी उत्साह के साथ तिरंगा हाथ में लेकर हर घर तिरंगा अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

डीएम, एसपी व सीडीओ ने दीं जनपदवासियों को शुभकामनाएं

श्रावस्ती। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह हम सभी भारतीयों के लिए गौरव, स्वाभिमान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक पर्व है। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान का स्मरण कराता है, जिनके संघर्षों के फलस्वरूप देश को पराधीनता की बेड़ियों से मुक्ति मिली। यह अवसर हमें राष्ट्र की एकता, अखंडता, संप्रभुता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने जनपदवासियों का आह्वान किया कि इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सभी सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें। संविधान में निहित आदर्शों एवं मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने जनपदवासियों से आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की भी अपील की। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने भी जनपदवासियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रभक्ति, एकता और कर्तव्यनिष्ठा की भावना के साथ मनाने की अपील की।

युवा कांग्रेसियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

प्रतापगढ़। रामपुरखास के युवा कांग्रेसियों द्वारा शुक्रवार को नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर बड़ी संख्या में जुटे युवा कांग्रेसियों ने युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिनव शुक्ल के नेतृत्व में नेशनल हाइवे लखनऊ-वाराणसी के रायबरेली प्रतापगढ़ रोड से इन्दिरा गांधी चौक पहुंचे। यहां भारत माता के जयघोष व वन्देमातरम के साथ कार्यकताओं ने अमर शहीद प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कार्यकताओं का जत्था कालाकांकर हाइवे होते हुए कैम्प कार्यालय पहुंचा। इस मौके पर सिंटू मिश्र, अतुल शुक्ला, सिद्धार्थ, हिमांशु सिंह, अनूप मिश्र, अभिषेक त्रिपाठी, अंकुश यादव, दिवाकर, अक्षत तिवारी, शिवम पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, अनिकेत, आदर्श, विकास ओझा, अंकुर तिवारी, मुरलीधर तिवारी, श्रीकांत मिश्र, पप्पू तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल आदि रहे।

जवानों ने निकाली तिरंगा रैली

श्रावस्ती। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग, पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी एवं एसएसबी कमांडेंट अमरेंद्र कुमार वरुण ने सिरसिया क्षेत्र के सुईया बॉर्डर एवं आसपास के सीमावर्ती गांवों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने सीमा स्तम्भ संख्या भारत-634 (1) का स्थलीय निरीक्षण किया तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध तस्करी, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की आवाजाही सहित अन्य गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। सुरक्षा बलों को पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान हर घर तिरंगा अभियान के तहत 62वीं वाहिनी एसएसबी के जवानों ने सुईया बॉर्डर पर तिरंगा रैली निकाली। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर जवानों ने देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। एसएसबी के डॉग स्क्वायड ने डॉग शो एवं डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से सुरक्षा, खोज तथा संदिग्ध वस्तुओं की पहचान से संबंधित गतिविधियों का प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने सीमावर्ती ग्रामीणों से संवाद कर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की तथा संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस अथवा एसएसबी को देने के लिए जागरूक किया।

धूमधाम से मनी जगदगुरू स्वामी करपात्री की जयंती

स्वामी करपात्री जी सेवा संस्थान के तत्वाधान में प्रतिमा का हुआ पूजन

प्रतापगढ़। क्षेत्र के उमरपुर भटनी गांव में शुक्रवार को धर्मसम्राट स्वामी करपात्री महराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जगदगुरू की जन्मस्थली से जुड़े स्वामी करपात्री चौक पर स्वामी करपात्री जी सेवा संस्थान के तत्वाधान में करपात्री चौक स्थित जगदगुरू की प्रतिमा पर अनुयायियों ने मत्था टेका। चौक जयंती उत्सव को लेकर स्वामी करपात्री जी महराज के साथ गाय गंगा के जयघोष से गूंज उठा। आयोजन को यादगार बनाने के लिए जन्मस्थली के निकटवर्ती क्षेत्रों में पौधरोपण भी हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे श्रीरामचरित मानस राष्ट्रीय ग्रन्थ संरक्षा अभियान समिति के राष्ट्रीय संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं स्वामी करपात्री जी सेवा संस्थान के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनुराग तिवारी ने स्वामी जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन आरती व माल्यार्पण कर जयंती समारोह का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि जगदगुरू स्वामी करपात्री जी महराज ने गीता, मानस, गाय व सनातन संस्कृति के संरक्षा को लेकर विश्व पटल पर सशक्त विचारधारा से राष्ट्र का मान बढ़ाया है। सह संयोजक अनिल त्रिपाठी महेश व समाजसेवी पप्पू तिवारी ने भी करपात्री जी महराज के राष्ट्रीय दर्शन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र नारायण मिश्र व संचालन महासचिव दीपेन्द्र ओझा ने किया। संयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी द्वारा हुआ। वहीं जयन्ती को लेकर संस्थान के पदाधिकारियों ने वन दरोगा अमितांशु त्रिपाठी व विभागीय कर्मियों सरयू प्रसाद, मो0 अरबाज, के संयोजन में भटनी तालाब के तटवर्ती क्षेत्र में पीपल, बरगद, पाकड़, जामुन, आम व अमरूद के पौधरोपण भी किये। इस मौके पर राकेश सिंह, रामबाबू मिश्र, राहुल सिंह, हरकेश तिवारी, डॉ0 अंजनी तिवारी, अर्पित, देशराज सरोज, सुशील शुक्ल, विपिन सरोज, विश्वनाथ सरोज, अजय सरोज, सिद्धू चौरसिया, पुन्नू यादव आदि रहे।

लालगंज नगर को मेगा शॉप की मिली सौगात, खुशी

प्रतापगढ़। नगरवासियों को शुक्रवार को स्वाधीनता दिवस की पूर्व बेला पर व्यापारिक क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। सौगात को लेकर स्थानीय व्यापारियों व लोगों में खुशी देखी गयी। नगर के रायबरेली रोड पर मेगा शॉप का गाजे बाजे के बीच शुभारंभ हुआ। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दीप प्रज्ज्वलन करने के साथ फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने जनसुविधा के क्षेत्र में मेगा शॉप को नगर के साथ क्षेत्र के लिए सुविधा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि कहा। मेगा शॉप के प्रबन्ध निदेशक संदीप कुमार चौधरी ने सेवा के क्षेत्र में गुणवत्ता तथा पारदर्शिता का भरोसा दिलाया। प्रबन्धक रितेश शुक्ला ने अतिथियों को सम्मानित किया। आयोजन में समाजसेवी श्यामजी कौशल का विशेष सम्मान हुआ दिखा। संचालन साहित्यकार डॉ0 अनुज नागेन्द्र ने किया। संयोजन मार्केटिंग हेड रंजीत यादव व एचआर गंगाधर सिंह ने किया। इस मौके पर दिनेश सिंह, अवनीश शुक्ला, पवन शुक्ला, घनश्याम संवरिया आदि रहे।

जमानतदार के घर में ही सेंध लगायी, आरोपी गिरफ्तार

हरदोई। जिले में एक चोर ने चोरी के मामले में जमानतदार का घर भी नहीं छोड़ा और उसके घर में सेंध लगाकर 11.50 लाख रुपये मूल्य के आभूषण और नकदी चुरा ली। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरीशुदा आभूषण एवं नकदी बरामद करने के साथ ही, आरोपी युवक और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया की थाना कछौना में राम नंदन कनौजिया ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घर अज्ञात चोरों ने लगभग 10 लाख रुपये मूल्य के जेवर और डेढ़ लाख रुपये नकदी की चोरी कर ली है। पुलिस ने इस मामले में विनायक शर्मा तथा परास को गिरफ्तार किया। पूछताछ में विनायक ने बताया कि उसके पिता की मौत हो गई है और मां विकलांग है। ऐसे में उसे दोस्तों के साथ ऐश करने का शौक लग गया और वह अपने इसी शौक को पूरा करने के लिए चोरी करने लगा। वह अब तक कई चोरी कर चुका है। मीणा ने बताया कि आरोपी ने मथुरा में जहां वह काम कर रहा था, वहीं चोरी कर ली। उसकी गिरफ्तारी के बाद उसकी मां ने गांव के ही रहने वाले राम नंदन कनौजिया से जमानत कराने का अनुरोध किया जिसके बाद कनौजिया ने मानवता के चलते उसकी जमानत ले ली। हालांकि, जमानत पर दो माह पहले रिहा होने के बाद आरोपी विनायक शर्मा ने राम नंदन कनौजिया के घर को ही निशाना बना लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी ने उसके घर से लगभग 10 लाख रुपए के आभूषण तथा डेढ़ लाख रुपए नगद की चोरी की थी। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह चोरी करता था उसके बाद अपने दोस्तों को ले जाकर दिल्ली और मुंबई में ऐश करता था। उसने अब तक देह व्यापार करने वाली 25 से भी अधिक महिलाओं से संबंध बनाए हैं। पुलिस ने आरोपी विनायक शर्मा और पारस को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

शिक्षक के बैंक खातों से 1.86 लाख रुपये की साइबर ठगी, केस दर्ज

हरदोई। जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र में साइबर ठगों ने बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात एक सहायक अध्यापक के बैंक खातों से 1.86 लाख रुपये से अधिक की धनराशि निकाल ली। पुलिस ने मामले में साइबर ठगी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मूल रूप से प्रतापगढ़ जिले के निवासी बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात सहायक अध्यापक कुलदीप पाण्डेय ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के साथ शहर कोतवाली में भी तहरीर दी है। शिकायत के अनुसार दो अगस्त को दोपहर 12:47 बजे उनके बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से यूपीआई के माध्यम से 97,888 रुपये गुरमेज सिंह नामक व्यक्ति की यूपीआई आईडी पर स्थानांतरित कर दिए गए।

80वें स्वतंत्रता दिवस पर अधिकारियों ने जनपदवासियों को दी हार्दिक बधाई

सिद्धार्थनगर। 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने समस्त जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। अधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर

जनपदवासियों के सुख, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व हमें देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लेने का भी पर्व है। आजादी के अमृत मूल्यों को आत्मसात करते हुए प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने जनपदवासियों से आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने तथा विकास की यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से सिद्धार्थनगर को विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। डीएम शिव शरणप्पा जीएन व एसएसपी डा0 अभिषेक महाजन व सीडीओ बलराम सिंह ने दोहराते हुए एक बार पुनः समस्त जनपदवासियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र की प्रगति, शांति और समृद्धि की मंगलकामना किया।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर सिद्धार्थनगर में निकला शांति मार्च

सिद्धार्थनगर, । भारत विभाजन की स्मृति में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर पेट्रोल पंप तिराहा, बांसी स्टैंड से सिद्धार्थ तिराहा तक शांति मार्च निकाला गया। शांति मार्च में सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधान परिषद सदस्य डा. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य लोग शामिल हुए। शांति मार्च के समापन पर सिद्धार्थ तिराहे स्थित भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विभाजन के दौरान जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा शांति, सद्भाव एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया गया।

पांच आरोपी गिरफ्तार, पांच करोड़ की मार्फिन बरामद

सुलतानपुर। जिले में शुक्रवार सुबह अखंडनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस और मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के बीच मुठभेड़ के बाद पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और पांच करोड़ रुपये मूल्य की अवैध मार्फिन जब्त की गई। पुलिस के मुताबिक, इस मुठभेड़ में दो आरोपी पुलिस की गोली से घायल हो गए जिनका इलाज अस्पताल में हो रहा है।

क्षेत्राधिकारी, कादीपुर विनय गौतम ने बताया कि पुलिस को यह सूचना प्राप्त हुई कि मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल एक गिरोह मादक पदार्थ की आपूर्ति करने कहीं जाने वाला है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने अखंडनगर थाना क्षेत्र के सहजनपुर अंडरपास के पास घेराबंदी की। उन्होंने बताया कि शुक्रवार तड़के करीब साढ़े चार बजे दो कारें आती दिखाई दी जिसको पुलिस ने रोका तो कार में बैठे लोगों ने पुलिस पर गोलीबारी कर दी।

स्वतंत्रता दिवस को लेकर बांसी में तैयारियां तेज, प्रशासनिक अमला अलर्ट

बांसी, सिद्धार्थनगर। स्वतंत्रता दिवस के भव्य आयोजन को लेकर बांसी तहसील प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। एसडीएम बांसी विश्वामित्र सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार पीयूष कुमार श्रीवास्तव सहित नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, महबूब आलम एवं राजस्वकर्मियों ने निर्धारित दायित्वों के निर्वहन के साथ कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। सीओ बांसी शुबेंदु सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बांसी मृत्युंजय पाठक, खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा, शिवनगर डिड़ई थानाध्यक्ष बृजेश सिंह एवं जोगिया उदयपुर थानाध्यक्ष अभय सिंह सहित पुलिस टीम स्वतंत्रता दिवस के झंडारोहण एवं अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटी रही।

वहीं, नगर पालिका बांसी भी आयोजन को भव्य एवं व्यवस्थित बनाने में सक्रिय है। नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी, पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद इदरीश राईनी एवं ईओ जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में बड़े बाबू जमील अहमद सहित नगर पालिका कर्मियों द्वारा आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रशासन, पुलिस एवं नगर पालिका की संयुक्त सक्रियता से बांसी में स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य, अनुशासित और यादगार बनाने की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं।

गुमशुदा 55 वर्षीय महिला सकुशल बरामद

सिद्धार्थनगर। पथरा बाजार थानाध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में थाना पथरा बाजार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घर से बिना बताए निकली 55 वर्षीय महिला पार्वती देवी को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

पुलिस की इस तत्परता पर परिजनों ने पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। पुलिस के अनुसार, 13 अगस्त 2026 को यूपी-112 के माध्यम से सूचना मिली कि एक महिला पथरा बाजार स्थित पावर हाउस के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही मिशन शक्ति टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर महिला को सकुशल थाने लाया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम पार्वती देवी, निवासी ग्राम नवापार, थाना बरहज, जनपद देवरिया बताया। 14 अगस्त को परिजनों को बुलाकर मिशन शक्ति टीम ने महिला को उनकी बहू रंजना देवी के सुपुर्द कर दिया। कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. अभिषेक महाजन के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के निर्देशन एवं थानाध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में उपनिरीक्षक मलखा प्रसाद, कांस्टेबल सुदामा यादव, महिला कांस्टेबल सोनी यादव एवं ओमलता शुक्ला शामिल रहीं।

एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन के नेतृत्व में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि

सिद्धार्थनगर, । विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में विभाजन की त्रासदी में अपने प्राण गंवाने वाले लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता, आपसी सौहार्द एवं सामाजिक समरसता को मजबूत बनाए रखने के संकल्प पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभाजन की पीड़ा को स्मरण करते हुए देश की एकता और भाईचारे को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन की अगुवाई में आयोजित यह कार्यक्रम संवेदनशीलता, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता नजर आया। इस अवसर पर राजपत्रित अधिकारी, शाखा प्रभारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संक्षेप

आईटेल ने बढ़ाया होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो

नई दिल्ली। आईटेल ने वॉशिंग मशीन और टीवी की नई रेंज के साथ अपने होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लॉन्च की गई इस नई रेंज के जरिए कंपनी आधुनिक तकनीक को भारतीय घरों तक पहुंचाने पर जोर दे रही है। आईटेल ने भारत में अपने नए टीवी पोर्टफोलियो को भी पेश किया है, जो कंपनी के स्मार्ट टीवी सेगमेंट में एक बड़ा बदलाव है। नए टीवी पोर्टफोलियो में प्रीमियम डिजाइन के साथ कई ऐसी तकनीक और सुविधाएं शामिल की गई हैं, जो पहले केवल चुनिंदा मॉडल्स तक सीमित थीं। इसके अलावा, पहली बार 55 और 65 इंच स्क्रीन साइज में मिनी एलईडी टेक्नोलॉजी भी पेश की गई है।

प्रेस्टीज का नयी वेलोरा स्टेनलेस स्टील गैस स्टोव रेंज लॉन्च

नई दिल्ली। टीटीके प्रेस्टीज ने नई 'वेलोरा' स्टेनलेस स्टील गैस स्टोव रेंज लॉन्च की है। इसे आधुनिक भारतीय किचन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसमें प्रीमियम डिजाइन, बेहतर परफॉर्मेंस और रोजमर्रा की सुविधा का ध्यान रखा गया है। यह उन उपभोक्ताओं के लिए खास तौर पर बनाई गई है, जो, जो स्टाइल, मजबूती और उपयोगिता का बेहतरीन संतुलन चाहते हैं। यह नई रेंज रोजमर्रा के खाना पकाने के अनुभव को बेहतर बनाती है और आधुनिक किचन के साथ खूबसूरती से मेल भी खाती है। वेलोरा रेंज में 1.5 मिमी मोटाई वाली हेवी-गेज स्टेनलेस स्टील बॉडी दी गई है, जिस पर प्रीमियम मिरर फिनिश मिलती है। इससे गैस स्टोव को आकर्षक लुक के साथ मजबूती और लंबे समय तक इस्तेमाल के लिए टिकाऊ बनाया गया है।

एलजी ने लिस्टिंग के बाद दर्ज की अपनी सबसे मजबूत तिमाही वृद्धि

नई दिल्ली। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने आज वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही के नतीजों की घोषणा की। कंपनी ने अपने पोर्टफोलियो की हर श्रेणी में वृद्धि और सभी श्रेणियों में प्रीमियम उत्पादों की मांग के दम पर लाभप्रदता में स्थायी बढ़त के साथ साल की शुरूआत की है। नतीजों पर प्रकाश डालते हुए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हॉंग जू जियोंन ने कहा कि भारत का कंज्यूमर ड्यूरेबल्स बाजार प्रीमियम, प्रौद्योगिकी-संचालित और ऊर्जा-कुशल उत्पादों की ओर एक संरचनात्मक बदलाव से गुजर रहा है – और यह तिमाही दर्शाती है कि हमारा पोर्टफोलियो सटीक रूप से इसी बदलाव के लिए बनाया गया है। राजस्व की तुलना में लाभ लगभग दोगुनी गति से बढ़ा, और इसमें हर श्रेणी का योगदान रहा, जो हमें बताता है कि यह वृद्धि मौसमी न होकर स्थायी है।

लेंसकार्ट कर रहा है दृष्टि की दौड़ रन फॉर विजन का आयोजन

नई दिल्ली। लेंसकार्ट 15 और 16 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस वीकेंड के दौरान अपने वर्चुअल रन इवेंट दृष्टि की दौड़–रन फॉर विजन का आयोजन कर रहा है। इस दौरान, जो भी यूजर लेंसकार्ट ऐप पर कम से कम 20,000 कदम पूरे करेगा, कंपनी उसकी तरफ से चार जोड़ी तक चश्मे दान करेगी। यह राष्ट्रव्यापी अभियान रोजमर्रा की फिटनेस को सामाजिक प्रभाव के एक सामूहिक प्रयास में बदलने के लिए भारतीयों को एक साथ लाता है। देश में लगभग 35 करोड़ से अधिक भारतीय विजन केयर का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। यह सारा डोनेशन लेंसकार्ट की गैर-लाभकारी शाखा लेंसकार्ट फाउंडेशन के माध्यम से किया जाएगा। भारत में आई-केयर के भविष्य के लिए जागरूकता बढ़ाना और इसकी पहुँच को बेहतर बनाना सबसे जरूरी है।

हिमालया बेबीकेयर का प्योर बिगिनिंग्स घी गिफ्ट पैक लॉन्च

नई दिल्ली। हिमालया बेबीकेयर ने अपने नए हिमालया बेबीकेयर प्योर बिगिनिंग्स घी गिफ्ट पैक के लिए एआई से तैयार किया गया नया कैंपेन लॉन्च किया है। तकनीक आधारित कहानी कहने, सांस्कृतिक जुड़ाव और प्रीमियम प्रोडक्ट पोजिशनिंग के माध्यम से हिमालया बेबीकेयर नवजात शिशुओं के

लिए तेजी से विकसित हो रही गिफ्टिंग श्रेणी में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रहा है। भारतीय घरों में नवजात शिशुओं को तोहफा देना बहुत ही भावनात्मक और प्रतीकात्मक होता है–इसी सोच पर आधारित यह कैंपेन पारंपरिक बेबी-गिफ्टिंग को एक नए और आधुनिक नजरिए से पेश करता है। यह कैंपेन हिमालया बेबीकेयर प्योर बिगिनिंग्स घी गिफ्ट पैक को एक सोच-समझकर तैयार किए गए प्रीमियम गिफ्टिंग विकल्प के तौर पर पेश करता है।

सेंसेक्स में 71 अंकों की गिरावट

मुंबई। ऊंची तेल कीमतों और अमेरिका-ईरान गतिरोध के लंबे समय तक बने रहने के बीच निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को कमजोरी के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 71 अंक और निफ्टी में 30 अंक की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 70.71 अंक यानी 0.09 प्रतिशत गिरकर 78,009.25 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 395.59 अंक यानी 0.50 प्रतिशत गिरकर 77,684.37 अंक तक आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 29.85 अंक यानी 0.12 प्रतिशत गिरकर 24,366 अंक पर बंद हुआ। यह निफ्टी में गिरावट का लगातार चौथा सत्र रहा। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स, इंडिगो, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक और एचसीएल टेक के शेयर गिरावट में रहे। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक और टाइटन के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.17 प्रतिशत बढ़कर 87.15 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में 489.92 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 204.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत नुकसान में रहा। भारतीय शेयर बाजार कमोबेश स्थिर रुझान के साथ बंद हुए। अमेरिका-ईरान गतिरोध बने रहने और होर्मुज जलडमरूमध्य खुलने को लेकर अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। अमेरिकी शेयर बाजार के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने और अमेरिकी महंगाई के नरम आंकड़ों के बावजूद घरेलू बाजारों ने सतर्कता दिखाई। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.65 प्रतिशत की गिरावट पर रहा जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.13 प्रतिशत की कमजोरी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में आवासीय वित्त खंड 1.40 प्रतिशत के नुकसान में रहा जबकि मिडस्मालनिजी बैंक सूचकांक 0.58 प्रतिशत, तेल एवं गैस खंड 0.45 प्रतिशत और ऊर्जा खंड 0.44 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। वहीं, अस्पताल खंड ने 1.49 प्रतिशत की तेजी दिखाई और दूरसंचार खंड में 0.86 प्रतिशत, बीमा खंड में 0.21 प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 0.17 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी के लिए अब 24,325 अंक का स्तर बचाए रखना अहम है। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 510.69 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

रुपया तीन पैसे मजबूत होकर 95.42 प्रति डॉलर पर रहा

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के कमजोर रुख से घरेलू मुद्रा को मिले समर्थन के बीच रुपया शुक्रवार को तीन पैसे मजबूत होकर 95.42 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की निकासी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण रुपये पर दबाव कायम है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.39 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.38 से 95.44 प्रति डॉलर के सीमित दायरे में रहा। अंत में 95.42 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को 12 पैसे टूटकर 95.45 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपये में इस सप्ताह कमजोरी का रुख रहा लेकिन कुल मिलाकर इसमें सीमित दायरे में ही कारोबार हुआ। जुलाई में कच्चे तेल की कीमतों में करीब 25 प्रतिशत की तेजी आई थी और यह अब भी ऊंचे स्तर पर है। इससे रुपये पर आयात लागत का दबाव बना हुआ है। वहीं, डॉलर सूचकांक 100 के स्तर से नीचे करीब 99.50 पर रहा, जिससे रुपये की गिरावट सीमित रही। निकट अवधि में रुपये के 95.10 से 95.80 के दायरे में रहने का अनुमान है। कच्चे तेल और डॉलर की दिशा रुपये के लिए प्रमुख कारक रहेगी। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.78 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 70.71 अंक टूटकर 78,009.25 अंक पर और निफ्टी 29.25 अंक की गिरावट के साथ 24,366 पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का वायदा भाव 0.99 प्रतिशत चढ़कर 87.93 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को शुद्ध आधार पर 510.69 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

आईपीओ की 30 दिन की अवधि में बड़े निवेशकों में सबसे बड़े बिकवाल एफपीआई

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) बड़े निवेशकों में सबसे बड़े बिकवाल रहे और बड़े निवेशकों की भारी बिकवाली शेयर बेचने पर रोक की 30 दिन की अवधि खत्म होने के आसपास आईपीओ शेयर की कीमतों पर तेज दबाव से जुड़ी रही। वर्तमान नियमों के अनुसार बड़े (एंकर) निवेशकों को आवंटित शेयर में 50 प्रतिशत पर 90 दिन और शेष 50 प्रतिशत पर 30 दिन के लिए शेयर बेचने पर रोक (लॉक-इन) रहती है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के एक अध्ययन में यह बात सामने आई। अध्ययन में अप्रैल 2022 से अक्टूबर 2025 के बीच सूचीबद्ध 242 मेनबोर्ड आईपीओ को शामिल किया गया। इसमें यह भी पाया गया कि छोटे आईपीओ में बड़े निवेशकों की निकासी अधिक रही। अध्ययन के अनुसार, बड़े (एंकर) निवेशकों की निकासी की सबसे अधिक तीव्रता वाली श्रेणी के दौरान कीमतों पर औसतन 3.5 प्रतिशत का नकारात्मक असर पड़ा। मध्यिका के आधार पर कीमतों पर असर और अधिक रहा तथा यह करीब छह प्रतिशत की गिरावट रही। अंतरचतुर्थक दायरा भी मुख्य रूप से नकारात्मक रहा। इस उच्च तीव्रता वाली बिकवाली श्रेणी में एफपीआई ने अपने बड़े आवंटन में औसतन सबसे अधिक 24.5 प्रतिशत की निकासी की।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14.14 अरब डॉलर बढ़ा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात अगस्त को समाप्त सप्ताह में 14.14 अरब डॉलर बढ़कर 707 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इसके एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा भंडार 10.512 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 692.87 अरब डॉलर रहा था। इस साल 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि पश्चिम एशिया में टकराव शुरू होने के बाद कई हफ्तों तक इसमें गिरावट दर्ज की गई। संकट के दौरान रुपये पर दबाव बनने से रिजर्व बैंक को डॉलर बेचकर विदेशी मुद्रा बाजार में दखल देना पड़ा। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ी हिस्सेदारी रखने वालीं विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 9.95 अरब डॉलर बढ़कर 574.62 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में इन परिसंपत्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। पिछले महीने सरकार और आरबीआई ने देश में विदेशी मुद्रा प्रवाह बढ़ाने के लिए एफसीएनआर (बी) समेत कई उपायों की घोषणा की थी। इन प्रयासों से अब तक करीब 40 अरब डॉलर प्राप्त हो चुके हैं। इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 3.99 अरब डॉलर बढ़कर 108.74 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.74 अरब डॉलर पर पहुंच गए। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में देश का आरक्षित भंडार भी 11.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.89 अरब डॉलर हो गया।

2030 में सालाना 1.6 अरब टन तक पहुंच सकती है कोयले की मांग

मुंबई। केंद्रीय कोयला सचिव विक्रम देव दत्त ने शुक्रवार को कहा कि देश में कोयले की मांग 2030 तक बढ़कर सालाना 1.6 अरब टन तक पहुंचने का अनुमान है। इसके साथ उन्होंने कहा कि ईंधन की कीमत के निर्धारण के लिए पारदर्शी और मांग-आपूर्ति आधारित व्यवस्था की जरूरत है। सरकार द्वारा स्थापित स्वतंत्र बाजार के रूप में काम करने वाले मंच कोयला एक्सचेंज से इसमें मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि पिछले दो वित्त वर्ष में से प्रत्येक में घरेलू कोयला उत्पादन एक अरब टन से अधिक रहा है और इसकी मांग लगातार बढ़ रही है, क्योंकि कोयला ऊर्जा जरूरतों का प्रमुख आधार है। दत्त ने कहा कि 2030 तक कोयले की मांग बढ़कर अनुमानित 1.6 अरब टन होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि हम ऐसे मोड़ पर हैं, जहां कमी की स्थिति से अधिशेष की स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं। दत्त ने कहा कि इस बदलाव से कोयले के कारोबार के लिए अधिक कुशल, पारदर्शी एवं बाजार आधारित तंत्र की जरूरत रेखांकित होती है। उन्होंने कहा कि अब तक सरकारी कंपनी कोलइंडिया का इस क्षेत्र में लगभग एकाधिकार रहा है। जिस समय इसे बनाया गया था, उस समय इस मॉडल ने अपना उद्देश्य पूरा किया, लेकिन यह भारत जैसे बड़े और परिपक्व बाजार के लिए अपेक्षित प्रतिस्पर्धी, पारदर्शी एवं कुशल मूल्य खोज को पूरी तरह प्रतिबिंबित नहीं करता।

थोक महंगाई नौ महीने बाद पहली बार घटी

नयी दिल्ली। ईंधन और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी के बीच थोक मुद्रास्फीति नौ महीने में मासिक आधार पर पहली बार घटकर जुलाई में 9.78 प्रतिशत रही। शुक्रवार को आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक मुद्रास्फीति जून के महीने में 9.87 प्रतिशत रही थी।

अक्टूबर, 2025 के बाद पहली बार थोक महंगाई में मासिक आधार पर गिरावट दर्ज की गई है। जुलाई में गिरावट मुख्य रूप से ईंधन एवं बिजली क्षेत्र की कीमतों में कमी के कारण आई, जबकि प्राथमिक वस्तुओं और विनिर्मित उत्पादों की महंगाई बढ़ी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि खनिज तेल (पेट्रोलियम उत्पादों सहित), खाद्य वस्तुएं, मूल धातुओं का विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुएं, खाद्य उत्पादों का विनिर्माण तथा रसायन एवं रासायनिक उत्पाद जुलाई की थोक महंगाई बढ़ाने वाले प्रमुख कारक रहे। ईंधन एवं बिजली क्षेत्र की महंगाई जुलाई में घटकर 20.05 प्रतिशत रह गई, जो जून में 27.41 प्रतिशत थी। खाद्य वस्तुओं की महंगाई भी मामूली घटकर 5.44 प्रतिशत रही, जो जून में 5.49 प्रतिशत थी। हालांकि, विनिर्मित उत्पादों की महंगाई जुलाई में बढ़कर 8.29 प्रतिशत हो गई, जो जून में 7.48 प्रतिशत थी। आंकड़ों के मुताबिक, उत्पादन उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) में जुलाई में सालाना आधार पर 9.6 प्रतिशत की महंगाई रही, जो जून के समान स्तर पर है। सरकार ने कहा है कि पीपीआई करीब पांच साल में डब्ल्यूपीआई की जगह ले लेगा। उत्पादन पीपीआई में विनिर्माण और खनन क्षेत्र की महंगाई कम हुई, लेकिन कृषि और बिजली क्षेत्र में महंगाई बढ़ने से इसका असर निष्प्रभावी हो गया। थोक मुद्रास्फीति की दिशा बदल गई है और आने वाले महीनों में इसमें नरमी आनी चाहिए, क्योंकि वैश्विक कीमतें संभवतः अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी हैं। हमारे विचार में थोक मुद्रास्फीति अपने चरम पर पहुंच चुकी है और इसके बाद धीरे-धीरे और मामूली गिरावट जारी रहनी चाहिए। उसने कहा कि यह सामान्य तौर पर अपेक्षाकृत कम वैश्विक जिंस कीमतों और खासकर जून के बाद कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के अनुरूप होगा। 28 फरवरी से शुरू पश्चिम एशिया संघर्ष और इसके बाद होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी ने वैश्विक कच्चे तेल और उर्वरक कीमतों पर दबाव बनाए रखा है। भारत अपने कच्चे तेल के आयात का बड़ा हिस्सा इस मार्ग से करता है। जुलाई में थोक महंगाई में नरमी व्यापक नहीं थी और यह पूरी तरह ईंधन एवं बिजली समूह के कारण आई। जून की तुलना में अन्य सभी समूहों में महंगाई बढ़ी है।

सलाहकार सेवाओं से सीमित शर्तों लगाने से कम होगी प्रतिस्पर्धा

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने सरकारी संस्थाओं को सलाहकार सेवाओं की खरीद में अत्यधिक ऊंचे कारोबार और वेतनभोगी कर्मचारियों की शर्तें लगाने से बचने की सलाह देते हुए कहा है कि ऐसी शर्तों से प्रतिस्पर्धा अनावश्यक रूप से सीमित हो सकती है। मंत्रालय ने 22 जुलाई को जारी कार्यालय ज्ञापन में कहा है कि सरकारी ऑनलाइन खरीद मंच के जरिए सलाहकार सेवाओं की खरीद करने वाली एजेंसियों को निविदा में न्यूनतम कर्मचारियों की ऐसी संख्या तय करनी चाहिए जो काम को संतोषजनक ढंग से पूरा करने के लिए आवश्यक श्रमशक्ति के अनुरूप हो।

व्यय विभाग के खरीद नीति प्रभाग की तरफ से जारी ज्ञापन में कहा गया, बिना पर्याप्त औचित्य के अनुपातहीन रूप से अधिक कर्मचारियों की संख्या की शर्तें प्रतिस्पर्धा को अनावश्यक रूप से सीमित कर सकती हैं। वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले व्यय विभाग ने कहा कि पिछले तीन वित्त वर्षों के दौरान जीईएम मंच पर जारी सलाहकार सेवाओं की खरीद संबंधी निविदाओं के नमूना अध्ययन में पात्रता एवं योग्यता संबंधी मानदंडों को लेकर कुछ मुद्दे सामने आए। अध्ययन में अपेक्षाकृत अधिक कारोबार की शर्तें लगाए जाने और प्रस्तावित प्रमुख कर्मचारियों की योग्यता एवं अनुभव की तुलना में सलाहकार फर्म के अनुभव को अधिक महत्व दिए जाने के मामले सामने आए।

जेटवर्क ने फ्रेश इश्यू के जरिए 2600 करोड़ रुपये जुटाने के लिए यूडीआरएचपी फाइल किया

नई दिल्ली। जेटवर्क ने सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया के पास अपडेटेड ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस फाइल किया है। कंपनी थर्ड-पार्टी सप्लायर्स के नेटवर्क और अपनी खुद की सुविधाओं की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को एक यूनिवर्सल फैक्टरी में जोड़ती है जो जेटवर्क ओएस के जरिए एक साथ जुड़ी हुई है। इसके ग्राहकों में यूटिलिटीज, रिन्यूएबल्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंफ्रास्ट्रक्चर, एयरोस्पेस, स्पेस और डिफेंस, ऑयल और गैस और इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन जैसे सेक्टर शामिल हैं।

पेज एक का शेष

देश की

बढ़ा रहे हैं। उन्होंने इसे भारतीय लोकतंत्र की बड़ी ताकत बताया। राष्ट्रपति ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की भी बात की। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक हिंसा के कारण लाखों लोगों को अपना घर छोड़कर शरणार्थी बनना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने अपनी पहचान नहीं छोड़ी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत की विदेश नीति देश के हित को ध्यान में रखकर बनाई जाती है। आर्थिक सहयोग बढ़ाने और दूसरे देशों के साथ रिश्ते मजबूत करने के लिए भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों में भारत आगे बढ़कर काम कर रहा है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। राष्ट्रपति ने पर्यावरण को बचाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ियों को प्राकृतिक संसाधनों की कमी का सामना करना पड़े। पर्यावरण की रक्षा करना हमारी परंपरा का हिस्सा है।

विभाजन मानव

दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभाजन की त्रासदी से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। सीएम योगी ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस केवल अतीत को याद करने का अवसर नहीं है। इतिहास हमें अपनी गलतियों से सीखने और उन्हें दोबारा न दोहराने की प्रेरणा देता है। आने वाली पीढ़ी को यह बताना जरूरी है कि विभाजन की परिस्थितियां क्यों पैदा हुईं और लाखों लोगों को किस प्रकार अपनी मातृभूमि छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि विभाजन के दौरान पंजाब और बंगाल सहित विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर हिंसा और विस्थापन हुआ। लाखों परिवार अपने घर-बार छोड़कर शरणार्थी बनने को मजबूर हुए। इस त्रासदी की तस्वीरें और दस्तावेज आज भी उस दौर की भयावहता की याद दिलाते हैं। पूरे प्रदेश के नागरिकों को चाहिए कि वे अपने वर्तमान और आने वाली पीढ़ी को बताएं कि विभाजन की त्रासदी क्या थी और उससे हमें क्या सीख मिलती है। सीएम योगी ने कहा कि 1947 में भारत को स्वतंत्रता मिली, लेकिन इसके साथ ही देश का विभाजन भी हुआ। पंजाब और बंगाल के उन हिस्सों को भी पाकिस्तान को सौंप दिया गया, जहां बड़ी संख्या में ऐसे लोग रहते थे जो विभाजन के परिणामस्वरूप प्रभावित हुए। विभाजन के दौरान लाखों लोग अपने घर-बार छोड़कर शरणार्थी बनने को मजबूर हुए।

अपराध के

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अपराध और अपराधी के प्रति हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति रहेगी। इसके लिए हमें जो कुछ भी करना पड़ेगा, हम करेंगे। उन्होंने कहा हम उपराध रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं, जिसका परिणाम हमें रोज ही देखने को मिलता है।

राम द्रोहियों

उनकी स्मृति को नमन करना सार्थक होगा।

संभल में बन रहा जिला मुख्यालय

सीएम ने कहा कि 2024 में संभल दंगाइयों को चिन्हित कर कार्रवाई करते हुए हालात नियंत्रित किए गए। जांच में पता चला कि संभल में केवल हरिहर मंदिर ही नहीं है, वहां 67 तीर्थ, 19 कूप और 10 हजार एकड़ भूमि पर भी कब्जा हो गया था। इसे कब्जा मुक्त कराया गया। अब खाली भूमि का वहां के गरीबों, दलितों व कमजोर वर्ग के लोगों को आवंटन किया जा रहा है। वहां जिला मुख्यालय का निर्माण भी किया जा रहा है। आज संभल बदल चुका है। अब वहां दंगा नहीं होता है। शांति व सौहार्द का माहौल है। सीएम ने कहा कि पूर्व में अयोध्या को पर्वों-त्योहारों से भी वंचित किया जाता था। इसे संकरी गलियों और गंदगी का एक पर्याय बना कर रख दिया था। यहां के घाट, राम जी की पैड़ी, सरयू जी का जल सड़ता रहता था।

स्वतंत्रता के

उत्तर प्रदेश सरकार और प्रदेश के सभी राम भक्तों की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि पूज्य महाराज के जीवन का एक ही ध्येय था कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो। 1949 से लेकर उनके भौतिक शरीर के रहने तक महाराज का पूरा जीवन श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के लिए समर्पित रहा। सीएम ने कहा कि इतिहास केवल पढ़ने और परीक्षा में प्रश्नपत्र का उत्तर देने का माध्यम नहीं होता है। इतिहास एक प्रेरणा और सबक भी होता है। इससे जुड़े क्षणों से गर्व की अनुभूति होती है व आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। जब भी हम उसकी अनदेखी करते हैं, इसका मतलब है कि हम अतीत की उन गलतियों को दोहराने का फिर से प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1947 में अगर कांग्रेस एक बार अड़ गई होती, तो देश का विभाजन नहीं होता। कोई लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल या नरेंद्र मोदी जैसा देश का प्रधानमंत्री होता तो लाखों हिंदुओं का कत्लेआम नहीं होता। अनुच्छेद 370 की समाप्ति, देश के अंदर माओवाद और नक्सलवाद की समाप्ति जैसे कई अहम मुद्दे इनकी पीड़ा हैं क्योंकि ये इनकी कमाई के जरिया थे। देश को अस्थिर करने का यही माध्यम था। आज भारत का नागरिक कहीं बाहर जाता है, तो दुनिया में सम्मान पाता है। यह सम्मान यूपीए सरकार के समय में नहीं था। तब सनातन धर्म की चर्चा नहीं होती थी।

सशस्त्र बलों के राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता खिलाड़ी और चैंपियन का बेहतरीन मेल : राजनाथ

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल में संपन्न ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाले सशस्त्र बलों के खिलाड़ियों की शुक्रवार को सराहना की और कहा कि ये खिलाड़ी सैनिक और चैंपियन का बेहतरीन मेल हैं तथा देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने ग्लास्गो खेलों में हिस्सा लेने वाले भारतीय सेना के दल के सदस्यों के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही।

राजनाथ ने कहा, आप सिर्फ सेना का नहीं, बल्कि पूरे देश का गौरव हैं। राजनाथ ने शारीरिक और मानसिक दबाव पर काबू पाने तथा अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में देश को गौरवान्वित करने के लिए खिलाड़ियों की मजबूत इच्छाशक्ति और दृढ़ विश्वास की भी सराहना की। उन्होंने उनकी उपलब्धि को असाधारण बताते हुए कहा कि ये खिलाड़ी विशेष रूप से युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं क्योंकि वे सैनिक और चैंपियन का बेहतरीन मेल हैं। राष्ट्रमंडल खेल 2026 का समापन तीन अगस्त को हुआ। भारत 13 स्वर्ण, 17 रजत और नौ कांस्य सहित कुल 39 पदक के साथ चौथे स्थान पर रहा। सेना के 20 खिलाड़ियों के दल ने 16 पदक जीते जिनमें आठ स्वर्ण, सात रजत और एक कांस्य पदक शामिल है। भारतीय नौसेना के कर्मियों ने दो पदक जीते। मुक्केबाजी में छह में से चार स्वर्ण पदक महिला मुक्केबाजों द्वारा जीतने का जिक्र करते हुए राजनाथ ने कहा कि यह उपलब्धि भारत की बढ़ती नारी शक्ति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इससे महिलाएं खेल को आगे बढ़ाने और रक्षा बलों में शामिल होने के लिए और अधिक प्रेरित होंगी। उन्होंने खिलाड़ियों को आगामी एशियाई खेलों के लिए भी शुभकामनाएं दीं। सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ और सेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी यहां कर्तव्य भवन में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद थे। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नायब सूबेदार सर्वेश कुशारे ने ऊंची कूद में भारत के लिए राष्ट्रमंडल खेलों का पहला रजत पदक जीतकर भारतीय एथलेटिक्स में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। नायब सूबेदार गुलवीर सिंह ने भी इतिहास रचा। वह एक ही राष्ट्रमंडल खेल में एथलेटिक्स के दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। उन्होंने 10,000 मीटर में रजत और 5,000 मीटर में कांस्य पदक जीता।

जनगणना

ही दर्ज किया जाएगा। जाति के आधार पर गिनती करने का फैसला पिछले साल 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने लिया था। भारत के महापंजीयक की एक अधिसूचना में कहा गया है, जनगणना अधिनियम, 1948 (1948 का अधिनियम 37) की धारा 8 की उप-धारा (1) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, केंद्र सरकार निर्देश देती है कि जनगणना अधिकारी, अपने-अपने स्थानीय क्षेत्रों, जिनमें वे नियुक्त किए गए हैं, की सीमाओं के भीतर रहने वाले सभी लोगों से, नीचे बताई गई बातों के आधार पर, भारत की जनगणना 2027 के सिलसिले में घरों की अनुसूची (हाउसहोल्ड शेड्यूल) के जरिए जानकारी इकट्ठा करने के लिए सभी आवश्यक सवाल पूछ सकते हैं।

पनीर में मिलावट

आई। इसके अलावा कई स्थानों पर खाद्य पदार्थों का निर्माण अस्वास्थ्यकर और अस्वच्छ परिस्थितियों में होता पाया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने इकाइयों में मौजूद कच्चे माल, तैयार खाद्य पदार्थ और निर्माण प्रक्रिया की जांच की। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित खाद्य सामग्री को मौके पर नष्ट कराया गया और अपमिश्रकों को जब्त किया गया। विशेष अभियान के दौरान कुल 72 खाद्य नमूने एकत्र किए गए।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

भारत-श्रीलंका के बीच टेस्ट मैच आज से

स्पिनरों से भरी श्रीलंका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपने अभियान को पटरी पर लाने उतरेगा भारत

एजेंसी

गॉल। भारतीय बल्लेबाजों की शनिवार से यहां शुरू हो रही दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में स्पिन के खिलाफ कड़ी परीक्षा होगी और इस श्रृंखला का नतीजा मुख्य कोच गौतम गंभीर की देश के लाल गेंद क्रिकेट के प्रभारी के तौर पर भूमिका के लिए काफी अहम होगा। गंभीर के कार्यकाल में भारत सफेद गेंद (सीमित ओवरों का क्रिकेट) के क्रिकेट में लगभग अजेय टीम रहा है जिसका अंदाजा चैंपियंस ट्रॉफी, एशिया कप और टी20 विश्व कप में उसके खिताबी अभियान से लगाया जा सकता है। लेकिन टेस्ट क्रिकेट की तस्वीर काफी निराशाजनक है। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर क्लीन स्वीप ने भारत की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया है। लगातार मिली इन नाकामियों और इसके बाद सहयोगी स्टाफ के दो सहायक कोच तथा एक क्षेत्ररक्षण कोच के जाने से गंभीर और टीम के लिए तत्काल नई ऊर्जा के संचार की जरूरत महसूस होने लगी है। इसका यह मतलब नहीं है कि अगर श्रीलंका में भारत जीत हासिल नहीं कर पाता है तो गंभीर को तुरंत हटा दिया जाएगा लेकिन लाल गेंद के क्रिकेट में आगे की रणनीति को लेकर सत्ता के गलियारों में निश्चित रूप से चर्चा तेज होगी। हालांकि गॉल में खोई प्रतिष्ठा वापस हासिल करना किसी भी मेहमान टीम के लिए आसान काम नहीं है। अक्सर यहां पहुंचकर सपने टूटते रहे हैं। अगर यह बात महज अतिशयोक्ति लगे तो आंकड़े पर्याप्त हैं। श्रीलंका ने 1998 से यहां खेले गए 49 टेस्ट में से 27 में जीत दर्ज की है। उसकी इस बादशाहत में चतुर स्पिनरों की बड़ी भूमिका रही है। मुथैया मुरलीधरन और रंगना हेराथ के स्वर्णिम दौर से श्रीलंका काफी आगे निकल चुका है लेकिन

उसके पास अब भी प्रभात जयसूर्या और रमेश मेंडिस जैसे स्पिनर हैं, जिन्होंने गॉल को अपना किला बना रखा है। यह स्थिति मौजूदा भारतीय टीम के लिए अनुकूल नहीं है जिसके बल्लेबाज हाल के समय में मिचेल सैंटनर और साइमन हार्मर जैसे स्पिनरों के खिलाफ बुरी तरह संघर्ष करते नजर आए हैं। हालांकि, मौजूदा टीम में उस भारतीय टीम की झलक दिखती है जो 2017 में पिछली बार टेस्ट श्रृंखला खेलने श्रीलंका आई थी। विराट कोहली की अगुआई वाली उस टीम में कई ऐसे खिलाड़ी थे जो अपने करियर के मध्य चरण में थे। भारत ने उस दौरे पर 3-0 से श्रृंखला जीती थी जिसमें गॉल में मिली जीत भी शामिल थी। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम के दबदबे का दौर शुरू हुआ था। मौजूदा टीम भी युवा कप्तान शुभमन गिल की अगुआई में करियर के मध्य चरण में पहुंच चुके अनुभवी खिलाड़ियों और अपनी जगह पक्की करने को बेताब युवा खिलाड़ियों से भरी है। उसे भी ऐसी ही एक चिंगारी की जरूरत है जो शीर्ष पर वापसी के उसके सफर को गति दे सके। लेकिन इसके लिए भारत को स्पिन के इस जाल से निकलने के साथ-साथ कुछ खिलाड़ियों के खराब व्यक्तिगत दौर से बाहर निकलने की उम्मीद भी करनी होगी। खासकर ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल के लिए यह अहम समय है। जुरेल को सरफराज खान पर तरजीह मिल सकती है। इन दोनों का हालिया प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा है। मध्यक्रम के इन दोनों बल्लेबाजों के बल्ले से निकलने वाले रन और श्रीलंकाई स्पिनरों के खिलाफ उनका प्रदर्शन इस टेस्ट में बेहद महत्वपूर्ण होगा। भारत को शीर्ष तीन बल्लेबाजों लोकेश राहुल, यशस्वी जायसवाल और देवदत्त पडिक्कल से भी बड़ी पारियों की उम्मीद होगी। हालांकि गिल टीम की बल्लेबाजी के केंद्र में होंगे। पडिक्कल के पास साई सुदर्शन के पैर की अंगुली की चोट से वापसी करने पर भी नंबर तीन की जगह के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने का सुनहरा मौका है। भारतीय गेंदबाजों के लिए भी श्रीलंकाई पिचों पर अपनी लय हासिल करना उतना ही महत्वपूर्ण होगा। मेहमान टीम के यहां बाएं हाथ के तीन स्पिनरों कुलदीप यादव, मानव सुथार और रविंद्र जडेजा के साथ उतरने की उम्मीद है और इन सभी को सही लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी करनी होगी। गॉल की पिच के बेहद मुश्किल होने की उम्मीद नहीं है। मैच आगे बढ़ने के साथ इसमें स्वाभाविक टूट-फूट आने की संभावना है। ऐसे में गेंदबाजों के लिए अपनी क्षमता पर भरोसा रखते हुए सही लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करना महत्वपूर्ण होगा। यहां स्पिनर गेंदबाजी का अधिकांश भार संभालेंगे लेकिन मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और उनके साथ संभावित रूप से खेलने वाले प्रसिद्ध कृष्णा को अपने छोर को नियंत्रण में रखना होगा और जरूरत पड़ने पर महत्वपूर्ण सफलताएं दिलानी होंगी। वहीं श्रीलंका की कोशिश लंबे समय तक लाल गेंद के क्रिकेट से दूर रहने की कमी को पूरा करते हुए भारत को कड़ी चुनौती देने की होगी। मेजबान टीम ने जून-जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलने से पहले करीब एक साल तक कोई टेस्ट मैच नहीं खेला था। कप्तान धनंजय डिसिल्वा को कैरेबियाई टीम से कहीं मजबूत भारतीय टीम के खिलाफ अपने खिलाड़ियों को एकजुट रखना होगा। हालांकि टेस्ट क्रिकेट में अपना कुछ रुतबा गंवा चुका भारत भी कई मुश्किलों से जूझ रहा है और वह स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इन परेशानियों से बाहर निकलने की उम्मीद करेगा। मुश्किल दौर से गुजर रही दो टीमों के बीच मुकाबले ने अक्सर यादगार क्रिकेट को जन्म दिया है और इस श्रृंखल में भी ऐसा देखने को मिल सकता है।

टीम इस प्रकार हैं: भारत: शुभमन गिल (कप्तान), लोकेश राहुल, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बरार, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन, आकिब नबी और सरफराज खान।

श्रीलंका: धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), लाहिरू उदारा, निशान मदुश्का, कामिंदु मेंडिस, दिनेश चांदीमल, पासिंदु सूरियाबंडारा, सोनल दिनूषा, निरोशन डिकवेला, रमेश मेंडिस, प्रभात जयसूर्या, केशारा नुवंथा, मिलन रत्नायके, असिथ फर्नांडो, लाहिरू कुमारा, विश्व फर्नांडो और दिलशान मदुशंका।

मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा।

संभवतः मेरा आखिरी विश्व कप, यादगार बनाने की कोशिश करूंगा : मनप्रीत सिंह

एजेंसी

एम्स्टेलवीन। अपने संभावतः आखिरी हॉकी विश्व कप अभियान की तैयारी कर रहे अनुभवी भारतीय मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने कहा कि वह इसे यादगार बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भारत को 51 साल बाद पहली बार विश्व कप खिताब दिलाने में अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं। दो बार ओलंपिक पदक विजेता टीम के सदस्य रहे मनप्रीत चौथे विश्व कप में खेलेंगे।

उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट उनके लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत 1975 की अपनी एकमात्र खिताबी सफलता में एक और विश्व कप जीत जोड़ने की कोशिश कर रहा है। मनप्रीत ने जियोस्टार से कहा, यह विश्व कप मेरे लिए बहुत मायने रखता है क्योंकि यह मेरा चौथा विश्व कप है। हमने लगातार दो ओलंपिक पदक जीते हैं लेकिन विश्व कप का पदक अब भी नहीं है। हर खिलाड़ी दोनों पदक जीतने का सपना देखता है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह आखिरी विश्व कप हो सकता है इसलिए मैं इसी सोच के साथ इसमें उतर रहा हूं। मैं वह हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हूं जो हम अब तक नहीं कर सके हैं। हमें भावनात्मक रूप से संतुलित रहना होगा, अपनी भूमिकाओं पर कायम रहना होगा और अनुशासन के साथ खेलना होगा। यही हमें जीत का सबसे अच्छा मौका देगा। बेल्जियम और नीदरलैंड 15 से 30 अगस्त तक इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे। मनप्रीत ने कहा कि टीम में खिताब जीतने के लिए अनुभव और प्रतिभा दोनों हैं। हमने अच्छी

तैयारी की है और हमारा आत्मविश्वास उंचा है। हमने ओलंपिक पदक जीते हैं और अब विश्व कप में भी खिताब जीतने का समय है। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि हम विश्व कप के फाइनल में पहुंचेंगे। टीम पूरे विश्वास के साथ खेल रही है और हर प्रशिक्षण सत्र में शत प्रतिशत दे रही है। भारत को पूल डी में वेल्स, इंग्लैंड और पाकिस्तान के साथ रखा गया है। वह शनिवार को वेल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। मनप्रीत ने यह भी कहा कि भारत चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान सहित अपने प्रतिद्वंद्वियों की प्रतिष्ठा से प्रभावित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम चाहे पाकिस्तान के खिलाफ खेलें या किसी अन्य टीम के, हम अपनी रणनीति पर कायम रहते हैं। हम प्रतिद्वंद्वी के नाम या उसकी प्रतिष्ठा में नहीं उलझते। मनप्रीत ने कहा कि हॉकी टीम खेल है और अगर कोई एक खिलाड़ी अकेले सब कुछ करने की कोशिश करता है तो इससे टीम को नुकसान हो सकता है। हमें एक-दूसरे पर भरोसा करना होगा और एक इकाई के रूप में खेलना होगा।

कप्तानी में सहज हूं, टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है, कप्तानी के एक साल पूरे होने पर गिल

गॉल। भारत के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि भलेहीं उनकी कप्तानी में टीम अभी तक कोई ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाई है, लेकिन वह इस भूमिका में पूरी तरह सहज हैं और उन्हें विश्वास है कि टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। गिल की कप्तानी में पहली टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही। इसके बाद भारत घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका से सीरीज हार गया, हालांकि गर्दन की चोट के कारण गिल उस सीरीज के बड़े हिस्से में नहीं खेल सके।

चोट के कारण जेमिमा रोड्रिग्स एशिया कप और एशियाई खेलों से बाहर

नयी दिल्ली। भारत की महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण आगामी महिला एशिया कप और एशियाई खेलों से बाहर हो गई हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि 25 वर्षीय जेमिमा को इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड में द हंड्रेड टूर्नामेंट के दौरान दाहिने पैर की मांसपेशियों में चोट लगी थी। बोर्ड के अनुसार बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मेडिकल टीम द्वारा जांच के बाद उनके पैर में हाई-ग्रेड टियर की पुष्टि हुई है। महिलाओं की चयन समिति ने प्रतिका रावल को जेमिमा के स्थान पर महिला एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया है जिसका आयोजन 28 अगस्त से 13 सितंबर तक दुबई में किया जायेगा। बीसीसीआई ने कहा कि जेमिमा रोड्रिग्स को तीन अगस्त को इंग्लैंड में द हंड्रेड खेलते समय दांए पैर की हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मेडिकल टीम द्वारा किए गए परीक्षण में हाई-ग्रेड टियर की पुष्टि हुई।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संदेश

स्वतंत्रता दिवस हमें उन वीर सपूतों के त्याग, संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने राष्ट्र की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आइए, इस पावन अवसर पर हम सभी देश की एकता, अखंडता और संविधान के मूल्यों की रक्षा करते हुए विकसित एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लें।

जय हिन्द। वन्दे मातरम।

रज्जन तिवारी
बीघापुर तहसील संवाददाता
दैनिक वॉयस ऑफ लखनऊ

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पूनम सिंह प्रधान/प्रशासक
राघवेंद्र सिंह प्रतिनिधि
ग्राम पोरई विकासखंड सुमेरपुर, उन्नाव

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अंकुर तिवारी
समाजसेवी
बिहार, उन्नाव

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

समरेंद्र बहादुर सिंह
श्याम राजकुंवारि जगन्नाथ सिंह सनातन धर्म कन्या इण्टर कालेज
भगवंत नगर उन्नाव

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अतुल सिंह
एडवोकेट
तहसील बीघापुर उन्नाव

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



स्व. वीरभान यादव | विवेक यादव मिन्टू
कोटवर सरैया बिहार, उन्नाव

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शोभा ग्राम प्रधान/प्रशासक | गुड्डू यादव
ग्राम कुतुबपुर सुमेरपुर उन्नाव

80वें स्वतंत्रता दिवस की सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

प्रेम अग्रवाल
समाज सेवक
तिकुनिया खीरी

80वें स्वतंत्रता दिवस की सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

पुरषोत्तम गर्ग-अध्यक्ष
आशीष अग्रवाल-प्रबंधक
विजय गर्ग-कोषाध्यक्ष
बचन लाल-प्रधानाचार्य
समस्त सदस्य गण महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज, तिकुनियां खीरी

समस्त ग्रामवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस व कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

मनोज वर्मा
(प्रधान प्रतिनिधि)
ग्राम पंचायत- भटपुरा,
विकास खंड- कूरेभार
जनपद- सुलतानपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रहीस अहमद शरीफ अहमद
ऑटो मोटर वर्कशॉप
बिहार-बक्सर रोड, मनिकापुर उन्नाव

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विश्व नरायण प्रधान/प्रशासक
राजाबाबू प्रतिनिधि
कुंदनपुर बिहार, विकासखंड सुमेरपुर, उन्नाव

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

फूलमती यादव प्रधान/प्रशासक
राकेश यादव प्रधानपति
ग्राम रामपुर बसंतखेडा विकासखंड सुमेरपुर, उन्नाव

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ओमवती यादव प्रधान/प्रशासक
ओमप्रकाश यादव प्रधानपति
ग्राम आकमपुर तहसील बीघापुर विकासखंड सुमेरपुर, उन्नाव

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुशील कुमार शुक्ला
समाजसेवी
विकासखण्ड सुमेरपुर, उन्नाव

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कल्लू लोधी प्रधान/प्रशासक
सुखेंद्र कुमार लोधी प्रतिनिधि
ग्राम सिरियापुर विकासखंड सुमेरपुर, उन्नाव

80वें स्वतंत्रता दिवस की सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

सेठ सेवाराम गुप्ता किराना स्टोर एंड सेठ राजेश गुप्ता ज्वेलर्स/(टीवीएस एजेंसी)

प्रो. राजेश कुमार गुप्ता
पता-उचौलिया लखीमपुर (खीरी)

80वें स्वतंत्रता दिवस की सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. अश्वनी कुमार वर्मा
सीएचसी अधीक्षक
पसगवां (खीरी)

80वें स्वतंत्रता दिवस की सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

प्रशांत सिंह-प्रधान
ग्राम पंचायत अल्लीपुर
विकास खंड पसगवां (खीरी)

80वें स्वतंत्रता दिवस की सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

संजीव कुमार भारती
खंड शिक्षा अधिकारी पसगवां
जनपद लखीमपुर (खीरी)

80वें स्वतंत्रता दिवस की सभी क्षेत्र एवं जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

कृष्ण सिंह उर्फ बाबू भैया
मिश्रा गुट-नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष
तिकुनिया खीरी

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस व कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

मिर्जा अल्ताब बेग
(प्रबंधक)
चाचा नेहरू इंटरमीडिएट कॉलेज मीरा मानिकपुर
शिक्षा क्षेत्र-कूरेभार,
जनपद- सुलतानपुर

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

बजरंगी प्रसाद यादव
(प्रबंधक)
श्री कृष्णा इंटरमीडिएट कॉलेज, सैदखानपुर
शिक्षा क्षेत्र-कूरेभार
जनपद सुलतानपुर।
मोबाइल नंबर- 8127640993

समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रमेश वर्मा
(प्रबन्धक)
राज इंटर मीडिएट कालेज
पूरेसागर पुरखीपुर, शिक्षा क्षेत्र-कूरेभार
जनपद-सुलतानपुर

समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दिनेश उपाध्याय
जिलाध्यक्ष
उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सुल्तानपुर

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रवि शंकर गुप्ता
(ग्राम पंचायत अधिकारी)
विकासखण्ड- कूरेभार,
जनपद-सुलतानपुर

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दिवाकर बिक्रम सिंह
(अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी)
विकासखण्ड- कूरेभार,
जनपद-सुलतानपुर

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस व कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

मनोज प्रभाकर सिंह
(प्रधानाध्यापक)
प्राथमिक विद्यालय रामदासपुर, विकास खंड- कूरेभार
जिला मीडिया प्रभारी, अटेवा एआरपी, कूरेभार।
जनपद- सुलतानपुर

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस व कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

पवन सिंह 'बनमई'
(विधायक प्रतिनिधि)
188 विधानसभा,
सुलतानपुर

समस्त ग्रामवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस व कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

फूलचंद
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत- पखनपुर,
विकासखंड-कूरेभार
जनपद- सुलतानपुर

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की ढेर सारी हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

ऋषभ पटेल
(अवर अभियंता)
विकासखण्ड- कूरेभार,
जनपद-सुलतानपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संविधान के मूल्यों न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के साथ एक स्वस्थ व सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प लें

मंगला फार्मास्युटिकल्स
पुराना अस्पताल रोड, बड़ा चौराहा, उन्नाव

अंग्रेजी दवाओं के थोक एवं फुटकर विक्रेता
प्रो. धन्वन्तरि देव गुप्ता



संदेश

समस्त पाठकों, विज्ञापन दाताओं व क्षेत्रवासियों को वॉयस ऑफ लखनऊ टीम की ओर से स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

मन्दीप कुमार वर्मा — प्रभारी
रामकुमार कश्यप — संवाददाता (पिपरिया धनी, खीरी)

कार्यालय- वॉयस ऑफ लखनऊ, खुटार रोड-गोला गोकर्णनाथ खीरी, मो0 9839208078

समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रीति अत्री — प्रधानाध्यापिका
शिवानी — शिक्षामित्र
शशांक सिंह — खंड शिक्षा अधिकारी

प्राथमिक विद्यालय दयानतपुर
वि0क्षे. मोहम्मदी जनपद लखीमपुर खीरी।

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सीतावती — प्रधान
सीताराम — प्रधानपति
सत्यपाल — प्रधान प्रतिनिधि

ग्राम मौठीखेड़ा, न्याय पंचायत पिपरिया कप्तान
तहसील मोहम्मदी जनपद- जिला लखीमपुर खीरी

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभ कामनाएं

शकुंतला देवी — (दोस्तपुर नगर पंचायत अध्यक्षा)
रमेश सोनकर — (अध्यक्ष प्रतिनिधि)

नगर पंचायत दोस्तपुर
भावी विधानसभा प्रत्याशी समाजवादी पार्टी
कादीपुर 191, जनपद- सुलतानपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश कुमार — प्रधान
अश्वनी कुमार सिंह — ख.वि. अधिकारी

ग्राम भुडिया न्याय पंचायत मूड़ागलिब
तहसील: मोहम्मदी, जनपद-लखीमपुर खीरी

समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रवीन कुमार सिंह — प्रधानाचार्य
जोगराज सिंह — प्रधान/प्रबंधक

सनराइज पब्लिक स्कूल मूड़ागलिब
तहसील मोहम्मदी जनपद-लखीमपुर खीरी।

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जमीला बेगम — प्रधान
मंशीउल्ला खान — प्रधान पति

ग्राम करौंदा, न्याय पंचायत पिपरिया कप्तान
तहसील मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी।

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ललित ईंट उद्योग
मजबूती और गुणवत्ता का भरोसा

परविन्दर सिंह — 9984623840
सुरेन्द्र सिंह — 9519652581

पता -अम्बरपुर डाटपुर ग्रन्ट- गोला लखीमपुर खीरी।

समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राजीव कुमार विमल — प्रधानाध्यापक
शशांक सिंह — खंड शिक्षा अधिकारी

उ0 प्रा0 विद्यालय नंदापुर
वि0 क्षे0 - मोहम्मदी, जनपद- लखीमपुर, खीरी।

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

निजामुद्दीन गाजी — प्रधान
शमशाद गाजी — प्रधान प्रतीनिधि
अश्वनी कुमार सिंह — खण्ड विकास अधिकारी

ग्राम बरखेरा, न्याय पंचायत मूड़ागलिब
तहसील मोहम्मदी जनपद- लखीमपुर खीरी

समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं को स्वतन्त्रा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्राथमिक विद्यालय जलालपुर,वि.क्षे. बांकेगंज खीरी।

- बच्चों के बैठने की उचित व्यवस्था।
- हवा व रोशनीदार कमरे।
- प्रशिक्षित शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षण कार्य।
- किताबें, बर्क बुक व अन्य सुविधाएं।
- यूनीफार्म, गर्म पका पकाया भोजन।
- उर्दू शिक्षा की उचित व्यवस्था।

बच्चों को विद्यालय भेजने की जिम्मेदारी आपकी, अच्छी शिक्षा की गारन्टी हमारी

अशफाक हुसैन अंसारी
प्रधानाध्यापक
एवं समस्त स्टाफ

समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नरेन्द्र सिंह यादव — प्रधानाध्यापक
शशांक सिंह — खंड शिक्षा अधिकारी

उच्च प्राथमिक विद्यालय पडरिया विकास क्षेत्र.- मोहम्मदी
जनपद- लखीमपुर,खीरी।

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अमरजीत सिंह लाडी — प्रधानपति
कुलवीर कौर — प्रधान
सौरभ प्रकाश सिंह — सचिव

ग्राम पंचायत कोरिगवा, न्याय पंचायत पिपरिया कप्तान
तहसील मोहम्मदी जनपद- लखीमपुर खीरी।

समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

वीरेन्द्र कुमार — (प्रभारी प्रधानाध्यापक)
राकेश कुमार — खण्ड शिक्षा अधिकारी

उच्च प्राथमिक विद्यालय अलीगंज
वि0क्षे0 बांकेगज जनपद- लखीमपुर (खीरी)

समस्त अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आशीष कुमार सिंह
प्रधानाचार्य/प्रबन्धक
मां गायत्री पब्लिक स्कूल
परासन जनपद- लखीमपुर,खीरी।

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नरेंद्र कुमार — प्रधान
अश्वनी कुमार सिंह — खंड शिक्षा अधिकारी

ग्राम पंचायत पोखनापुर, न्याय पंचायत मूड़ागलिब
तहसील मोहम्मदी जनपद- लखीमपुर खीरी।



समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुनील कुमार — इन्चार्ज प्र0 अ0, उच्च प्राथमिक वि0 बांकेगंज, ब्लॉक नोडल बालिका शिक्षा
अर्चना वर्मा — इन्चार्ज प्रधानाध्यापिका, पूर्व मा0 विद्यालय संसारपुर, वि0क्षे0 बांकेगंज-खीरी

समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संविलियन विद्यालय रेहरिया वि.क्षे. मोहम्मदी जिला (खीरी)

नीलम राज — प्रधानाध्यापिका
जबीउल्ला खां — स0अ0
शशांक सिंह — खंड शिक्षा अधिकारी

संविलियन विद्यालय रेहरिया विकास खण्ड- मोहम्मदी
जनपद- लखीमपुर,खीरी।

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जुबेदा — प्रधान
जुल्फिकार — प्रधानपति

ग्राम पंचायत देवरिया, न्याय पंचायत अमीननगर
ब्लाक कुंभी जनपद: लखीमपुर खीरी।

समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अनिल कुमार — प्रधानाध्यापक
कविता कश्यप — सहायक अध्यापक
शशांक सिंह — खंड शिक्षा अधिकारी

उच्च प्राथमिक विद्यालय रायपुर , विकास खण्ड- मोहम्मदी
जनपद- लखीमपुर,खीरी।

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अमरजीत कौर — पूर्व प्रधान
सरनजीत सिंह — प्रधानपुत्र
कुलविन्दर सिंह — पूर्व प्रधान

निवास: ग्राम शिवपुरी, खीरी

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गुरुपाल सिंह — प्रधान
रामप्रताप वर्मा — सचिव
शशांक सिंह — खंड शिक्षा अधिकार

ग्राम बंजरिया न्याय पंचायत मूड़ागलिब तहसील मोहम्मदी, जनपद- लखीमपुर खीरी।

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सरिता देवी — प्रधान
सुदेश कुमार — प्रधानपति

ग्राम पंचायत ग्रंट साहबगंज शिवपुरी, न्याय पंचायत मूड़ागलिब, ब्लाक मोहम्मदी खीरी।

15 अगस्त 2026
स्वतंत्रता दिवस
हर घर तिरंगा, हर दिल भारत।
नमन उन वीरों को, जिनके बलिदान से मिला हमें स्वाधीनता का मान

!! भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद !!
मछलीशहर की देवतुल्य जनता को
स्वतंत्रता दिवस, नाग पंचमी
रक्षा बंधन, कृष्ण जन्माष्टमी
की
हार्दिक शुभकामनायें
आपका साथ क्षेत्र का विकास
मिशन 2027
धर्मेन्द्र सरोज D.K. Saroj
भावी प्रत्याशी, विधान सभा 369 मछलीशहर

सभी देश वासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
श्रीमती रामवती चौधरी
पूर्व अध्यक्षा
नगर पालिका परिषद, टूंडला
हरीश चौधरी
प्रतिनिधि
चौ. भंवर सिंह
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, टूंडला

स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
होटल जे.एस.
रॉयल गार्डन के सामने
स्टेशन रोड, टूंडला
प्रो. दिनेश कुमार

15
स्वतंत्रता दिवस
डॉ. दिनेश कुमार पटेल
जिलाध्यक्ष चिकित्सा मंच अपना दल (एस)
डायरेक्टर -अपोलो जे.एन.पी. हॉस्पिटल
डॉ सरोजा पटेल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
चुंगी चौराहा, मछलीशहर, जौनपुर

सभी देश वासियों को
80वें स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. सुदीप चौधरी
मो.9758732161
किसान ट्रैक्टर्स
NEW HOLLAND AGRICULTURE
मधुबन सिटी एटा रोड टूंडला

सभी देश वासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
प्रो. गणेश चौधरी
मो. 97196 98694
चौधरी ट्रैक्टर्स
गुलाब वाटिका, फिरोजाबाद रोड, टूंडला

समस्त देशवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई
80 वॉं स्वतंत्रता दिवस की बधाई
राम सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन
नगला सिकंदर, एटा रोड, टूंडला (फिरोजाबाद)

भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद...
स्मृति शेष चन्द्रशेखर शुक्ल
आप सभी क्षेत्रवासियों एवं प्रदेशवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस, नागपंचमी
रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रभाकर चन्द्रशेखर शुक्ल
'रिंकू भइया'
राष्ट्रीय अध्यक्ष- लोकाधिकार सेवा समिति
राहुल चन्द्रशेखर शुक्ल
ब्लाक प्रमुख, जयसिंहपुर
मो0 7666426565

समस्त देश वासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई
80 वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई
संजीव चार्ल्स
प्रधानाचार्य
एम.एस सीनियर सेकेंडरी स्कूल
बसई मार्ग, फिरोजाबाद रोड, टूंडला (फिरोजाबाद)

एफ.एच. परिवार की तरफ से आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
15 August स्वतंत्रता दिवस
एफ.एच. हॉस्पिटल
एत्मादपुर रेलवे पुल के पास, एन.एच.-2, टूण्डला
जनरल वार्ड में सभी भर्ती मरीजों की
निःशुल्क जांच व ऑपरेशन
आयुष्मान कार्ड धारक
हेतु सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज
दवाओं सहित निःशुल्क
किया जाता है
फ्री बस सेवा एवं भोजन
हेल्पलाइन : 9105344072
हेल्पलाइन : 7055630630 | 8194047777

सभी देश वासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस
व
रक्षाबंधन
की हार्दिक
शुभकामनाएं और बधाई
ठाकुर रघु धाकरे
जिला अध्यक्ष फिरोजाबाद
श्री राजपूत करणी सेना
अध्यक्ष श्री श्याम प्रेमी परिवार टूंडला
टूंडला जन सेवार्थ मेडिकल

स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
मेरे प्यारे देशवासियों,
आजादी केवल हमारा अधिकार नहीं, बल्कि इसे सुरक्षित रखने और राष्ट्र को निरंतर प्रगति के पथ पर ले जाने का हमारा पवित्र कर्तव्य भी है।
आइए, इस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हम संकल्प लें कि जाति, धर्म और भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता, महिला सम्मान, युवा शक्ति और जनसेवा को अपना सर्वोच्च ध्येय बनाएँगे।
हमारा भारत एक ऐसा राष्ट्र बने, जहाँ हर नागरिक को सम्मान, अवसर और न्याय मिले तथा तिरंगा सदैव गर्व और गौरव के साथ ऊँचा लहराता रहे।
आइए, मिलकर एक सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर और गौरवशाली भारत के निर्माण का संकल्प लें।
जय हिंद! जय भारत!
सी.एस. पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह
(राष्ट्र सेवक)
166 भगवंतनगर विधानसभा
रज्जन तिवारी | तहसील संवाददाता बीघापुर
दैनिक वॉयस ऑफ लखनऊ

IDEAL BULLDOZER
INS AUTOMOBILES PVT. LTD.
Driving Change. Powering Tomorrow
We built Ideal Bulldozer to be a catalyst in the global shift towards electric vehicles, in the process, hoping to reduce the carbon emissions footprint that plagues our transportation industry worldwide.
With a mission to reduce the emissions that contribute to climate change, improve public health and reduce ecological damage, we aim at building a commercially viable forum, especially for the lower strata of our society hence aiming at making affordable Electric Vehicles.
With several years of experience in natural energy resources, INS AUTOMOBILES PVT LTD hopes to pave a lucrative way for its dealers and ultimately its end customers with a promise to support and guide them throughout their journey with IDEAL BULLDOZER.
Zero Emissions
Clean Tomorrow
Sustainable Future
Powering Change
OUR PRODUCT RANGE
EXPO
INS AUTOMOBILES PVT LTD
Co Powered Partner
Cordially invites you to visit
24th EVEXPO DELHI 2026
MEET US AT
STALL NO D-3
DATE 23rd-25th DECEMBER
VENUE HALL NO 3 | 4 | 5 BHARAT MANDAPAM NEW DELHI- 110001 (INDIA)
Our Vision
We recognize the struggles of the underprivileged and are dedicated to empowering them with affordable, high-quality e-rickshaws that enhance their livelihoods. Our competitive pricing ensures they enjoy a wider income margin, paving the way for a brighter future.
Our Mission
Committed to excellence in e-rickshaw technology.
Passionate about providing exceptional customer experiences.
Dedicated to uplifting the lives of those who need it most.
INS AUTOMOBILES PVT. LTD.
info@insautomobilespvtltd.com www.insautomobilespvtltd.com
Head Office & Factory
241 Kurauli Faizabad Lucknow Highway, Barabanki UP
Corporate Office (1st)
409 Roadways Civil Line Azamgarh UP
Corporate office (2nd)
A 202 Shri Balaji Tower Anora Kala Chinhat Lucknow
Satyen Kumar
(M.D. & Chairman)
+91-9305715825
Nitin Kumar
(Director)
+91-9305715827